बैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 14 मई 2024
वर्ष 5, अंक 177, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारी बर्फबारी बन सकती है भूकंप का कारण 16

वेब सीरीज स्टारडम में नजर आएंगे शाहरुख 15

# भाजपा नेता सुशील मोदी का निधन

पटना, एजेंसी



- छह माह से कैंसर से थे पीड़ित, 13 साल बिहार के डिप्टी सीएम रहे

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का सोमवार रात निधन हो गया। सुशील मोदी कैंसर से पीड़ित थे। भाजपा की बिहार इकाई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी के निधन की खबर से भाजपा परिवार अत्यंत दुखी है।

मोदी ने खुद 3 अप्रैल को सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर बताया था कि वह पिछले 6 माह से कैंसर से संघर्ष कर रहे हैं । उन्होंने लिखा था कि अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है । लोकसभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊँगा। भाजपा के राज्यसभा सदस्य मोदी के आप्त सचिव शैलेंद्र कुमार ओझा ने बताया कि मोदी के शव को पटना ले जाया जाएगा और वहीं उनका गंगा नदी के किनारे अंतिम संस्कार होगा। 5 जनवरी 1952 को पटना में जन्मे सुशील कुमार मोदी साढ़े तीन दशक से बिहार की राजनीति पर छाए रहे और विधानसभा, विधान परिषद , लोकसभा और राज्यसभा यानी चारों सदनों का प्रतिनिधित्व किया। वे करीब 13 वर्षों तक बिहार के उपमुख्यमंत्री भी रहे।

### प्रधानमंत्री सहित कई नेताओं ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और कई दिग्गज नेताओं ने सुशील कुमार मोदी के निधन पर शोक जताया। मोदी ने कहा है कि पार्टी में अपने मूल्यवान सहयोगी और दशकों से मेरे मित्र रहे सुशील मोदी जी के असामयिक निधन से अत्यंत दुख हुआ है।

10वीं में 93.60 और 12वीं में 87.98 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण, सर्वोच्च स्थान पाने वाले छात्रों को मिलेगा मेरिट प्रमाणपत्र

# सीबीएसई के नतीजे घोषित : शिखर पर फिर छात्राएं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में लड़कियों ने परचम लहराया। सोमवार घोषित किए गए नतीजों के अनुसार 10वीं की परीक्षा में 94.75 प्रतिशत छात्राएं जबकि 12वीं की परीक्षा में 91.52 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं, 12वीं में 85.12 प्रतिशत और 10वीं में 92.72 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं।

बोर्ड ने पहले 12वीं के नतीजे घोषित किए और उसके करीब एक घंटे बाद 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम भी जारी कर दिए। इस बार 12वीं कक्षा की परीक्षा में जहां 87.98 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं 10वीं की परीक्षा में 93.60 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। इस बार सीबीएसई सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेरिट प्रमाण पत्र जारी करेगा। ऐसे छात्रों को उनका सीबीएसई मेरिट सर्टिफिकेट उनके डिजिलॉकर अकाउंट में मिल जाएगा।



रिजल्ट आने पर बरेली के जीआरएम स्कूल में खुशी मनातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में कुल 22,38,827 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए हैं। सफल विद्यार्थियों का प्रतिशत 93.60 रहा है, जो पिछले साल से 0.48 प्रतिशत अधिक है। वहीं, इस बार 12वीं में 87.98 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल 0.65 प्रतिशत अधिक सफल हुए हैं। लड़कों की तुलना में लड़कियों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 6.40 प्रतिशत अधिक है। 12वीं में 99.91 प्रतिशत के साथ त्रिवेन्द्रम एक बार फिर सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र बना है। वहीं, प्रयागराज का परिणाम 78.25 प्रतिशत के साथ सबसे निचले पायदान पर रहा है। 10वीं कक्षा में भी त्रिवेंद्रम रीजन का नतीजा 99.75 प्रतिशत के साथ सर्वश्रेष्ठ रहा है।

### पूरक परीक्षा 15 जुलाई से शुरू होंगी

सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की पूरक परीक्षा 15 जुलाई को शुरू होंगी। बोर्ड के अधिकारियों ने सोमवार को यह घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि इस साल 10वीं कक्षा में 1.32 लाख विद्यार्थियों को और 12वीं कक्षा में 1.22 लाख विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा की श्रेणी में रखा गया है।



SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

चौथा चरण : प्रदेश में लोकसभा की 13 सीटों पर हुई 58.09 प्रतिशत वोटिंग

# शाहजहांपुर में 53.34% मतदान

- खीरी में सबसे ज्यादा 64.73, कानपुर में सबसे कम 53.06 प्रतिशत वोटिंग
- शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा सीट पर 58.66 प्रतिशत मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में चौथे चरण की 13 सीटों पर शाम छह बजे तक औसत 58.09 प्रतिशत मतदान हुआ। खीरी में सबसे ज्यादा 64.73 प्रतिशत व कानपुर में सबसे कम 53.06 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा सीट पर 58.66 प्रतिशत मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम छह बजे तक शाहजहांपुर (अजा) सीट पर 53.34 प्रतिशत, धौरहरा में 64.45 प्रतिशत, सीतापुर में 61.91 प्रतिशत, हरदोई (अजा) में 57.57 प्रतिशत, मिश्रिख (अजा) में 55.79 प्रतिशत, उन्नाव में 55.44 प्रतिशत, फर्रुखाबाद में 58.97 प्रतिशत, इटावा (अजा) में 56.38 प्रतिशत, कन्नौज में 61 प्रतिशत, अकबरपुर में 57.66 प्रतिशत व बहराइच (अजा) में 57.45 प्रतिशत मतदान हुआ।

उन्होंने बताया कि मतदान की प्रक्रिया को स्वतंत्र व निष्पक्ष रखे जाने व प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए कुल 14,126 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया गया। इसके अलावा 5420 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई थी।

**दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद** इस चरण में कई दिग्गज नेताओं समेत 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जबकि शाहजहांपुर की ददरौल सीट पर 10 प्रत्याशी मैदान में रहे। दिग्गज प्रत्याशियों में कन्नौज सीट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव, खीरी से केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी, भाजपा सांसद साक्षी महाराज, सपा से अन्नू टंडन आदि शामिल हैं।



शाहजहांपुर में एक बूथ पर मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाता। ● अमृत विचार

### ईवीएम खराब होने और फर्जी मतदान की आईं 150 शिकायतें

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी सीटों पर 150 शिकायतें मिलीं। इनमें ईवीएम खराब होने, फर्जी मतदान होने आदि शामिल हैं। जांच कराने पर शिकायतें सही नहीं पाई गईं। सबसे ज्यादा शिकायतें कन्नौज व सबसे कम खीरी से दर्ज हुईं। मॉक पोल के दौरान कुल 131 बैलेट यूनिट, 210 कंट्रोल यूनिट व 286 वीवीपैट बदले गए व मतदान शुरू होने के बाद शाम छह बजे तक कुल 53 बैलेट यूनिट, 53 कंट्रोल यूनिट व 201 वीवीपैट बदले गए

### 10 राज्यों की 96 सीटों पर 67.25% वोटिंग

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को हुए मतदान में पिछले चरणों की तुलना में तेजी दिखी और 10 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेश की 96 सीटों पर 67 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के रात पौने 12 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार 67 .25 प्रतिशत मतदान हुआ जो 2019 के संसदीय चुनावों में इस चरण की तुलना में 1 .74 प्रतिशत अधिक है। आयोग ने कहा कि आंकड़ों को अद्यतन किया जा रहा है। चौथे चरण के बाद 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 379 सीट पर अब तक मतदान पूरा हो चुका है। चौथे चरण के मतदान में आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुईं। चौथे चरण में तेलंगाना की 17, आंध्र प्रदेश की 25, उत्तर प्रदेश की 13, बिहार की पांच, झारखंड की चार, मध्य प्रदेश की आठ, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की चार, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 78 .44 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद आंध्र प्रदेश में 78 .25 प्रतिशत और ओडिशा में 73 .97 प्रतिशत मतदान हुआ। संविधान का अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद घाटी में पहले लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र में 37 .98 प्रतिशत मतदान हुआ और निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह दशकों में सबसे अधिक मतदान है।

# स्वाति मालीवाल से दिल्ली के सीएम हाउस में अभद्रता

केजरीवाल के निजी स्टाफ पर लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी



- फोन पर सूचना के बाद थाने पर की मौखिक शिकायत

दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी स्टाफ के एक सदस्य द्वारा उन पर हमला किए जाने का आरोप लगाया। मालीवाल सोमवार को सिविल लाइंस थाने पहुंचीं और यह आरोप लगाया। पुलिस को अब तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास और (आप) की ओर से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एमके. मीणा ने बताया कि सुबह 9:34 बजे पुलिस को पीसीआर कॉल आया जिसमें महिला ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में उनपर हमला हुआ है। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद सांसद थाने आईं। वह यह कहकर लौट गईं कि शिकायत बाद में करेंगी। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि फोन कॉल मालीवाल के मोबाइल फोन से आया था और वह स्वयं बात कर रही थीं।

### भाजपा ने की प्रकरण की जांच की मांग


भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अगर ऐसी घटना किसी भी महिला के साथ होती है तो उसे न्याय मिलना चाहिए।

**जांच को टीम भेजेगा राष्ट्रीय महिला आयोग :** राष्ट्रीय महिला आयोग स्वाति मालीवाल पर हमले की जांच के लिए एक टीम भेजेगा। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि वह इस मामले में कार्रवाई रिपोर्ट भेजने के लिए दिल्ली पुलिस को पत्र भी भेजेगा।

## केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि ऐसी मांग करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। पीठ कहा कि कानूनी अधिकार क्या है? अगर दिल्ली के उपराज्यपाल चाहते हैं तो उन्हें कार्रवाई करने दें, लेकिन वह इस मामले में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं है।

# फूलों की बारिश के बीच मोदी का भव्य रोड शो



**लखनऊ/वाराणसी।** मानो कोई भव्य बरात हो और उसमें अधिकांश काशीवासी शामिल हों। बुजुर्ग, युवा, महिलाओं और बच्चों का उत्साह देखते बना। मौका था नामांकन से पहले सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य रोड शो का। रोड शो में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। फूलों की बारिश के बीच मोदी खुले वाहन में सवार होकर वाराणसी की सड़कों पर निकले और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। प्रधानमंत्री के साथ वाहन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रहे। हर तरफ शंख और शहनाई गूंज रही थी।

### वाराणसी में प्रधानमंत्री आज करेंगे नामांकन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को वाराणसी संसदीय सीट से तीसरी बार नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत 12 राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। एनडीए के प्रमुख घटक दलों के नेताओं समेत अन्य केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। सुबह करीब 9 बजे मोदी दशाश्वमेध घाट पर गंगा को नमन करेंगे फिर उनका क्रूज़ से नमो घाट तक जाना भी प्रस्तावित है। यहां से काल भैरव मंदिर जाएंगे फिर वहां से नामांकन करने कलेक्ट्रेट जाएंगे।

## भाजपा प्रत्याशी माधवी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

- मुस्लिम महिलाओं का नकाब हटाकर चेहरा दिखाने का आरोप

**हैदराबाद।** हैदराबाद लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार माधवी लता का सोमवार को एक वीडियो सामने आया जिसमें वह बुर्का पहनी महिला मतदाताओं से कथित रूप से नकाब हटाने और चेहरा दिखाने को कहती दिख रही हैं ताकि पहचान पत्र से उनके चेहरे का मिलान किया जा सके। यह वीडियो सामने आने के बाद निर्वाचन अधिकारियों ने लता के खिलाफ एक मामला दर्ज किया।

# मुंबई में होर्डिंग गिरने से 8 की मौत

- 70 से अधिक घायल, पेड़ की डाल के नीचे दबने से एक अन्य व्यक्ति की मौत

मुंबई, एजेंसी

मुंबई में सोमवार को वर्षाजनित हादसों में नौ लोगों की मौत हो गई और 70 से अधिक लोग घायल हो गए। मुंबई के घाटकोपर इलाके में धूल भरी आंधी और बारिश के दौरान एक पेट्रोल पंप पर लगा 100 फुट लंबा होर्डिंग गिर गया वहीं वडाला इलाके में निर्माणाधीन 'मेटल पार्किंग टावर' सड़क पर गिर गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि होर्डिंग के नीचे से अब तक 78 लोगों को निकाला गया है, जिनमें से आठ को मृत घोषित कर दिया गया है और 70 अन्य घायल हैं।



मुंबई में गिरे होर्डिंग के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालती एनडीआरएफ की टीम।

बांद्रा में पेड़ की शाखा एक दुकान पर गिर गई जिसमें 38 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। कम दृश्यता के कारण शाम को मुंबई हवाई अड्डे पर विमानों का परिचालन करीब एक घंटे तक बाधित रहा और उपनगरीय ट्रेनों के संचालन में विलंब हुआ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने देर शाम घाटकोपर में होर्डिंग गिरने की घटना के बाद घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने होर्डिंग गिरने से मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की।

# प्रेम प्रसंग में युवक का मुंह काला कर घुमाया

संवाददाता, ओरछी (बदायूं)

- पांच महीने पहले गांव की महिला को लेकर भाग गया था युवक
- युवक का आरोप- खंभे से उसे बांधा और पिलाई पेशाब

**अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग में महिला को दिल्ली और हिमाचल प्रदेश ले गए युवक को महिला के पति और परिजनों ने पीटा फिर मुंह काला कर और जूतों की माला पहनाकर गांव में घुमाया। युवक ने खंभे से बांधने और पेशाब पिलाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने पेशाब पिलाने की बात को गलत बताया। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है।

फैजगंज क्षेत्र के एक गांव का युवक दिल्ली में मजदूरी करता था। वह पांच महीने पहले एक ग्रामीण की पत्नी को दिल्ली ले गया। इसके बाद दोनों हिमाचल प्रदेश जाकर रहने लगे। 4 मई को महिला का पति और कुछ ग्रामीण उसके पास गए। कहा कि गांव चलो तुम्हें कोई कुछ नहीं कहेगा। झांसे में आकर युवक और महिला उनके साथ गांव आ गए। गांव लाकर महिला के पति ने युवक को अपने घर में बंद करके पीटा। खंभे से बांधकर मुंह काला किया और पेशाब पिलाई। उसके गले में जूतों की माला डालकर गांव में घुमाया। फैजगंज बेहटा थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह ने पेशाब पिलाने की बात को झूठ बताया।

## छत्तीसगढ़ में 14 इनामी नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने छह महिला नक्सलियों समेत 14 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में से 11 के सिर पर कुल 41 लाख रुपये का इनाम है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुतवेंडी-पीड़िया गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने गिरफ्तारियां कीं।

**गढ़चिरौली में तीन नक्सली मारे गए :** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए जिनमें दो महिलाएं हैं। मौके पर बड़ी संख्या में हथियार बरामद हुए।


अंडा, मांस के दाम कम, खाने के अन्य सामान में वृद्धि

# खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 11 महीने के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- मार्च में 4.85 प्रतिशत थी, अप्रैल में 4.83% पर आई
- सरकार ने आरबीआई को 4% रखने का दिया लक्ष्य

अंडा, मांस और मसालों के सस्ता होने से खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 11 महीने के निचले स्तर 4.83 प्रतिशत पर रही। हालांकि खाने के अन्य सामान के दाम इस दौरान मामूली मजबूत हुए। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 4.85 प्रतिशत थी जबकि अप्रैल, 2023 में यह 4.31 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार अप्रैल में खाद्य वस्तुओं की खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 8.70 प्रतिशत रही। एक महीने पहले मार्च में यह 8.52 प्रतिशत के स्तर पर थी।





अंडा, मांस, मसाले और अनाज तथा उसके उत्पादों की महंगाई अप्रैल में कम हुई। जबकि फल, सब्जी और दाल महंगे हुए। ईंधन और प्रकाश के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) सालाना आधार पर घटकर 4.24 प्रतिशत रहा। सरकार ने खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को दिया हुआ है। केंद्रीय बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर निर्धारित करते समय खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर गौर करता है। रिजर्व बैंक का कहना है कि आगे चलकर खाद्य वस्तुओं के दाम मुद्रास्फीति के रुख को प्रभावित करते रहेंगे।

### ईंधन की दरों में कमी का भी असर

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि मुख्य रूप से ईंधन और प्रकाश खंड में महंगाई में कमी से मुद्रास्फीति नरम हुई है। इसके अलावा कपड़ा, जूता-चप्पल, पान और तंबाकू आदि खंड में कम महंगाई का भी असर पड़ा है। सब्जी और दाल श्रेणी में मुद्रास्फीति क्रमशः छह महीने और 11 महीने से दहाई अंक में बनी हुई है। इससे खाद्य और पेय पदार्थों की रेणी में महंगाई ऊंची बनी हुई है।

### मानसून दे सकता है महंगाई में राहत

क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धमकीर्ति जोशी ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति में हल्की नरमी उत्साहजनक है लेकिन इस गिरावट की प्रवृत्ति में तेजी आना मायने रखता है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना यह है कि आगामी मानसून राहत दे सकता है। यह इस शर्त पर है कि मानसून का समय और वितरण भौगोलिक आधार पर अच्छा हो।

**2024-25 में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान :** आरबीआई ने 2024-25 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

## एक नजर

### चुनाव बाद वाया मैलानी-लखनऊ नियमित ट्रेनें चलने के आसार

**बरेली, अमृत विचार :** शाहगढ़ से मैलानी के बीच अमान परिवर्तन और विद्युतीकरण होने के बाद वर्षों से बंद पीलीभीत–मैलानी–लखनऊ रेल सेक्शन पर समर स्पेशल ट्रेनें तो दौड़ने लगी हैं लेकिन नियमित ट्रेनें चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद चलाई जाएंगी। रेल प्रशासन रेल खंड चालू होने के बाद 05043 रामनगर–लखनऊ, 05060 लालकुआं हावड़ा, 05055 लालकुआं वाराणसी, 05044 लखनऊ–रामनगर, 05056 वाराणसी–लालकुआं, 05059 हावड़ा–लालकुआं समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। इनमें से एक जोड़ी ट्रेन वाराणसी–लालकुआं समर स्पेशल ही सप्ताह में एक दिन इज्जतनगर स्टेशन आ रही है। बाकी ट्रेनें भोजीपुरा और बहेड़ी तक आ रही हैं। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि अमान परिवर्तन के बाद समर स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जो फिलहाल पूरी तरह फुल हैं, जून में नियमित ट्रेनों के संचालन पर विचार चल रहा है।

### चेन्नई एक्सप्रेस का विस्तार करने की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली से लंबे समय से दक्षिण भारत के लिए ट्रेन चलाने की मांग की जा रही है। पीलीभीत–मैलानी रूट चालू होने के बाद पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ स्टेशन से चेन्नई एक्सप्रेस का विस्तार करने की तैयारी चल रही है। इज्जतनगर स्टेशन तक इस ट्रेन का विस्तार किया जा सकता है।

# विधवा पेंशन... तो डीपीओ कार्यालय में ही दबी पड़ी है तीन सौ से ज्यादा संदिग्ध लाभार्थियों की लिस्ट

## लिस्ट में हैं कुल 315 लाभार्थियों के नाम, अमृत विचार की छानबीन में कई महिलाओं के पति निकले जीवित

शब्या सिंह तोमर , बरेली

**एक्सक्लूसिव**

- गोठा खंडुवा की तरह जिले के और कई ब्लॉकों में फर्जी लाभार्थी होने का संदेह
- चार साल से ज्यादा समय से पेंशन ले रही हैं ये महिलाएं, सत्यापन में भी हेराफेरी

**अमृत विचार :** रामनगर ब्लॉक के गोठा खंडुवा गांव में पिछले साल 46 महिलाओं को विधवा पेंशन दिए जाने के मामले का पर्दाफाश होने के बाद जिले भर में विधवा पेंशन की लाभार्थियों के सत्यापन का आदेश दिया गया था लेकिन इस सत्यापन को कागजों पर ही निपटा दिया गया। अब इसकी वजह भी साफ हो रही है। बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग में ही ऐसी लिस्ट चर्चा में है जिसमें शामिल तीन सौ से ज्यादा लाभार्थियों को फर्जी बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि अगर ठीक से सत्यापन कराया गया होता तो इतनी बड़ी संख्या में विधवा पेंशन ले रही फर्जी लाभार्थियों का भी खुलासा हो गया होता।

यह लिस्ट हाथ लगने के बाद अमृत विचार ने खुद छानबीन की तो इस बात की पुष्टि हुई कि इसमें शामिल तमाम महिलाएं पतियों के जीवित होते हुए भी पेंशन ले रही हैं। तमाम महिलाएं ऐसी भी हैं जिनके बैंक खाते में पेंशन तो भेजी जा रही है लेकिन विभागीय रिकॉर्ड में उनके पते फर्जी हैं। यही नहीं हरिजन मोहल्ला जैसे कई ऐसे इलाकों का भी पता लिखवाया गया है जो शहर में कहीं हैं ही नहीं। इस लिस्ट में शहर के अलावा जिले के आलमपुर जाफराबाद, रामनगर, बिशारतगंज, क्यारा, मझगवां, सिरौली और मीरगंज ब्लॉक की महिलाओं के नाम शामिल हैं। इनकी कुल संख्या 315 है। इन सभी के खातों में लगातार पेंशन की धनराशि भेजी जा रही है।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक इस पूरी लिस्ट में विधवा पेंशन की फर्जी लाभार्थियों के ही नाम शामिल हैं। लिस्ट के मुख्य पेज पर ऊपर अति आवश्यक लिखा हुआ है। लिस्ट कब और किसके आदेश पर बनी, और इसे बनाने का मकसद क्या था, यह कुछ साफ नहीं है। हालांकि लिस्ट में लाभार्थियों के सारे नाम, उनके रजिस्ट्रेशन नंबर, पति के नाम और पते हाथ से लिखे गए हैं, अनुमान लगाया जा रहा है कि यह लिस्ट अनाधिकारिक तौर पर बनाई गई है।

लिस्ट में कुछ महिलाओं और उनके पति के तो नाम हैं लेकिन पता नहीं है। अमृत विचार के छानबीन करने के बाद अपुष्ट सूत्रों से इतना ही पता चला कि इस लिस्ट में शामिल लाभार्थियों को करीब चार साल से पेंशन दी जा रही है। इसमें लगभग सारे नाम फर्जी लाभार्थियों के ही हैं और इसे विभागीय अधिकारियों ने व्यक्तिगत रिकॉर्ड रखने के लिए ही बनवाया था।

### कई लाभार्थियों के बारे में की छानबीन, सभी फर्जी निकलीं

अमृत विचार ने लिस्ट में शामिल करीब दर्जन भर लाभार्थियों के बारे में छानबीन की जिसमें ये सभी फर्जी पाई गईं। लिस्ट में आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के गांव बहजुइया की दो लाभार्थी माया और साक्षी का नाम था। गांव के प्रधान मदन सिंह ने बताया कि माया के पति बुद्धपाल हैं और साक्षी के सतेंद्र पाल। ये दोनों ही जीवित हैं। इसी तरह आलमपुर जाफराबाद के ही गांव बडरई कुइयां गांव की प्रेमवती के पति धर्मपाल फौजी भी जीवित पाए गए। गांव के सतीश सिंह ने बताया कि धर्मपाल अपना कामकाज भी करते हैं। इसी ब्लॉक के गांव बाकरगंज की लाभार्थी शकुंतला के पति कृष्णपाल भी जीवित पाए गए।

### तस्वीरों में भी सुहागन

लिस्ट में शामिल लाभार्थियों के पेमेंट स्टेटस की जांच पर पता चला कि उनके खातों में हर तिमाही पेंशन जा रही है। दिलचस्प यह है कि विभाग के पीएफएमएस एकाउंट वैलिडेशन स्टेटस पर तमाम महिलाओं की जो तस्वीर लगाई गई हैं, उनमें भी वे साफ तौर पर सुहागन दिख रही हैं।

### तमाम लाभार्थियों के पते भी गलत कई के नाम के आगे पता ही नहीं

- कई का पता शहर का और बैंक खाता देहात का

क्यारा ब्लॉक के गांव हिडौलिया भोलापुर के पते पर हरिओम की पत्नी दुर्वेश कुमारी को पेंशन मिल रही है लेकिन गांव में उनका पता ही नहीं लगा। प्रधान के पति रामविलास ने बताया कि इस नाम की लाभार्थी उनके गांव में नहीं है। आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के बभियाना गांव के तेज सिंह की पत्नी नारायण देवी का भी पता गलत निकला। पूर्व प्रधान रईस अहमद ने इस नाम की महिला ही गांव में होने से इन्कार कर दिया। इसी ब्लॉक के गांव वनारा के प्रधान ने भी गुड्डी पत्नी जयप्रकाश नाम की कोई लाभार्थी होने से इन्कार कर दिया। अलीनगर में लक्ष्मी पत्नी धर्मपाल का पता नहीं मिला। आलमपुर जाफराबाद के प्रधान कुंवरपाल ने गांव में राजनीति पत्नी रघुनाथ सिंह नाम की कोई महिला होने से इन्कार कर दिया। इसी ब्लाक के गांव बागरपुर में प्रेमवती पत्नी गजराज सिंह नाम की कोई लाभार्थी नहीं मिली। लिस्ट में शामिल नाम रीता पत्नी परमेश्वरी, सविता पत्नी वीरेश, मंजू पत्नी ढाकन लाल, सोनी पत्नी विधाराम, प्रेमवती पत्नी मोहन लाल, साया सक्सेना पत्नी विशाल सक्सेना, नत्थो पत्नी मुन्नालाल समेत कई लाभार्थियों के पते ही नहीं लिखे हैं। कई महिलाओं का पता शहर का दिखाया गया है लेकिन पेंशन देहात के बैंक खातों में भेजी जा रही है। ऐसी ही एक लाभार्थी किरनदेवी हैं जिनका पता कैंट का गोला बाजार लिखा है लेकिन बैंक एकाउंट अलीगंज की पंजाब नेशनल बैंक शाखा में है।

> हमारे पास ऐसी किसी लिस्ट की कोई सूचना नहीं है। अगर कोई लिस्ट मिलेगी तो उसकी जांच कराई जाएगी ।रामनगर ब्लॉक के गोठा खंडुवा मामले में अधिकांश अपात्र महिलाओं से धनराशि वापस ली जा चुकी है।
> – **मोनिका राणा**, जिला प्रोबेशन अधिकारी

### गोठा खंडुवा मामले में तत्कालीन डीएम ने ही करा दी थी लीपापोती

दिसंबर 2023 में रामनगर ब्लॉक के गांव गोठा खंडुवा में भी भारी संख्या में सुहागिन महिलाओं के विधवा पेंशन लिए जाने के मामले का खुलासा हुआ था। प्रशासन के तत्कालीन अधिकारियों ने काफी शिकायतों के बाद बमुश्किल इसकी जांच कराई तो 46 ऐसी महिलाएं सामने आईं जो पतियों के जीवित होते हुए भी विधवा पेंशन ले रही थीं। हालांकि तत्कालीन डीएम ने इस मामले में दोषी पाए गए सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने में दिलचस्पी नहीं ली। इसी बीच जिले में आए नए डीएम रविंद्र कुमार की जानकारी में मामला आया तो उसकी दोबारा जांच हुई और कई अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हुई। इसी दौरान जिले के बाकी सभी ब्लॉकों में भी विधवा पेंशन की लाभार्थियों की जांच का आदेश दिया गया था लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला।

# हाईकोर्ट से नगर आयुक्त को अवमानना नोटिस जारी हुआ तो आनन-फानन कर दिया भुगतान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली फर्म को ब्लैकलिस्ट कर रोक दिया था भुगतान



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट से नगर आयुक्त को अवमानना नोटिस जारी होने के बाद नगर निगम ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली एजेंसी को आननफानन भुगतान कर दिया। सितंबर 2023 को यूजर चार्ज में हेराफेरी के आरोप में इस फर्म को ब्लैक लिस्ट कर भुगतान रोक दिया गया था।

डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए वर्ष 2019 में कई फर्मों को जोनवार जिम्मेदारी दी गई थी। इनमें एक फर्म आनंद नारायण कॉन्ट्रैक्टर्स के मालिक आनंद साहू के मुताबिक उनकी फर्म ने नगर निगम के जोन-4 में 16 दिसंबर 2019 से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन शुरू किया था। जोन-2 में आयुषि हाइजिन एंड केयर प्राइवेट लिमिटेड यह काम कर रही थी जिसका अनुबंध अप्रैल 2021 में खत्म हुआ तो जोन- 4 के साथ उनकी फर्म को 1 मई 2021 से जोन- 2 का भी काम दे दिया गया। उनकी फर्म का 30 अप्रैल 2023 को अनुबंध खत्म हुआ तो नया टेंडर होने तक दो महीने का समय विस्तार कर दिया गया।

इसके बाद 27 सितंबर 2023 को आनंद नारायण कॉन्ट्रैक्टर्स को ब्लैकलिस्ट कर उसका भुगतान रोक दिया गया। आनंद साहू ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की तो हाईकोर्ट ने भुगतान का आदेश दिया लेकिन उसका भी पालन नहीं किया गया। इस पर हाईकोर्ट ने नगर आयुक्त को 5 अप्रैल 2024 को अवमानना नोटिस जारी कर दिया।

इससे नगर निगम के अफसरों में खलबली मच गई। मामला गंभीर होते देख नगर निगम की ओर से 10 मई 2024 को फर्म को 23.53 लाख का भुगतान कर दिया गया। सोमवार को हाईकोर्ट में इस केस की सुनवाई होनी थी जो टल गई। अपर नगर आयुक्त एसके यादव ने बताया कि कोर्ट के आदेश का पालन कर दिया गया है। निगम के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में पक्ष रखा है।

बता दें कि आनंद साहू की फर्म पर कूड़ा कलेक्शन का 2.10 करोड़ रुपये यूजर चार्ज का गबन करने का आरोप था। कहा गया था कि फर्म ने यूजर चार्ज तो वसूला लेकिन उसे जमा नहीं किया। नोटिस का भी जवाब नहीं दिया। इसी पर उसे ब्लैकलिस्ट किया गया था।

# अंडरपास के निर्माण में मिट्टी का टीला बना मुसीबत

- सेगमेंट बॉक्स की कास्टिंग की तैयारी में जुटी रेलवे की टीम

**बरेली, अमृत विचार :** सिटी श्मशान भूमि रेलवे क्रासिंग पर अंडर पास के निर्माण में 30 फुट ऊंचा मिट्टी का टीला मुसीबत बन गया है। इंजीनियरिंग विभाग की टीम श्मशान भूमि के नजदीक इस टीले को काटकर अंडरपास के लिए रास्ता बनाने में जुटी है।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक काफी हद तक टीला काटने का काम पूरा कर लिया गया है। इसके बीच से दो रास्ते काटकर एक सिटी श्मशान भूमि और दूसरा बाकरगंज के लिए निकाला जाएगा। जबकि दूसरे छोर पर सिटी स्टेशन रोड पर अंडरपास का रास्ता खुलेगा। करीब 250 मीटर लंबा यह अंडरपास दो रेलवे क्रासिंग के बीच से होकर गुजरेगा। लिहाजा, रेलवे क्रासिंग के नीचे सेगमेंट बॉक्स की लांचिंग का कार्य होना है। उससे पहले सेगमेंट बॉक्स की कास्टिंग की तैयारी इंजीनियरिंग विभाग की तरफ से कर ली गई है। इज्जतनगर रेल मंडल के अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द इंजीनियरिंग विभाग की टीम सेगमेंट बॉक्स की कास्टिंग शुरू करेगी।

# खुले मैनहोल : कागजों में शिकायत प्रकोष्ठ बनाकर सो गए निगम के अफसर, अब शिकायतें ही नहीं सुन रहे

- सप्ताह भर से एक भी शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** सप्ताह भर पहले नगर निगम के अफसरों ने शिकायत प्रकोष्ठ गठित कर दावा किया था कि शहर में कहीं भी मैनहोल खुले या खतरनाक गड्ढा होने की शिकायत आने पर 24 घंटे के भीतर उसे ठीक कर दिया जाएगा, लेकिन अब शिकायतें ही नहीं सुनी जा रही हैं।

शिकायत प्रकोष्ठ बनाकर अफसरों ने शिकायतें दर्ज कराने के लिए जोनवार मोबाइल नंबर भी जारी किए थे। कहा गया था कि कहीं भी मैनहोल खुले होने या सड़क पर गड्ढे होने की शिकायत मिलने के 24 घंटे के भीतर उसे ठीक कर दिया जाएगा। सोमवार को जंक्शन रोड पर खुले पड़े मैनहोल के आसपास के दुकानदारों ने बताया कि मैनहोल करीब पांच दिनों से खुला पड़ा है। नगर निगम में इसकी शिकायत कर चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इसी तरह सेटेलाइट तिराहे के पास खुले मैनहोल के बारे में भी जानकारी देने के बावजूद कुछ नहीं हुआ है। नवादा में सड़क पर गहरा गड्ढा हादसे की आशंका पैदा कर रहा है। लोगों का कहना है कि वे कई बार फोन कर चुके हैं लेकिन नगर निगम में कोई नहीं सुन रहा है।



जंक्शन रोड पर खुले मैनहोल की कई दिन पहले शिकायत की गई थी।




नवादा शेखान में नाले का हाल। ● अमृत विचार





शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# जिला अस्पताल : निरीक्षण से ऐन पहले दुरुस्त हुई व्यवस्था डीएम के लौटते ही फिर अस्तव्यस्त

## इमरजेंसी में मिली गंदगी, बुजुर्ग मरीज ने की ऑपरेशन के बाद कई दिनों से टांके न काटने की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ओपीडी, वार्डों का लिया जायजा सफाई करने वाली एजेंसी को नोटिस देने का निर्देश

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में कभी सबकुछ ठीक नहीं रहता है लेकिन सोमवार को डीएम रविंद्र कुमार के निरीक्षण करने से पहुंचने से पहले ही सबकुछ दुरुस्त हो गया। हैरतअंगेज ढंग से सभी डॉक्टरों ने भी ड्यूटी संभाल ली। हालांकि इमरजेंसी वार्ड में गंदगी साफ कराने का समय नहीं मिला। डीएम ने डॉ. अलका शर्मा को सफाई करने वाली एजेंसी को नोटिस देने का निर्देश दिया। एक बुजुर्ग मरीज ने शिकायत की कि कई दिन पहले उसका ऑपरेशन हो चुका है लेकिन फिर भी टांके नहीं काटे जा रहे हैं।

डीएम सुबह साढ़े नौ बजे जिला अस्पताल पहुंचे। इससे स्टाफ और डॉक्टरों में खलबली मच गई। सबसे पहले उन्होंने ओपीडी का जायजा लिया। सभी डॉक्टर अपने कक्षों में मरीजों को देखते हुए मिले। इसके बाद डीएम इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। यहां एक बुजुर्ग मरीज ने उन्हें बताया कि ऑपरेशन के बाद टांके नहीं काटे गए हैं। वह कई बार डॉक्टर से कह चुके हैं लेकिन वह सुन नहीं रहे हैं। इस पर डीएम ने अधिकारियों को समस्या का समाधान करने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में कई जगह गंदगी पसरी मिली। डीएम ने इस पर नाराजगी जताते हुए एडीएसआईसी को जिला अस्पताल में सफाई करने वाली एजेंसी को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह भी मौजूद रहे।

### मलेरिया वार्ड भी मिला दुरुस्त, लेकिन मरीज भर्ती मिला सिर्फ एक

डीएम को मलेरिया वार्ड में व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं। एडीएसआईसी ने बताया कि मलेरिया के मरीजों के लिए 26 बेड का वार्ड बनाया गया है। वार्ड में एक मलेरिया रोगी भर्ती मिला। डीएम ने कहा कि मलेरिया वार्ड खोजने में मरीजों को दिक्कत न हो, इसके लिए अस्पताल के मेनगेट पर साइन बोर्ड लगाया जाए। डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिया कि शहर की तुलना में देहात क्षेत्र में मलेरिया का प्रकोप अधिक रहता है। इसलिए सीएचसी स्तर पर भी मलेरिया रोगियों के इलाज के बेहतर इंतजाम किए जाएं।



इमरजेंसी वार्ड में बुजुर्ग मरीज का हाल पूछते डीएम। • अमृत विचार



डीएम के जाने के बाद खाली डॉक्टर का कक्ष।

### थककर पस्त हुए बुजुर्ग मरीज

ओपीडी परिसर संकरा है। घंटों मरीजों को लाइन में लगना पड़ा। कई बुजुर्ग मरीज थक कर जमीन पर बैठ गए।

## निरीक्षण खत्म होते ही ओपीडी से डॉक्टर गायब



पर्चा काउंटर पर मारामारी, कई-कई घंटे बाद आया मरीजों का नंबर।

**बरेली, अमृत विचार :** निरीक्षण कर डीएम रविंद्र कुमार के जाते ही जिला अस्पताल में व्यवस्थाएं फिर पुराने ढर्रे पर आ गईं। डीएम की मौजूदगी तक डॉक्टर सक्रिय दिखे। उनके जाने के बाद अव्यवस्थाएं फैल गईं। पर्चा बनवाने से लेकर ओपीडी में इलाज के लिए मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। कई कक्षों से डॉक्टर नदारद दिखे। सोमवार को 1376 मरीज इलाज के पहुंचे। सबसे अधिक मरीज वायरल बुखार और डायरिया के लक्षण वाले सामने आए।

### कोई सुनने वाला नहीं...



पैर में फ्रैक्चर है। अस्पताल सुबह 8 बजे पहुंच गई थीं। 11 बज चुके हैं, लेकिन अभी तक उनका नंबर नहीं आया है। – रामवती, जसौली



सीने में गंभीर समस्या है। नौ बजे से पर्चा बनवा कर लाइन में लगी हूं, दो घंटे हो गए हैं लेकिन अभी तक नंबर नहीं आया है। – धनदेवी, चनेहटी

### मलेरिया से प्रभावित इलाकों में गंदगी और जलभराव की समस्या दूर कराएं सीडीओ

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को लेकर सोमवार को अफसरों के साथ कार्यालय में बैठक की। उन्होंने कहा कि जिले के कुछ इलाके काफी संवेदनशील हैं। सीडीओ जग प्रवेश को निर्देश देते हुए कहा कि मलेरिया प्रभावित इलाकों में गंदगी और जलभराव की समस्या दूर कराई जाए। इसके लिए एडीओ पंचायतों की मदद लेने के आदेश दिए। कहा कि फतेहगंज पश्चिमी, मीरगंज, बिथरी चैनपुर, शेरगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में आमतौर पर मलेरिया का प्रकोप ज्यादा रहता है। जिलाधिकारी ने कहा कि मलेरिया की दृष्टि से मानसून से पहले और मानसून के बाद का समय काफी संवेदनशील रहता है। ऐसे में विशेष सतर्कता बरती जाए। पर्याप्त मात्रा में मलेरिया जांच किट और दवाओं की उपलब्धता जिला अस्पताल, सीएचसी पर रहे। प्रधान और पंचायत सहायकों को मच्छररोधी दवाएं उपलब्ध कराने के साथ उन्हें उपयोग के बारे में भी स्वास्थ्य विभाग बताएगा।

# नौकरानी ने कारोबारी के घर से डायमंड समेत लाखों के जेवरात उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पोल खुली तो कारोबारी को दी दुष्कर्म और एससीएसटी के मुकदमे में फंसाने की धमकी

**अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में नौकरानी ने कारोबारी के घर से डायमंड की अंगूठी समेत लाखों रुपये की जेवरात चुरा लिए। पूछताछ करने पर नौकरानी ने कारोबारी और उसके बेटे को दुष्कर्म और एससीएसटी के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के कांपिटेंट प्राइड ए निवासी सीमा सेठी ने बताया कि संजयनगर में त्रिमूर्ति रोड की रहने वाली रेखा उनके घर में लंबे समय से साफ-सफाई करती थी। मौजूदा समय में वह कैंट क्षेत्र के चनेहटी में रहती है। आरोप है कि तीन मई की सुबह उनकी मां मंदिर से घर आईं। उन्होंने डायमंड टॉप्स निकाल कर मेज पर रखे। रेखा के जाने के बाद मां ने देखा तो उनके टॉप्स गायब थे।

घर का सामान चेक किया तो पता लगा कि रेखा चेन, अंगूठी, टॉप्स, चांदी का लोटा, कटोरी, तीन डायमंड अंगूठी आदि जेवर धीरे धीरे करके चोरी कर चुकी थी। परिजनों ने रेखा से पूछा तो वह बताने को तैयार नहीं हुई। पुलिस से भी रेखा ने चोरी करने से इन्कार कर दिया। थाने जाने पर वह कारोबारी से बोली कि अगर ज्यादा दबाव बनाओगे तो आपके बेटे को रेप और आपको एससीएसटी के झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। पुलिस ने रेखा के खिलाफ चोरी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## फेल होने पर बहन ने कसा तंज तो पिया जहर

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर इलाके में 10वीं में फेल हुई छात्रा पर उसकी बहन ने तंज कसा तो गुस्से में उसने ऑल आउट पी लिया। परिजनों ने उसे नाजुक हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

बानखाना में रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा ने यूपी बोर्ड के हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। परीक्षाफल 20 अप्रैल को घोषित हुआ तो पता लगा कि छात्रा फेल हो गई है। आसपास रहने वाले कई और बच्चे पास हो गए थे। इस पर छात्रा के परिजनो ने उसे काफी डांट लगाई थी। रविवार शाम उसकी छोटी बहन ने यह कहते हुए तंज कस दिया कि यूपी बोर्ड में 82 फीसदी बच्चे पास हो गए, लेकिन इसके बावजूद वह फेल हो गई। इस पर छात्रा का बहन से झगड़ा हो गया। छात्रा ने मां से शिकायत की तो उन्होंने भी उसी को डांट दिया। इसके बाद गुस्से में आकर छात्रा ने ऑल आउट पी लिया।



**किला क्रॉसिंग पर कई घंटे भीषण जाम**

किला रेलवे क्रॉसिंग से सोमवार दोपहर एक के बाद एक कई ट्रेनें गुजरने के दौरान जाम लग गया। इस दौरान वाहन आड़े-तिरछे खड़े हुए तो क्रॉसिंग खुलने के बाद भी जाम नहीं खुल पाया। कुछ ही देर में तमाम वाहन इसमें फंस गए। पुलिस के बेखबर रहने से लोगों ने घंटों दिक्कत झेली। • अमृत विचार

## शटडाउन के बीच कैसे चालू हुई आपूर्ति, स्टाफ के दर्ज होंगे बयान

**बरेली, अमृत विचार :** करंट से संविदा लाइनमैन की मौत के मामले की जांच शुरू हो गई है। डयूटी पर तैनात स्टाफ के बयान दर्ज किए जाएंगे कि शटडाउन के दौरान आपूर्ति कैसे चालू हुई। उधर, पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे दिन भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

रिठौरा उपकेंद्र पर तैनात संविदा लाइनमैन सुरेश की शनिवार दोपहर शटडाउन के दौरान लाइन चालू कर देने से मौत हो गई थी। जांच के लिए अधीक्षण अभियंता टीम बनाई है। मंगलवार को सबस्टेशन के एसएसओ और स्टाफ के बयान दर्ज किए जाएंगे। सुरेश की पत्नी ने एसडीओ पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए इज्जतनगर थाने में तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने सोमवार को भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

# डीएम के सामने बिजली अफसरों ने किया झूठा दावा, छानबीन कराई तो सामने आई असलियत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बेहतर आपूर्ति की बात कहने पर फोन करवाकर शहर और देहात में पूछा बिजली का हाल
- फाल्ट और ट्रिपिंग की शिकायतें मिलीं तो जताई नाराजगी, व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश

**अमृत विचार :** शहर से देहात तक बिजली की लाइनों में फाल्ट और ट्रिपिंग की खबरों के बीच डीएम रविंद्र कुमार ने बिजली विभाग के अफसरों को तलब कर जवाब मांगा तो उन्होंने पूरे जिले में बेहतर आपूर्ति का दावा कर दिया।

डीएम ने उन्हीं के सामने शहर और देहात में सप्लाई की स्थिति के बारे में छानबीन की तो पोल खुल गई। डीएम ने इस पर सख्त नाराजगी जताते हुए ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने और अवैध कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ तय शेड्यूल के मुताबिक बिजली आपूर्ति करने का निर्देश दिया।

डीएम ने सोमवार सुबह ही बिजली विभाग के अधिकारियों को अपने कार्यालय बुला लिया और उनसे जिले में ठीक बिजली आपूर्ति न होने पर पूछताछ की। इस पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने दावा किया कि कहीं कोई समस्या नहीं है। जिले में बेहतर ढंग से आपूर्ति की जा रही है। इस पर डीएम ने जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा को फोन कर बिजली आपूर्ति के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि दिन में कई बार ट्रिपिंग होती है। डीएम ने सीडीओ जग प्रवेश से भी कई बीडीओ को फोन कराया। ज्यादातर बीडीओ ने भी यही बताया कि ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति ठीक नहीं हो रही है।

डीएम ने अधिकारियों के झूठे दावे पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि गर्मी में अघोषित कटौती न होने दी जाए। अधीक्षण अभियंता ने फाल्ट ठीक करने के लिए शटडाउन लेने की बात कही तो डीएम ने कहा कि ज्यादा जरूरी हो तो सुबह के समय शटडाउन लिया जाए ताकि लोगों को दिक्कत न हो।

डीएम ने कहा कि जो ट्रांसफार्मर ओवरलोड हैं, उनकी क्षमता बढ़ाई जाए। कहीं तारों पर पेड़ या टहनियां झुक गई हों तो अनुमति लेकर उन्हें काटा जाए ताकि फाल्ट न हों। की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ, अशोक कुमार चौरसिया, यूसी सोनकर, गौरव शुक्ला आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# गर्मी शुरू हो गई तो जागे, ट्रांसफार्मरों में तेल पूरा करने के लिए चार घंटे बंद रखी बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दोपहर में बिजली गुल हो जाने से परेशान हुए किला के लोग, गर्मी से पहले होना था यह काम
- महानगर और सुभाषनगर इलाके में भी पूरे दिन कटौती और ट्रिपिंग होने से दिक्कत

**अमृत विचार :** बिजली विभाग को जो काम गर्मी शुरू होने से पहले ही करने थे, वह अब करा रहा है। सोमवार को किला सबस्टेशन के फीडरों के ट्रांसफार्मरों में तेल पूरा करने के दौरान करीब चार घंटे बिजली गुल रही। इसके अलावा महानगर और सुभाषनगर इलाके में भी ट्रिपिंग और कटौती से लोग परेशान हुए।

ट्रांसफार्मरों में समय रहते तेल की पूर्ति नहीं की गई। इस वजह से गर्मी में लोड बढ़ते ही ट्रांसफार्मर फुंकने शुरू हो गए हैं। सोमवार को शहर के कई सबस्टेशनों पर ट्रांसफार्मर में तेल डालने के साथ मरम्मत के दूसरे काम कराए गए। इस बीच दोपहर के समय किला सबस्टेशन के किला जामा मस्जिद, चिड़िमार कुआं, बाकरगंज, लीचीबाग, गढ़ी चौकी, किला फाटक समेत कई इलाकों में करीब चार घंटे बिजली गुल रही।

### स्टोर में तेल नहीं, फुंक जाएंगे ट्रांसफार्मर

बिजली विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्र के ट्रांसफार्मरों में तेल की कमी बताते हुए उनके फुंकने की आशंका जताई है। ग्रामीण क्षेत्र के अधिशासी अभियंता प्रथम यूसी सोनकर ने विद्युत भंडार खंड के अधिशासी अभियंता को लिखे पत्र में कहा है कि उनके क्षेत्र में आने वाले उपखंड, रिठौरा, नवाबगंज, मीरगंज और फतेहगंज पश्चिमी के उपकेंद्रों पर लगे ट्रांसफार्मरों में तेल की कमी है। अगर जल्द तेल उपलब्ध न कराया गया तो ट्रांसफार्मर फुंक सकते हैं।

# हाईवे बनाने वाली फर्म की पकड़ी टैक्स चोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बोगस फर्मों से खरीद दिखाकर की जा रही थी टैक्स की हेराफेरी
- जीएसटी के अफसरों ने डीडीपुरम में मारा छापा, 61 लाख जमा कराए

**अमृत विचार :** वाणिज्य कर विभाग की एसआईबी ने डीडीपुरम में हाईवे का निर्माण करने वाली एक फर्म पर छापा मारकर बड़े पैमाने पर जीएसटी की चोरी पकड़ी है। टीम ने मौके पर ही फर्म से 61 लाख रुपये जमा कराए हैं। फर्म दिल्ली की बोगस फर्मों से खरीद दिखाकर टैक्स में हेराफेरी कर रही थी।

वाणिज्य कर विभाग की टीम ने डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह की अगुवाई में सोमवार को डीडीपुरम में एसआई लिमिटेड नाम की फर्म पर छापा मारकर सर्वे किया।

यह फर्म सरकारी विभागों से हाईवे बनाने का वर्क ऑर्डर लेती है। टीम ने सर्वे में पाया कि फर्म की ओर से हर साल दो सौ करोड़ का भुगतान सरकारी विभागों से प्राप्त किया जा रहा है लेकिन सभी देयों का समायोजन आईटीसी से किया जा रहा था।

अफसरों ने पोर्टल पर फर्म के कारोबारी विवरण की जांच में पाया कि वह दिल्ली से सरकुलर ट्रेडिंग के जरिए टैक्स चोरी के लिए बोगस फर्मों से खरीद दिखा रही है, साथ ही त्रुटिपूर्ण आईटीसी क्लेम करने के साथ उसका समायोजन टैक्स में दिखाते हुए चोरी कर रही है।

डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जांच में यह तथ्य सामने आने के बाद फर्म मालिक ने अपनी भूल स्वीकार करते हुए मौके पर ही 61 लाख रुपये चालान के जरिए जमा कराए हैं।

एसआईबी ने मौके पर ही फार्म भरवाकर इस धनराशि को विभागीय खाते में जमा कराया। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि फिलहाल फर्म के खिलाफ दस्तावेजों की जांच जारी है। अगर फर्म पर और टैक्स बनेगा तो उसे भी जमा कराया जाएगा। सर्वे करने वाली टीम में असिस्टेंट कमिश्नर परमहंस और दुर्विजय सिंह भी शामिल थे।

## चीफ इंजीनियर ने कहा- गर्मी में दुरुस्त रखें बिजली सप्लाई

**बरेली, अमृत विचार :** पावर कारपोरेशन के मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने सोमवार को अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की, जिसमें उन्होंने सभी एसडीओ और अवर अभियंताओं को गर्मी में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान यह भी निर्देश दिया कि बकाया बिलों की ज्यादा से वसूली की जाए लेकिन बकायादारों से कनेक्शन काटने से बचा जाए।

# उर्स-ए-ताजुश्शरिया में उमड़ेंगे जायरीन, आज शाम से रूट डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उर्स खत्म होने रहेगा लागू, दिल्ली हाईवे होगा ज्यादा प्रभावित

**अमृत विचार :** बुधवार और गुरुवार को होने वाले उर्स-ए-ताजुश्शरिया को लेकर शहर में रूट डायवर्जन किया गया है। एसपी ट्रैफिक शिवराज सिंह ने बताया कि यह डायवर्जन मंगलवार शाम से कार्यक्रम की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।

महानगर से रामपुर दिल्ली को जाने वाले वाहन मिनी बाईपास से झुमका चौराहे से जाने के बजाय विलयधाम, विलवा पुल होते हुए जाएंगे। दिल्ली, मुरादाबाद, रामपुर की ओर से बरेली शहर में प्रवेश करने वाले सभी प्रकार के वाहन झुमका तिराहे से बड़ा बाईपास होते हुए विलवापुल, बैरियर-2 से महानगर में प्रवेश करेंगे। झुमका चौराहे से मिनी बाईपास के मध्य सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। उर्स में शामिल होने वाले जायरीन के छोटे वाहन आवश्यकतानुसार आ और जा सकेंगे।

बदायूं की ओर से लखनऊ, शाहजहांपुर और पीलीभीत की तरफ जाने वाले वाहन रामगंगा तिराहा से बुखारा मोड़ से फरीदपुर होते हुए जाएंगे। लखनऊ, शाहजहांपुर की तरफ से दिल्ली, रामपुर, मुरादाबाद को जाने वाले वाहन बड़ा बाईपास, विलयधाम, विलवा, झुमका तिराहा से जाएंगे। महानगर में अन्य सभी मार्गों में यातायात सामान्य दिनों की तरह यथावत चलता रहेगा।

# सरकारी आंकड़े: चुनाव के खर्च में तो नीरज मौर्य पर भारी पड़े धर्मेंद्र कश्यप

## भाजपा प्रत्याशी ने 60 लाख खर्च किए, सपा प्रत्याशी ने 48 लाख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सबसे बड़ा 13 लाख का खर्च प्रधानमंत्री की देवचरा जनसभा पर
- बसपा प्रत्याशी आबिद अली ने सिर्फ 10 लाख में निपटाया चुनाव

**अमृत विचार :** आंवला का चुनाव परिणाम क्या होगा, यह तो 4 जून को पता चलेगा लेकिन फिलहाल सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप चुनाव खर्च में सपा प्रत्याशी पर भारी पड़े हैं। सपा प्रत्याशी ने 48 लाख रुपये के चुनाव खर्च का ब्योरा दाखिल किया है, धर्मेंद्र कश्यप का खर्च करीब 60 लाख का है। बसपा प्रत्याशी आबिद अली ने सिर्फ 10.20 लाख रुपये खर्च कर पूरा चुनाव निपटा दिया। बाकी प्रत्याशियों ने चुनाव में 25 हजार से डेढ़ लाख रुपये तक खर्च किए हैं।

चुनाव आयोग की ओर से इस बार लोकसभा चुनाव के अधिकतम खर्च की सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित की थी। आंवला में नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। मुख्य मुकाबला भाजपा-सपा के बीच रहा। बसपा प्रत्याशी चुनाव को त्रिकोणात्मक बनाने के लिए उतरे थे। पांच मई की शाम प्रचार थमने से पहले किए गए खर्च का कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में प्रत्याशियों की ओर से मिलान कराया गया। इसके मुताबिक भाजपा प्रत्याशी के कुल 60.33 लाख के चुनाव खर्च में सबसे ज्यादा 13 लाख का खर्चा देवचरा में हुई प्रधानमंत्री की जनसभा पर किया गया। करीब सवा तीन लाख का खर्च रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा पर बताया गया है जो दातागंज में हुई थी।

भाजपा प्रत्याशी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलग-अलग स्थानों पर जनसभाएं कीं। इन सभी का अलग-अलग खर्च दिखाया गया है। फरीदपुर में मुख्यमंत्री की जनसभा में करीब चार लाख लेकिन आंवला की जनसभा पर सिर्फ डेढ़ लाख का खर्च बताया गया है। इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में डिप्टी सीएम की जनसभा पर भी एक लाख से अधिक खर्च हुआ। बाकी धनराशि प्रमुख रूप से गाड़ियों और आंवला, दातागंज, फरीदपुर, बिथरी चैनपुर, शेखूपुर में खोले गए कार्यालयों पर की गई। बाइक रैली पर भी तीन लाख रुपया खर्च हुआ। इसके अलावा शेखूपुर, फरीदपुर, दातागंज में हुई सभाओं में भी लाखों खर्च किए गए हैं।

सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य ने लगभग 48 लाख के करीब खर्च किया है, जिसमें जनसभा से लेकर गाड़ियों, कार्यालय, खाना, डीजल आदि के खर्च शामिल किए गए हैं। इसके अलावा पीस पार्टी कौसर खान ने लगभग एक लाख, भारत जोड़ो पार्टी से आमिर खान ने करीब डेढ़ लाख, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के निर्मोद कुमार सिंह ने एक लाख, वंचित समाज इंसाफ पार्टी से कौसर खान ने 15 हजार, निर्दलीय मक्खन लाल ने 25 हजार, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के राजकुमार पटेल ने करीब 25 हजार रुपये ही पूरे चुनाव में खर्च किए हैं।

# मतगणना के लिए प्रशासन ने शुरू कीं तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हर विधानसभा क्षेत्र के लिए होंगी 14 टेबल, कर्मचारियों की तैनाती की प्रक्रिया शुरू

**अमृत विचार :** प्रशासन ने चार जून को होने वाली मतगणना के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। मतगणनास्थल पर इसके लिए विधानसभा क्षेत्र वार 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। यानी एक राउंड में 14 बूथों की मतगणना होगी। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में बूथों के हिसाब से मतगणना के राउंड होंगे। आंवला विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सबसे पहले और बरेली की सबसे बाद में खत्म होने की संभावना है।

बरेली संसदीय क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्र, पीलीभीत संसदीय क्षेत्र में शामिल बहेड़ी और आंवला के तीन विधानसभा क्षेत्रों में डाले गए वोटों की गिनती परसाखेड़ा वेयरहाउस में होगी। वेयरहाउस में स्ट्रांग रूम बनाकर ईवीएम को रखा गया है। आंवला के दातागंज और शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना बदायूं में होगी। मतगणना में 21 दिन शेष रहते प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। किस विधानसभा क्षेत्र की कौन सी टेबल पर कौन कर्मचारी तैनात रहेगा, यह तय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव के मुताबिक मतगणना के लिए लेखपालों की ड्यूटी लगाई जा रही है। एक टेबल पर चार कर्मचारी लगेंगे। पोस्टल बैलेट की गिनती अलग टेबल पर होगी। ऑपरेटर, आरओ, एआरओ और ईवीएम को सील करने के लिए विधानसभा क्षेत्र वार अलग टेबल लगेंगी।

### बरेली-बिथरी में 31, आंवला में होंगे 25 राउंड

एक राउंड में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 14 बूथों की मतगणना होगी। इस तरह बरेली और 426 बूथ वाले बिथरी चैनपुर विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 31-31 राउंड होंगे। 366 मतदेय स्थल वाले बरेली कैंट में 26, 417 बूथ वाले भोजीपुरा में 30, 384 बूथ वाले मीरगंज में 27, 361 बूथ वाले नवाबगंज में 26, 362 बूथ वाले फरीदपुर में 26, 403 बूथ वाले बहेड़ी में 28 और आंवला में 25 राउंड में मतगणना की प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है।

## 10वीं के मेधावी

95.6%

अहाना रस्तोगी
सेंट फ्रांसिस स्कूल

91%

दर्श
बीबीएल स्कूल

94 %

शिखा कुमारी
अल्मा मातेर स्कूल

### आईएएस बनना चाहते हैं कृष्णा



एसआर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र कृष्णा गुप्ता ने 10 वीं में 98.2 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। कृष्णा ने रोजाना 4 से 5 घंटे की पढ़ाई की। वह सिविल सेवा के माध्यम से जन सेवा करना चाहते हैं। कहा कि वह विशेष रूप से रोजगार की दिशा में काम करेंगे।

### रिद्धिमा का सिविल सेवा में जाने का ख्वाब

रिद्धिमा लांबा ने एसआर इंटरनेशनल स्कूल से 10 वीं में 98 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि वह सिविल सेवा में जाना चाहती हैं। उन्होंने सफलता का श्रेय शिक्षकों के साथ माता पिता को दिया। बताया कि परिवार के लोगों ने तैयारी में सहयोग किया।

### आदित्य ने सोशल मीडिया से बनाकर रखी दूरी

एसआर इंटरनेशनल स्कूल के ही आदित्य गंगवार ने 10 वीं में 97.2 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल की टॉप टेन सूची में स्थान बनाया है। उन्होंने बताया कि छुट्टियों के दौरान शिक्षकों से मिला ऑनलाइन मार्गदर्शन कारगर रहा। परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया से दूर रहे। हालांकि, जरूरत के लिए वेबसाइट से जरूरी जानकारी हासिल करते रहे।

### अनुमन्य को डॉक्टर बनकर करनी है सेवा



बीबीएल पब्लिक स्कूल के अनुमन्य गुप्ता ने 10 वीं में 98.8 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। उनके घर में जश्न का माहौल है। उन्होंने बताया कि स्कूल के नोट्स से तैयारी करना अधिक आसान रहा। वह डाक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहते हैं।

### कृष्णा की चाहत साफ्टवेयर इंजीनियर बनना



कृष्णा गुप्ता ने बीबीएल स्कूल से 10 वीं में 98.4 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। बताया कि वह आगे चल कर साफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं। वह परीक्षाफल से संतुष्ट हैं। बताया कि तैयारी के दौरान कोर्स पर ध्यान दिया। उन्होंने सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया है।

### डॉक्टर बन निशुल्क सेवा करना चाहती हैं वैष्णवी



जीआरएम विद्यालय की डोहरा शाखा की वैष्णवी मिश्रा ने 10 वीं की परीक्षा 98 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। उनके पिता प्रभात कुमार मिश्रा ने बताया कि वैष्णवी भविष्य में डाक्टर बनकर मरीजों की निशुल्क सेवा करना चाहती है।

### आयुषि को बनना है कार्डियोलॉजिस्ट



द गुरु स्कूल की आयुषि दुबे ने 10 वीं में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। उनके पिता राजेश कुमार दुबे और मां ममता दुबे ने बताया कि आयुषी अभी से नीट की तैयारी कर रही है। वह कार्डियोलॉजिस्ट बनना चाहती है।

## 12वीं के मेधावी

96.6%

मेघा कपूर
सेंटफ्रांसिस स्कूल

95.2 %

देवांश कुमार गंगवार
अल्मा मातेर स्कूल

95.2 %

पावनी मेहरोत्रा
अल्मा मातेर स्कूल

97.2%

आदि सैनी
अल्मा मातेर स्कूल

96.2%

मेधावी पाठक
डीपीएस

96.6 %

ध्रुव
हैरो स्कूल

97.6%

पीहू मेहरोत्रा
व्यास वर्ल्ड स्कूल

89%

पवनि अग्रवाल
जीआरएम कोहाड़ापीर

94 %

कनिष्का भाटिया
सेंट फ्रांसिस स्कूल

### शिक्षकों के मार्गदर्शन से मिली सफलता



बेदी इंटरनेशनल स्कूल के सुरप्रीत सिंह ने कॉमर्स से 12 वीं में 97 फीसदी अंक अर्जित कर स्कूल का नाम रोशन किया है। बताया कि वह आगे चल कर इसी क्षेत्र में कुछ नया करना चाहते हैं। उन्होंने कोचिंग की जगह घर में पढ़ाई की। शिक्षकों का उन्हें मार्गदर्शन किया।

### कॉरपोरेट क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहती हैं रिद्धि

जीआरएम स्कूल से रिद्धि अग्रवाल ने 12 वीं में 97.2 अंक प्राप्त किए हैं। उनके पिता मनोज अग्रवाल और माता कविता अग्रवाल सीए हैं। रिद्धि भी माता –पिता की तरह कारपोरेट के क्षेत्र में भविष्य संवारना चाहती हैं। बताया कि परीक्षा के दौरान शिक्षकों से ऑनलाइन मार्गदर्शन मिलता रहा।

### गार्गी को बनना है वैज्ञानिक



एसआर इंटरनेशनल की गार्गी पटेल ने 12 वीं पीसीएम ग्रुप में 97.6 फीसदी अंक अर्जित कर स्कूल का नाम रोशन किया है। गार्गी ने तैयारी के लिए कोचिंग संस्थान का रुख नहीं किया। स्कूल के शिक्षकों का मार्गदर्शन सफलता प्राप्त की। वह वैज्ञानिक बन कर देश सेवा करना चाहती हैं।

# खिले चेहरों ने बयां की कामयाबी की दास्तां

## सीबीएसई : 10 वीं की परीक्षा में प्रतिष्ठा और 12 वीं में अक्षरज्ञान ने जिले में पाए सर्वाधिक अंक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को 10 वीं और 12 वीं का परीक्षाफल घोषित कर दिया। जिले में 10 वीं की परीक्षा में जीआरएम की प्रतिष्ठा सिंह ने सर्वाधिक 99.2 प्रतिशत और 12 वीं में डीपीएस के अक्षरज्ञान अत्रि ने 98 फीसदी अंक पाए। बोर्ड की ओर से इस बार टॉपर सूची नहीं जारी की गई है लेकिन फिर भी रिजल्ट आने के बाद स्कूलों में जश्न का माहौल दिखा। 10 वीं और 12 वीं में 15,200 छात्रों ने भाग लिया था। 10 वीं में 85 और 12 वीं में 80 फीसदी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता हासिल की है।

**अचानक आए रिजल्ट ने चौंकाया :** सीबीएसई की ओर से कुछ दिन पहले 20 मई के बाद रिजल्ट जारी करने की घोषणा की गई थी लेकिन सोमवार सुबह अचानक रिजल्ट जारी कर दिया। बच्चों को जब पता चला तो उनमें खलबली मच गई। कोचिंग से लेकर स्कूलों तक बच्चों ने दौड़ लगानी शुरू कर दी। उम्मीद के मुताबिक कामयाबी पाने वाले बच्चों ने जमकर जश्न मनाया। शिक्षक भी इस जश्न में शरीक हुए।

### सिविल सेवा में जाना चाहते हैं अक्षरज्ञान



12 वीं के जिले के टॉपर अक्षरज्ञान अत्रि सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी है। पिता आकाश अत्रि बेटे की सफलता से गदगद हैं। उन्होंने बताया कि बेटे ने नियमित रूप से छह से सात घंटे पढ़ाई की। अक्षरज्ञान ने बताया कि सोशल मीडिया और वेबसाइटों का इस्तेमाल सिर्फ तैयारी के लिए किया। क्रिकेट के जरिए खुद को स्वस्थ रखा। उन्होंने सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया है।

### प्रतिष्ठा का लक्ष्य आईटी में करियर बनाने का



10 वीं की परीक्षा में जिले में टॉपर रही प्रतिष्ठा सिंह ने सोशल और कंप्यूटर साइंस में शत प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उनका इन दोनों विषयों में शुरू से रुझान रहा। वह आईटी के क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं। बेटी की इस उपलब्धि से संजीव कुमार उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि बेटी पढ़ाई को लेकर गंभीर रही है। प्रतिष्ठा ने सफलता का श्रेय शिक्षकों और माता पिता को दिया है।



परीक्षाफल आने के बाद बीबीएल पब्लिक स्कूल में खुशी मनाते 10 वीं और 12 वीं के छात्र-छात्राएं। • अमृत विचार



माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में सेल्फी लेकर छात्राओं ने संजोया कामयाबी का यादगार पल। • अमृत विचार



सफलता का जश्न। • अमृत विचार

## इस बार बोर्ड ने नहीं घोषित किए टॉपर, 80 फीसदी से अधिक छात्र-छात्राएं कामयाब

### स्कूलों के टॉपर

#### बीएल इंटरनेशनलः 10 वीं में मरियम, 12 वीं सुरेंद्र टॉपर

**बरेली,अमृत विचार :** बीएल इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा। 10 वीं में मरियम जाहिरा जैदी ने 95.6 फीसदी अंकों के साथ स्कूल में पहला स्थान हासिल किया है। इसके अलावा मो. हसन, मो.हसीफ, अनुभव सिंह, प्रियांशु, प्रभात राना और अभिषेक कुमार तिवारी ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। 12 वीं में सुरेंद्र कुमार ने 92 फीसदी अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। आरव पाठक, अमान राजा ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। अभय प्रताप सिंह, ओशी शर्मा और विवेक पाल ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

#### मदर्स पब्लिक स्कूल में अक्षरा ने किया टॉप

**बरेली,अमृत विचार :** मदर्स पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल बेहतर रहा। 12 वीं में अक्षरा तोमर ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। अरुणिमा ने 91.8, अनामिका ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 10 वीं कृतिका ने 96.4, देवांश सक्सेना ने 94.6, विनायक व सृष्टि ने 93.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्रधानाचार्य शीबा खान ने सभी को बधाई दी है।

#### पद्मावती स्कूलः 10 वीं में अमृता, 12 में स्नेहा प्रथम



**बरेली, अमृत विचार :** पद्मावती स्कूल के 10 वीं की छात्रा अमृता कुमार ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। मो. अल्तमश दूसरे और शिफा नूरी तीसरे स्थान पर रहीं। 12 वीं में स्नेहा 96.8 फीसदी अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहीं। मीत टंडन 91.4 अंकों के साथ दूसरे और लक्ष्य अरोड़ा 90.8 फीसदी अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। स्कूल के चेयरमैन पारुष अरोरा, डायरेक्टर पार्थ अरोरा, प्रिंसिपल ममता सक्सेना आदि शिक्षक और छात्रों को बधाई दी।

#### बेदी इंटरनेशनलः 12 वीं में प्रशस्ति पहले स्थान पर

बरेली, अमृत विचार : बेदी इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। 12 वीं में प्रशस्ति तिवारी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। अवन पाल ने 96.2 और यशस्विनी ठाकुर ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य जेके साहनी ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

#### शाश्वत स्कूल में दूसरे नंबर पर



**बरेली,अमृत विचार :** आईवीआरआई स्थित केंद्रीय विद्यालय में छात्र शाश्वत सिंह ने 12 वीं में 93.66 फीसदी अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय में माइक्रोबायलॉजी विभाग में कार्यरत पिता डा. संजय पटेल ने बताया कि बेटा सिविल सेवा की तैयारी कर रहा है।

#### राधा-माधवः बेहतर रहा छात्रों का प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार :** बीसलपुर रोड स्थित राधामाधव पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल अच्छा रहा। 12 वीं विज्ञान वर्ग में दिव्यांश ने 92.6, ईशिका ने 92.4 और उदय प्रताप ने 91.6 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। कामर्स ग्रुप में अलका गुप्ता, अनन्या वर्मा और स्नेहा ने 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कला वर्ग में अंशिका तिवारी, अग्रिमा तिवारी और तनिष्का ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य डा. धर्मेंद्र मित्तल ने सभी छात्रों को बधाई दी है।

#### सिविल सेवा में जाना चाहते हैं आनंद



आनंद मेहरोत्रा ने बीबीएल स्कूल से 12 वीं में 97.4 फीसदी अंक प्राप्त प्राप्त किए हैं। बताया कि परीक्षा के लिए वह शुरूआत से ही तैयारी में जुटे रहे। लगातार शिक्षकों के संपर्क में रहे। नोट्स से पढ़ाई करना अधिक कारगर रहा। वह सिविल सेवा में जाना चाहते हैं।

# वैवाहिक सम्मेलन में 35 रिश्ते तय, बिना दहेज शादी का संकल्प

- श्री अग्रवाल सभा कल्याण समिति के कार्यक्रम में दूसरे दिन वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान
- जल्द ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक साथ फेरे लेंगे सभी जोड़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसाइटी के कर्मचारीनगर के एक निजी बैंक्वेट हॉल में वैवाहिक परिचय सम्मेलन के दूसरे दिन सोमवार को दो सौ से ज्यादा युवक-युवतियों ने पंजीकरण कराया। दोनों दिन में छह सौ से ज्यादा पंजीकरण हुए, जिनमें परिजनों की सहमति पर 35 रिश्ते तय हो गए। ये सभी जोड़े जल्द ही सामूहिक वैवाहिक सम्मेलन में सात फेरे लेंगे। इस दौरान युवकों और उनके परिवार के लोगों की ओर से बिना दहेज शादी करने का भी संकल्प जताया गया।

दूसरे दिन परिचय सम्मेलन के मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल समेत सभी अतिथियों का पदाधिकारियों ने स्मृति चिह्न देकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। संजीव अग्रवाल ने अग्र समाज के युवक युवतियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कहा, वह अग्रवाल समाज का प्रतिनिधि होने पर गौरवान्वित हैं और समाज की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। राजर्षि ग्रुप के चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ समाज के लोग दूर-दूर से परिचय सम्मेलन में आए हैं, वह अवश्य पूरा होगा।

अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों की मेहनत से सभी विवाह योग्य बेटे-बेटियों का विवाह अवश्य तय होगा। श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसाइटी के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने बताया कि एक-डेढ़ महीने के भीतर भव्य विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा।



वैवाहिक परिचय सम्मेलन में विधायक संजीव अग्रवाल का स्वागत करते पदाधिकारी।

### सम्मेलन के बाद वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

मीडिया प्रभारी एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल ने बताया कि 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके अग्रवाल समाज के वरिष्ठ नागरिकों को पदाधिकारियो ने मंच पर फूलमाला, अंगवस्त्र पहनाकर स्मृति चिन्ह प्रदान किया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वृद्धजन सम्मान संयोजक कमल कुमार गोयल और विपिन कुमार अग्रवाल ने बताया कि लगभग 30 वरिष्ठजन का सम्मान किया गया। इनमें विष्णु अग्रवाल सर्राफ, विष्णु शंकर गोयल, टीएन अग्रवाल एडवोकेट, मीरा अग्रवाल, शिवकुमार अग्रवाल, गोपाल नारायन अग्रवाल, ओएन अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल, मुरारीलाल अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, सुषमा, मधुर अग्रवाल आदि शामिल थे। इस अवसर पर संरक्षक एडवोकेट अजय कुमार अग्रवाल,महामंत्री एड. दिनेश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल समेत समाज के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील मित्तल, प्रेमप्रकाश अग्रवाल, डॉ. नीरू अग्रवाल और आरती अग्रवाल ने किया।

## श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिन पर हुए कार्यक्रम



श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग।

**बरेली, अमृत विचार :** आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के 68 वें अवतरण दिवस पर सोमवार को शहर के विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान सांसें हो रहीं कम, आओ पेड़ लगाए हम के नारे के साथ सनसिटी विस्तार, महानगर ,सुरेश शर्मा नगर , भैरवनाथ पुरम आदि स्थानों पर पौधरोपण किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के कोर्स किए हुए लोगों के लिए सुदर्शन क्रिया का आयोजन डीडी पुरम के अर्बन कोऑपरेटिव बैंक, ग्रीन पार्क और रामपुर गार्डन में हुआ। 100 से अधिक लोगों ने इसमें भाग लिया।

आईएमए के सहयोग से आईएमए भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक, वालंटियर, शहर के प्रतिष्ठित लोगों ने इसमें भाग लिया। 21 लोगों ने रक्तदान किया। आकर्षण का केंद्र बेंगलुरु आश्रम से आए सुमेर संध्या के गायक गगन राठौर रहे। इस दौरान उत्तर प्रदेश के अपेक्स सदस्य सुनीत मूना, बरेली के जिला टीचर कोऑर्डिनेटर अमित ने आर्ट आफ लिविंग के कोर्सों की जानकारी दी। मुख्य रूप से डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कमेटी की सदस्य खुशी, राजेश, संदीप, पार्थो कुनार, गोपाल शरण, सौरभ मेहरोत्रा, सौरव वैश्य, रीना अग्रवाल,शेफाली, सारूल मौजूद रहीं।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

**कविता के जरिये मां की ममता को बयां किया : बरेली,अमृत विचार :** बरेली गजल फाउंडेशन की ओर से रोटरी भवन में हुए बज्म ए सुखम मुशायरे में निर्दोष कुमार ने कविता के जरिये मां की ममता को बयां किया। डॉ. बृजभूषण ने भी काव्य पाठ किया। सलमान अयाज,रिजवान खान, प्रकाश मित्रवत, बिहार के मनोज पांडे,अमेठी के दीपक मिश्रा, शाहजहांपुर से अतुल पंडित, अर्श, श्वेता, सुनैना व अन्य कवि मौजूद रहे।

### कोरल मोटर्स में नई स्विफ्ट इपिक का अनावरण



**बरेली, अमृत विचार :** स्टेशन रोड स्थित मारुति अधिकृत एरिना शोरूम कोरल मोटर्स पर सोमवार को नई स्विफ्ट ईपिक का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक संजीव अग्रवाल रहे। कंपनी के एमडी अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि कार फोर्थ जनरेशन सेफ्टी फीचर्स के साथ लांच की गई है, जो अन्य कारों से इसे बेहतर बनाती है। जेड सीरीज इंजन समेत अन्य खूबियों से लैस स्विफ्ट की बाजार में मांग है। कंपनी के जीएम शैलेंद्र ने बताया कि ग्रुप की ओर से 10 कारों की बुकिंग की गई है। कोरल मोटर्स के डायरेक्टर राकेश कुमार, इला अग्रवाल, एच मैनेजर नुपूर सक्सेना, सेल्स मैनेजर प्रणव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### जीवन प्रमाणन नहीं कराने के कारण 15 सौ पेंशनरों के खातों में पांच साल से नहीं पहुंच रही पेंशन



अनिल कुमार।

**बरेली, अमृत विचार :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के बरेली क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर सहित आठ जिलों में 30 हजार लोगों को पेंशन दी जाती है, लेकिन जीवन प्रमाणन न होने से करीब 15 सौ पेंशनरों के खातों में पांच वर्षों से पेंशन नहीं पहुंच पा रही है। सोमवार को कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में क्षेत्रीय आयुक्त अनिल कुमार ने बताया कि संगठन के अंशधारकों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि उन्हें सभी सुविधाओं का लाभ मिल सके। बताया कि पेंशनर अपने नजदीकी सीएससी, जनसुविधा केंद्र या अपने बैंक की मुख्य शाखा में भी अपना डिजिटल जीवन प्रमाणन करवा सकते हैं। यदि वे स्मार्ट फोन का प्रयोग करते हैं तो वे घर बैठे भी कर सकते हैं।

### प्रयाग मिल्क ने लांच किया नया लोगो



**बरेली, अमृत विचार :** प्रीमियर एग्री फूड कंपनी की ओर से रविवार को शहर के एक होटल में डीलर मीट का आयोजन हुआ, जिसमें कंपनी ने अपने प्रयाग मिल्क और मिल्क प्रोडक्टस के नए लोगो की लांचिंग की। आयोजन में प्रदेश भर से सभी डीलर पहुंचे। कंपनी के एमडी आशीष गुप्ता ने नए लोगो की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रयाग मिल्क ने अब पनीर भी नए कलेवर में लांच किया है। बहुत जल्द कंपनी चिप्स को कई फ्लेवर में बनाने वाली है। बिजनेस हेड आशीष जायसवाल, सीएमडी जगमोहन मौजूद रहे।

School Education
ADMISSION
OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

EXCELLENT IAS ACADEMY
www.excellentias.org
विगत 14 वर्षों की सफलता के साथ.....सिविल सेवा परीक्षा के लिये समर्पित बरेली का सर्वोत्तम संस्थान
अजीत सिंह के निर्देशन में प्रयागराज व दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा संचालित
IAS/PCS
नये बैच शीघ्र प्रारम्भ
अब रामपुर गार्डन में
उपदेश कुमार (डिप्टी जेलर)
उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा 2023 में चयनित
7983948124, 9935264849
FULLY AC SMART CLASS ROOMS
L/2A35, रामपुर गार्डन, पतंजलि स्टोर के सामने, बरेली

बासुबरल सरस्वती विहार
सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, बरेली (सी.बी.एस.ई. दिल्ली से सम्बद्ध)
संकाय-गणित, विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी माध्यम अंग्रेजी)
प्रवेश प्रारम्भ I to XIIth सत्र 2024-25
शीघ्र करें! सीमित स्थान उपलब्ध।
विशेषताएं : • 06 एकड़ का प्रदूषण मुक्त विद्यालय परिसर • सामान्य शुल्क उच्चतम नैतिक मूल्य • स्मार्ट कक्षाएं • डिजिटाइजेशन द्वारा विद्यालय संचालन • सी.सी.टी.वी. से सुरक्षित विद्यालय प्रांगण • छात्र/छात्राओं का फीडबैक अभिभावक को आनलाइन उपलब्ध • परिवहन सुविधा उपलब्ध • खेलकूद क्रिया कलापों से अग्रणी
नोट : • पाल्य का प्रवेश योग्यता/प्रवेश परीक्षा पर आधारित होगा • नवीन सत्र 1 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ • नियमित शिक्षण कार्य प्रारम्भ अत: शीघ्र करें • प्रोस्पेक्टस/प्रवेश पत्र विद्यालय में उपलब्ध है
अपना घर परिसर, बीसलपुर रोड, बरेली पिन-243006
मो. : 7983035601, 8791688082, 8869098082

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2024-25
LL.B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
8630182679, 7983811321
9411472001, 9690263708 & 9837485855
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

# आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त
ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223



# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# इफको खाद की डीलरशिप देने के नाम पर 10 लाख की ठगी

## एसएसपी के आदेश पर साइबर क्राइम पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इफको खाद की डीलरशिप देने के नाम पर जालसाजों ने युवक से 10.32 लाख की ठगी कर ली। आरोप है कि खाते में रुपये डलवाने के बाद आरोपियों ने फोन बंद कर लिए। एसएसपी के आदेश पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

मीरगंज के संजरपुर गांव निवासी गेंदन लाल ने बताया कि उनके मोबाइल पर इफको खाद की डीलरशिप प्राप्त करने का नोटिफिकेशन आया था। इसे देखने के बाद उन्होंने एक फॉर्म सबमिट किया। आरोप है इसके बाद इफ्को के रीजनल ऑफिस से एक व्यक्ति ने फोन किया। उसने खुद को इफको का अधिकारी बताते हुए बात की। बात-चीत के दौरान कहा कि वह होलसेल लीडरशिप के बारे में पूरी जानकारी देंगे। उसने तमाम दस्तावेज भेजे। इसमें फार्म, लाइसेंस, अप्रूवल लेटर, एग्रीमेंट भेजा। खुद को इफको के अधिकारी बताने वाले व्यक्ति ने इफ्को लिमिटेड के नाम से पंजाब नेशनल बैंक के खाते में नेट और आरटीजीएस के जरिए रुपये भेजने को कहा। इसपर गेंदन लाल ने चार बार में 10 लाख 32 हजार 468 रुपये ट्रांसफर कर दिए। कैश मिलने के बाद धोखेबाजों ने मोबाइल उठाना बंद कर दिया। बाद पता चला कि मामला फर्जी था। उनके साथ साइबर ठगी हुई है। इसकी शिकायत एसएसपी से की गई। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

- **खाते में पहले जमा कराए रुपये फिर फोन उठाना किया बंद**

### ठगों ने कागजात लेकर लोन करा लिया

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर क्षेत्र की एक महिला ने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखकर उसमें दिए गए नंबर पर उच्च शिक्षा के लिए संपर्क किया। ठगों ने निजी जानकारी लेते हुए कागजात मंगा कर लोन ले लिया। महिला ने मामले में एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।शास्त्रीनगर टेलीफोन कालोनी की मिनाक्षी सक्सेना ने बताया कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर काउंसिल इंडिया सर्विस प्राइवेट लिमिटेड का विज्ञापन देखा था। जिसमें दिए गए नंबर पर मई 2023 में संपर्क किया। आरोप है कि कंपनी के एडवरटाइजिंग हेड शांतनु ने मास्टर कोर्स, इंटर्नशिप और क्लैप कोर्स करने का झांसा दिया और 90 हजार रुपये फीस बताई। जबकि अंकुश शर्मा ने खुद को कंपनी का एडमिशन हेड बताकर आधार, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेज मांग लिए। मोबाइल पर ओटीपी आया तो वह भी महिला से ले लिया। महिला से 3750 रुपये भी ट्रांसफर करा लिए। बाद में पता चला कि शातिरों ने महिला के कागजों पर 86 हजार रुपये का लोन ले लिया। आरोप है कि कंपनी के सीईओ शिवम दीक्षित से शिकायत की तो जान से मारने की धमकी दी गई।

## रिसेप्शन पार्टी में गोली मारकर हत्या की कोशिश, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने तीन युवक और उनके साथियों पर रिसेप्शन पार्टी के दौरान फायरिंग कर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि 19 अप्रैल की रात वह दोस्त प्रशांत के साथ उसके रिश्तेदार की रिसेप्शन पार्टी में गए थे। डीजे के पास खाना खा रहे थे। आरोप है कि डीजे पर गाना बजाने को लेकर रोहित ने उन्हें लात मार दी। वह खाने की प्लेट लेकर डीजे पर गिर पड़े। इसको लेकर मारपीट हुई। इस बीच रोहित ने दोस्त सिप्पी उर्फ टाटा और अज्ञात लोगों को बुलाया। पार्टी पैलेस में आते ही सिप्पी उर्फ टाटा ने उसके दोस्त की गाड़ी की चाबी छीन ली। इतने में रोहित एक और दोस्त आ गया। उसने स्कूटी से उतरते ही तमंचा निकाल कर चार राउंड फायर किए। उन्होंने किसी तरह जान बचाई। उन्होंने मॉडल टाउन चौकी इंचार्ज वैभव गुप्ता से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रोहित, सिप्पी उर्फ टाटा समेत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पुलिस ने 12 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर को पकड़ा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** पुलिस ने 12 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान भिटौरा रेलवे फाटक से रोहित कश्यप निवासी ग्राम कुरतरा को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 12 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि वह स्मैक फरीदपुर टोल प्लाजा के पास से एक व्यक्ति से खरीदकर लाता है और फिर उसे क्षेत्र में बेचता है।

## सड़क हादसे में डॉक्टर की मौत

बरेली/फतेहगंज पश्चिमी

- **शाहजहांपुर से मुरादाबाद के लिए बाइक से जा रहे थे अमन**
- **फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में शंखा पुल पर हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर के रहने वाले डॉक्टर की फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में शंखा पुल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ, जब वह घर से मुरादाबाद बुलेट से ड्यूटी के लिए निकले थे। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। जिससे वाहन की पहचान कर चालक को गिरफ्तार किया जा सके।

शाहजहांपुर के पुवायां रतनकूंडा निवासी अमन कुमार शर्मा (28) मुरादाबाद के एक अस्पताल में चिकित्सक थे। वह रविवार रात घर से मुरादाबाद ड्यूटी पर जाने की बात कहकर निकले थे। जब वह बुलेट से फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में शंखा पुल के पास पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेब की तलाश ली तो आईडी से उनकी पहचान हुई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए परिजनों को सूचना दी। थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि अभी मामले में तहरीर नहीं मिली है।

## डूडा कार्यालय ने किया आगाह...बिचौलियों और दलालों से रहें सावधान

**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में आवास दिलाने के नाम पर अवैध वसूली करने की शिकायतें अक्सर सुर्खियां बनती हैं। कई माह पूर्व छापा मारकर कार्यालय में दलालों को डीएम की ओर से पकड़ा भी जा चुका है, मगर इसके बाद भी पात्रों से योजना के नाम अवैध वसूली करने के मामले सामने आते रहे हैं। इस तरह के मामलों को लेकर अब परियोजना अधिकारी डूडा को विज्ञप्ति जारी कर लोगों को आगाह कर यह कहना पड़ रहा है कि अगर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) आवास के नाम पर कोई व्यक्ति किसी पात्र से पैसे की मांग करता है तो डूडा कार्यालय, संबंधित पालिका, नगर पंचायत में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।


डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician



- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली
मो. 6398965384

गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहांपुर


### लिव-इन में रहने से मना करने पर चाकू से किया घायल

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में लिव–इन रिलेशनशिप में रहने से महिला ने मना किया तो युवक ने चाकू हमला कर घायल कर दिया। बेटी ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। संजय नगर स्थित गोपाल नगर की रहने वाली महिला ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे वह बेटी के साथ काम से घर से बाहर निकली। इस दौरान गली में कालीबाड़ी निवासी अमर सिंह बैठा था। अमर सिंह महिला के साथ लिव–इन रिलेशनशिप में रह चुका था। आरोप है कि अमर सिंह ने उसे लिव–इन में रहने के लिए दबाव बनाया। महिला ने इन्कार कर दिया। इसपर उसने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। बेटी ने बचाने की कोशिश की तो उसे पीटा। शोर सुनकर लोग बचाने दौड़े तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### बाइक न मिलने पर तोड़ा रिश्ता, फोटो किया वायरल

**बरेली, अमृत विचार :** एक युवती ने युवक पर बाइक न मिलने पर शादी का रिश्ता तोड़ने और अश्लील फोटो वायरल कर करने का आरोप लगाया है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाषनगर क्षेत्र की युवती ने बताया कि उसका विवाह चार वर्ष पूर्व हरिहर पाठक उर्फ हिमांशु निवासी मोहल्ला परा फरीदपुर के साथ तय हुआ था। 18 फरवरी को हिमांशु की बहन की शादी के बाद युवती के घर वालों लड़का पक्ष से विवाह की तारीख निश्चित करने को कहा। आरोप है कि हिमांशु और उसकी मां गिरिजा देवी और पिता अनिल पाठक ने दहेज में बुलेट व नकद रुपये देने की मांग की। मांग पूरी न होने पर लड़का पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। आरोप है कि हिमांशु कई बार उसे बाहर मिलने को भी बुलाता था। युवती की कुछ आपत्तिजनक फोटो थे। जिन्हें वायरल कर दिया।

### महिला से दुष्कर्म की कोशिश, कपड़े फाड़े

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में एक युवक नशे में महिला के घर में घुस गया। उसने महिला के गर्दन पर चाकू रखकर दुष्कर्म करने की कोशिश की। विरोध पर महिला को पीटा और कपड़े फाड़ दिए। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि 30 मार्च को पति बाहर गए हुए थे। आरोप है कि रात में उसके मोहल्ले का आलम बेग शराब के नशे में महिला के घर में घुस गया। महिला की गर्दन पर चाकू रखकर वह दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। विरोध करने पर उसने महिला के कपड़े फाड़ दिए और पीटा। अगले दिन पति घर लौटे तो महिला ने घटना की जानकारी दी। पति आरोपी के परिजनों से शिकायत करने घर गए। वहां आरोपी के भाई मुकर्रम उर्फ मिक्की, भतीजा रजा खान और सोहेल अहमद ने महिला के पति के साथ मारपीट की। पुलिस से शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने मामले की शिकायत एसएसपी से की।

### जाम लगाने वाले ऑटो चालकों पर कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** जंक्शन पर नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े होने से जाम लगा रहा है। सोमवार को आरपीएफ की टीम अभियान चलाया तो ऑटो चालकों में खलबली मच गई। टीम ने दो ऑटो चालकों को पकड़कर कार्रवाई की है। वहीं, आरपीएफ ने चार अवैध वेंडरों को भी पकड़ा है। यह वेंडर ट्रेनों में यात्रियों को मनमाने दामों पर खाने पीने का सामान बेच रहे थे।

### मंदिर से पीतल की मूर्ति चोरी, दो लोगों पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस ने मंदिर से पीतल की मूर्ति चोरी करने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। करगैना की रहने वाली राधा शर्मा ने बताया कि रविवार शाम वह घर के सामने किसी से बात कर रही थीं। आरोप है कि इसी बीच करगैना निवासी अजय साहू और भूपेन्द्र मंदिर में घुसे और पीतल की मूर्ति को देखने लगे। घर के अंदर से होकर राधा बाहर आईं तो देखा मंदिर से पीतल की मूर्ति लेकर दोनों निकल रहे थे। उन्होंने दोनों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### दो वाहन चोर गिरफ्तार, कार और पिकअप बरामद

**बरेली, अमृत विचार :** किला पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर दो कारें, पिकअप और एक कटी हुई बाइक बरामद की है। किला पुलिस और एसओजी ने किला क्षेत्र के छोटी करबला के सामने रोड से जखीरा के यूसुफ और मिनी बाईपास पर जीएस मोटर्स नाम के गैराज से सीबीगंज जौहरपुर निवासी सहजिल को गिरफ्तार किया है।

# मेधावियों की कामयाबी पर ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में भी जश्न

## सीबीएसई की परीक्षा में ग्रामीण इलाकों के होनहारों ने भी किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** सीबीएसई ने सोमवार को इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के नतीजे घोषित कर दिए। 12वीं में इलाके में गाडविन स्कूल के कामर्स वर्ग के छात्र अंश गुप्ता ने सर्वाधिक 95 फीसदी अंक पाए। रिया गंगवार ने 94 फीसदी और अंश शर्मा ने 89 फीसदी अंक पाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विज्ञान वर्ग में ज्ञानेंद्र 85 फीसदी अंकों के साथ पहले और अंशिका शर्मा व विशाल 84 फीसदी अंक पाकर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। इसी स्कूल के हाईस्कूल के छात्र ऐश खान 94, उमरा खान 93 व ऋषि मौर्य 90 फीसदी अंकों के साथ क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। नेशनल पब्लिक स्कूल के इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग के छात्र नैतिक गुप्ता 94 फीसदी अंक पाकर स्कूल टॉपर रहे। रिकिता सिंह को 87 व अलीजा नूरी को 82.6 फीसदी अंक मिले। वाणिज्य वर्ग में पूजा भारद्वाज को 81.6, बरीरा को 75.4 और खुश मनदीप कौर को 72 फीसदी अंक मिले।


अंश गुप्ता।


अंशिका शर्मा।


ऐश खान।


रिषी मौर्य।

### मानस स्थली : कई का परिणाम 90 प्रतिशत से पार

**फरीदपुर, अमृत विचार :** मानस स्थली स्कूल में शिवम वैष्णव ने कक्षा 10 और गुरु कीरत सिंह ने कक्षा 12 में टॉप किया। धनंजय ने हिंदी में शत प्रतिशत अंक पाए। मानसस्थली पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 और 12 की परीक्षाओं का परिणाम बेहतर रहा। कक्षा 10 में 96.2 प्रतिशत अंक पाकर शिवम वार्ष्णेय प्रथम स्थान पर रहे। धनंजय सिंह ने 94.2 प्रतिशत, अद्विक अग्रवाल ने 92.2 प्रतिशत, आदित्य सिंह ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 में गुरकीरत सिंह ने 92.6 प्रतिशत, खुशी अग्रवाल ने 88.8 प्रतिशत, अर्पित मित्तल ने 85.8 प्रतिशत, लोकेश प्रताप सिंह ने 85.4 प्रतिशत प्राप्त किए। कक्षा 12 में अर्पित मित्तल ने अंग्रेजी में 95 प्रतिशत और गणित में 86 प्रतिशत, खुशी अग्रवाल ने जीव विज्ञान में 99 और रसायन विज्ञान में 88 प्रतिशत, गुरुकीरत ने फिजिकल एजुकेशन में 98 अंक और अर्थशास्त्र और अकाउंटेंसी में 95-95 अंक प्राप्त किए। 10वीं में शिवम वार्ष्णेय ने अंग्रेजी में 98, साइंस में 99, गणित में 96, इट में 96 फीसदी अंक पाए। धनंजय सिंह ने 100 अंक सामाजिक विज्ञान में अद्विक अग्रवाल ने 97 अंक प्राप्त किए।

### अय्यान ने 95 तो अल्तमस ने 88 फीसदी अंक प्राप्त किए

**रिठौरा, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत खाईखेड़ा के पूर्व प्रधान इदरीश इशरत बी के बेटे अय्यान ने 95 प्रतिशत अंक लाकर मां-बाप के सपनों को साकार किया। वहीं नगर के मोहल्ला इंद्रपुरी के पूर्व सभासद अब्दुल हलीम के बेटे अल्तमस के बेटे ने हाईस्कूल की परीक्षा में 88 प्रतिशत अंक लाकर परिजनों एवं शिक्षकों का मान बढ़ाया है। शिक्षक प्रदीप कुमार गुप्ता, डॉक्टर अल्ताफ अंसारी, डाक्टर नाजिया, पूर्व सभासद सलीम, सहित तमाम लोगों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी है।



### बीडीएम के छात्रों ने फिर बढ़ाया मान

**मीरगंज, अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड ने 10वीं और 12वीं का रिजल्ट सोमवार को घोषित कर दिया है। बीडीएम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लड़कियों का 10वीं में प्रदर्शन अच्छा रहा है। छात्र देव ने 93.33% के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तनु पांडेय 93.16% के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। कशिश चौधरी ने 92.33% अंकों से तीसरा स्थान, शीतल ने 91.5% अंकों से चौथा स्थान तथा शौर्य प्रताप कौशिक और सोनू ने 88.5% अंकों से पांचवां स्थान प्राप्त किया। सोनू ने आईटी में 100 अंक प्राप्त किए वहीं शीतल ने आईटी में 99 अंक तथा कशिश ने हिंदी में 99 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के सभी छात्र अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12 में शिवा रानी ने 83.4% अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं नीलाक्षी ने 82.6% अंक से दूसरा तथा जपमन कौर 78.8 फीसदी अंकों से तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यालय के वाइस चेयरमैन अचल मिश्रा ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाई एवं विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या नमिता दीक्षित ने सभी छात्रों को बधाई दी।

### सीबीएसई के होनहार


देव
93.33 फीसदी


तनु पांडेय
93.16 फीसदी


अदिति धनराज
87.2 फीसदी


शिवा रानी
83.4 फीसदी

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

### इफको केवी का 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**आंवला, अमृत विचार :** सीबीएसई ने सोमवार दोपहर 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। परिणाम जारी होते ही छात्रों के चेहरे खिल उठे। बेहतर अंक पाने बाले छात्रों को दिन भर बधाई देने वालों की भीड़ लगी रही।कक्षा 10 में 41, और कक्षा 12 में 34 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। कक्षा 10 में दानिया रजा 96.6, अश्विन कुमार 94.2, खुशी संगल 93.8, अनुष्का त्रिपाठी, 93.6, शिवानी मिश्रा 93.6, रजनीश कुमार 92.8, उन्नति निगम 92, मोहम्मद याजदान राशिद 91.8, प्रखर मिश्रा 91.8, साहस पाण्डेय 91.4, मुस्कान बी 91.2, प्रियम शर्मा 90.8, प्रतिका पाण्डेय 90.2 प्रतिशत, कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में अरनेस कुमार 95, अर्चित नारायण 93, वैभव गुप्ता 92 प्रतिशत, कला वर्ग में अर्पिता सिंह 91.6, वशिष्ठ सिंह 91, कोमल मौर्य 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति अध्यक्ष राकेश पुरी, नामित अध्यक्ष पी वी के शास्त्री, प्रधानाचार्या अमिता सिंह समेत समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी है। आंवला के सर गंगाराम सरस्वती ज्ञान पीठ सीनियर सेकेंड्री स्कूल का कक्षा 10 और 12 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10 में शिवहरि सिंह 85, ज्ञान प्रकाश 81.8, अनुराग सिंह 81.6, विजय वर्मा 79.4, आभास शुक्ला 75.2 प्रतिशत, कक्षा 12 में गोविंद अग्रवाल 82, पुल्कित मिश्रा 78, उर्वशी यादव 71 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधक सरनाम सिंह यादव, प्रधानाचार्य आरती यादव समेत समस्त स्टाफ ने उत्तीर्ण छात्रों को बधाई दी है। वहीं नगर के बाल विद्यापीठ सीनियर सेकेंड्री स्कूल में कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम 92 और कक्षा 12 का 90 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 10 में निशांत सिंह राना 93.4, देव गुप्ता 92.2, नीशू सिंह चौहान 90.6 प्रतिशत, कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में आर्यन दीक्षित 94.2, अनुष्का पटेल 88.8, लक्ष्य शर्मा 87.4, वाणिज्य वर्ग में सार्थिका त्रिपाठी 80.6, उदय प्रताप सिंह 78.8, प्रभुता वर्मा 76.2 प्रतिशत अंक पाने में सफल रहे।


प्रियम शर्मा।


अर्पिता सिंह।


खुशी संगल।


वशिष्ठ सिंह।

### सेक्रेड हार्टस स्कूल के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** सेक्रेड हार्टस सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल अंश अग्रवाल ने 97.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर गरिमा शर्मा रहे, जिन्होंने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 95.4 प्रतिशत अंक लाकर मो अमान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की निदेशिका राधा सिंह, डायरेक्टर निर्भय बेनीवाल एवं प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला वाजपेयी ने विद्यार्थियों की सफलता के लिए समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। वहीं इंटरमीडिएट के विज्ञान वर्ग में अक्षित अग्रवाल ने 94.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में टॉप किया वहीं कॉमर्स वर्ग में यश कुमार ने 93.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया।



### 12वीं में कमल साहू ने पाए 94 तो 10वीं अंश ने प्राप्त किए 91 फीसदी अंक

हांडा पब्लिक स्कूल के छात्रों का 12वीं में 98% और 10वीं में 100% परिणाम रहा। 12वीं में कमल साहू 94% के साथ स्कूल टॉपर रहे, अन्य छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 10वीं में अंश गंगवार ने 91% अंक प्राप्त किए। डॉ. अंशिका जॉर्ज प्रिंसिपल ने कहा, उल्लेखनीय परिणाम शिक्षकों और छात्रों की सामूहिक कड़ी मेहनत का परिणाम है जो उनकी स्थिरता और ईमानदारी को दर्शाती है। स्कूल की प्रबंधिका प्रवीन हांडा मैडम ने बच्चों के अच्छे परिणाम लाने पर उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।


कमल साहू।


अंश गंगवार।

### साबरी और मदर्स स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कैंट,अमृत विचार :** मदर्स पब्लिक स्कूल, महेशपुरा और ठिरिया निजाबत खां के साबरी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अच्छे नम्बरों से परीक्षा उत्तीर्ण की है। साबरी पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र असीम सिद्दीकी ने विद्यालय में 95% अंक पाकर प्रथम स्थान, खदीजा ने 94.6 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा स्थान व मोहम्मद जीशान रजा ने 93% अंक पाकर तीसरा स्थान तथा फलाह खान ने 91.2% अंक पाकर चौथा स्थान हासिल किया है। स्कूल चेयरमैन साजिद खान तथा प्रधानाचार्य शाहनवाज खान ने छात्रों के इस अभूतपूर्व परिणाम पर छात्रों, शिक्षकों तथा उनके माता-पिता को शुभकामनाएं दी हैं। वहीं मदर्स पब्लिक स्कूल के इंटरमीडिएट की छात्रा अक्षिरा तोमर ने विद्यालय में 92.4% अंक पाकर पहला, अरूणिमा पालिट ने 91.8% अंक पाकर दूसरा व अनामिका ने 91.2% अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल किया है। और हाई स्कूल की कृतिका तोमर ने 96.4%, देवांश शर्मा ने 96.6%, विनायक श्रीवास्तव ने 93.8%, सृष्टि तोमर ने 93.8%, भावना गोले ने 93.6 फीसदी, रितिका गोले ने 93.4%, वैष्णवी ने 93.4 फीसदी और कशिश सिंह ने 93.2% अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रबंधक राजेश यादव व प्रधानाचार्या शीबा खान ने उत्तीर्ण सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।




फलाह खान।


जीशान रजा।


असीम सिद्दीकी

# बेटी के जन्म के बाद महिला को पीटकर घर से निकाला

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** नवाबगंज के मोहल्ला नई बस्ती के एहसान शाह की पुत्री सायरा ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी नौ वर्ष पहले सितारगंज के एक गांव में हुई थी। इस दौरान उसने दो पुत्रियों को जन्म दिया। दूसरी बेटी का जन्म 26 फरवरी को मायके में नवाबगंज सीएचसी में हुआ था।

दूसरी बेटी के जन्म के बाद से ससुराल बाले उसे बेटा पैदा न करने का ताना देने के साथ ही दहेज को लेकर भी ताना देने लगे। आरोप है कि 9 मई को ससुराल वालों ने सायरा की पिटाई की और उसके मायके वालों से उसे बुलाने को कहा। घटना के बाद उसने सितारगंज थाने मे भी शिकायत की। हालत खराब होने के चलते उसके मायके वाले उसे नवाबगंज ले आए। जिसके बाद 12 मई को उसकी सास व देवर मायके आए और धमकी देकर चले गए।

### दहेज के लिए विवाहिता को किया प्रताड़ित

**आंवला, अमृत विचार :** दहेज लोभी ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता मायके रहनी लगी। परंतु वह लोग वहां भी पहुंच गए और उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने पति समेत 7 ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहल्ला खेड़ा निवासी हरीश कश्यप की बेटी दिव्या ने बताया कि उसकी शादी 18 माह पूर्व ग्राम किरा मिलक रामपुर निवासी विक्की के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली दहेज से खुश नहीं हुए। बाइक और दो लाख नकदी की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर उन्होंने 9 मई की दोपहर मारपीट कर घर से निकाल दिया। रविवार की दोपहर ससुराली उसके मायके आ गये और उसके साथ पुन: मारपीट की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति विक्की, केशर, रोशनलाल, नरेश, ज्योति, दुर्गेश, सरोज निवासी किरा मिलक रामपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दहेज मांग रहे ससुराल वाले

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज के गांव याकूबपुर की सुनीता ने थाने पर तहरीर देकर कहा है कि उसके पति और ससुर ने उसे 10 मई को दहेज में अतिरिक्त एक लाख नकद और बाइक के लिए उसके साथ मारपीट करके घर से निकाल दिया। आरोप है कि उसके पति के दूसरी महिला से संबंध हैं जिसके चलते वह उस पर बेबुनियाद आरोप लगाता है। पति उसके साथ मारपीट करता हैं। पुलिस मामले की जांच कर कर रही है।

K.M.CONVENT COLLEGE
REQUIRED
To Teach/Office for Primary & Junior Section(N.C.to VIII)
Sub: Science, Maths, English, Social Science, Sports Teacher, Music Teacher, Computer Operator etc.
: Qualification :
Trained Graduate/Post Graduate /B.Ed & Fluent in English.
Salary upto 40000/- PM
Can send their biodatas within one week to the following address/ Whatsapp
CHAIRMAN
8171114080, 9720087217
Nawada Kanja, Waqarganj, Jahanabad, Pilibhit

### दुनका में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**दुनका, अमृत विचार :** दुनका क्षेत्र में गांव ठिरिया कल्याणपुर में एक विवाहिता की सोमवार सुबह मौत हो गई, उसके ससुरालियों का कहना है कि उसकी हार्ट अटैक से मौत हुई है, जबकि मृतका के पिता ने जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी ली।मृतका अंशिका के पिता अवधेश शर्मा का कहना है कि उन्होंने बेटी की शादी फरवरी 2022 में कुलदीप शर्मा की थी। सुबह उन्हें बेटी की मौत की सूचना मिली तो वह परिवार के साथ वहां पहुंचे तो शव को देखने से लग रहा था कि उसे जहर देकर मारा गया। उसने 112 नंबर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के बाद दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक विवाद होता रहा। ग्रामीणों ने दोनों पक्षों में समझौता कर दिया, जिसके बाद मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण में पढ़ाने का तरीका सिखाया

**शेरगढ़ ,अमृत विचार :** रॉकेट लर्निंग संस्था के तत्वाधान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिसमें कौशल विकास एवं क्षमता संवर्धन पर विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों को अक्षर ज्ञान सिखाने के साथ ही खेल-खेल में शिक्षा देने का तरीका बताया गया। सोमवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के एक दिवसीय कौशल विकास पर आधारित क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में सीडीपीओ भानु प्रताप सिंह ने विभिन्न कौशल आयामों पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर जिला कोऑर्डिनेटर अदिति आर्या,मुख्य सेविका सुमन श्रीवास्तव,सिरजाबती देवी,ब्लॉक कोऑर्डिनेटर इंतजार हुसैन,वीरेंद्र सिंह नेगी मौजूद रहे।

### शराब पिलाकर जेब से निकाले रुपये, पुलिस से शिकायत

**देवरनियां , अमृत विचार :** एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कुछ लोगों ने उसके पिता को शराब पिलाकर उनके जेब से पच्चीस हजार रुपये निकाल लिए। बिहारीपुर इस्तमरार के रहने वाले विजय पाल ने बताया कि 10 मई को उसके पिता सत्यवीर ने बैंक से रुपये निकालने गए थे।जिसकी जानकारी कुछ लोगों को हुई तो उन लोगों ने उन्हें शराब पिलाकर उनकी जेब से रुपये निकाल लिए और उन्हें बेहोशी के हालत में शाम को उसके घर छोड़ गए। तलाशी लेने पर जब उसकी पिता की जेब में रुपए नहीं मिले तो उसने एक ग्रामीण के घर जाकर जानकारी की तो उसके साथ गाली गलौज करके भगा दिया।

### मधुमक्खी पालकों से दबंगों ने की मारपीट

**देवरनियां, अमृत विचार :** मधुमक्खी पालक राजकुमार निवासी सिंगतरा कोतवाली देवरनियां ने बताया कि वह रविवार रात करीब दस बजे मधुमक्खी के डिब्बे फरीदपुर से सेमीखेड़ा लाया था।राजीव गंगवार के खेत में रखने के लिए डिब्बों को गाड़ी से उतार रहा था।इसी दौरान केशव ,रोहित , कमल गौरी शंकर और दस से बारह अन्य लोगों ने उस पर और उसके साथियों पर हमला कर दिया। आरोप है कि तमंचे से फायर करने के साथ ही तलवार से भी हमला किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अनीस खान को गलत चाल चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में किए गए समस्त प्रकार के कृत्यों के लिए वह खुद जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **हनीफ खान पुत्र नवी खान मोहानपुर कैंट बरेली**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शकूर अहमद व उसकी पत्नी निशा बेगम को गलत व्यवहार एवं दुर्व्यवहार के कारण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **आमना पत्नी छुटकन निवासी ग्राम सिंघाई मुराबान केसरपुर, जिला बरेली।**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माताजी श्रीमती नेमवती पत्नी स्व. वेद राम की मृत्यु दिनांक 31.05.2023 को हो चुकी है। उनके बैंक एकाउंट नं. 26808100004232 में मेरा नाम त्रुटिवश Abhishek अंकित हो गया है जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम Aman Babu अंकित है। Abhishek व Aman Babu दोनों मेरे ही नाम है और मुझे इन दोनों नामों से जाना-पहचाना जाता है। **अमन बाबू पुत्र स्व. वेद राम निवासी ग्राम वीरपुर मकरूका तह. व जिला बरेली।**

सूचना
मैंने और मेरी पत्नी न्याजमीन ने अपने पुत्र जुनैत खान पुत्रवधू सदव खान को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा परिवार के किसी सदस्य का इससे कोई सरोकार वास्ता नहीं है। **निशार हुसैन पुत्र अन्सार हुसैन निवासी नई बस्ती थाना कोतवाली शहर बदायूँ।**

बाबा पं. रामचन्द्र शर्मा महाविद्यालय
वजीरगंज मार्ग, अम्बियापुर, बिल्सी (बदायूँ)
(एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)
E-mail : mjp331@mjpru.ac.in
आवश्यकता है
1. प्राचार्य-एक पद
2. प्रवक्ता कला संकाय-एक पद
हिन्दी, अंग्रेजी, गृहविज्ञान, संगीत, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र
3. प्रवक्ता विज्ञान संकाय-एक पद
जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान
योग्यता-MJPRU/UGC के मानकानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन, सत्यापित प्रमाणपत्रों की छायाप्रति एवं फोटो के साथ कॉलेज प्रबन्धक के नाम विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिन के अन्दर भेजें-
मो. 9412445246, 9412535987
प्रबन्धक-प्रशान्त शर्मा

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
100% Scholarship D. Pharm (In take 60 Seats)
100% Scholarship B. Pharm (In take 60 Seats)
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:7521001993
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com



### पाकड़ का पेड़ गिरा दो लोग घायल

**फतेहगंज पूर्वी , अमृत विचार :** वर्षों पुराना पकड़ का पेड़ सोमवार शाम को अचानक गिर गया।पेड़ के नीचे छह लोग दब गए , जिन्हें आनन- फानन में निकाला गया, जिनमें से दो लोग घायल हो गए, वहीं खड़ा एक ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया। कस्बे की सब्जी मंडी तिराहे पर मोहल्ला नई बस्ती में सरदार जी की दुकान के करीब में खड़ा पुराना पाकड़ पेड़ सोमवार रात गिर गया। पेड़ के नीचे ठेला लगाए खड़े छह लोग दब गए, जिन्हें मौके पर पहुंचे लोगों ने निकाला। पुलिस ने गंभीर घायल मोहल्ला उत्तमगंज पश्चिमी निवासी रहमान, जिशान को इलाज के लिए भेजा। वहीं ट्रैक्टर चालक समेत अन्य लोग मामूली लोग से घायल हुए।

### भूख प्यास से हुई मानसिक मंदित की मौत

**संवाद कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के गांव बभिया में सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे एक मानसिक मंदित की भूख प्यास से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कैंट पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामवीर (55) कैंट के गांव बभिया का मूल निवासी था। करीब 20 साल से थाना अलीगंज के मोहल्ला मढ़ीनाथ स्थित ननिहाल में परिवार सहित रह रहा था। उसके छोटे भाई राम लड़ैते ने बताया कि उसका भाई मानसिक मंदित था। और कुछ महीनों से वह परिवार को छोड़कर पैतृक गांव बभिया में ही रहता था। गांव में ही मांग कर खाता पीता था। और इधर उधर कही भी सो जाता था। कई बार उसे अलीगंज ले जाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं गया। लोगों ने बताया कि सोमवार को वह बभिया की पुलिया पर बैठा था, दोपहर में किसी समय उसकी मौत हो गई। किसी ने डायल 112 को सूचना कर दी। बाद में प्रभारी निरीक्षक कैंट जग नारायण पांडेय, सीओ सिटी प्रथम पंकज श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और मुआयना किया। रामवीर शादी के बाद वह मानसिक रोगी हो गया। जिससे उसकी पत्नी उसे छोड़ कर चली गई थी। मां छोटे भाई राम लड़ैते के साथ ननिहाल में रहती है। एक शादीशुदा बहन है। बभिया चौकी इंचार्ज के मुताबिक मृतक के भाई राम लड़ैते ने बभिया निवासी महेन्द्र पाल पर भाई की पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि कैंट पुलिस को अभी किसी प्रकार की तहरीर नहीं मिली है। इंस्पेक्टर जग नारायण पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। यदि तहरीर मिलती है। तो उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सृजन के देवता ब्रह्मा

ब्रह्म शब्द से ही ब्रह्मा शब्द बना है। ब्राह्मण शब्द, ब्रह्मराक्षस शब्द और ब्रह्मपुत्र नद और हरियाणा का ब्रह्मसरोवर आदि भी ब्रह्म शब्द से जुड़े हैं। ब्रह्मा को विधाता अथवा सृजन का देवता माना जाता है। उसके चार मुख बतलाए जाते हैं और इन चारों मुखों की एक कहानी यह भी है कि ब्रह्मा शतरूपा को निहारते रहते थे। एक बार वह इनकी परिक्रमा कर रही थी, उसे चारो ओर से देखने के लिए इन्होंने चार मुख धारण कर लिए।



किसी कथा में इनके पांच मुखों का वर्णन है जिसमें से एक मुख रुद्र देवता ने तोड़ दिया था। बहुत सी कथाओं में एक यह भी कथा है कि इन्होंने चार मुखों से चार वेदों का गायन किया था।अंगिरस, पुलस्त्य, मरीचि, अत्रि, दक्ष, भृगु, वशिष्ठ आदि इसके मानसपुत्र माने गए हैं। सावित्री की ओर रति-भाव से आकृष्ट होने के कारण ब्रह्मा को अपूज्य माना गया है। ब्रह्मा और शिव के उपासकों के संघर्ष की भी अनेक कथाएं कही-सुनी जाती हैं। उपनिषदों में वे ब्रह्मविद्या के आचार्य हैं। अजमेर में पुष्कर में ब्रह्मा का मंदिर है।

तीर्थराज पुष्कर में एक पहाड़ी के ऊपर ब्रह्मा की पत्नी सावित्री का मंदिर बना हुआ है। इसमें अकेली सावित्री को मूर्ति है, ब्रह्मा की नहीं। दूर पहाड़ी पर सावित्री अकेली क्यों बैठी हैं, इसे लेकर बड़ी प्रसिद्ध अनुश्रुति चली आ रही है। एक बार ब्रह्मा ने तीर्थराज पुष्कर में यज्ञ रचा। यज्ञ में आहुति देने का समय निकट आ गया, पर सावित्री अपने घर में श्रृंगार करने में लगी हुई थी। बार-बार सावित्री को बुलावा भेजा गया। उनका श्रृंगार ही समाप्त ही नहीं हो रहा था। लगा कि अब यज्ञ का शुभ मुहूर्त ही टल जाएगा, ब्रह्मा चिंतित हो उठे। उधर से उन्हें एक गूजर स्त्री जाती दिखी। ब्रह्मा ने उस गुजरिया स्त्री के साथ गठजोड़ा बांधकर यज्ञ में आहुति देते अपने साथ बैठने की विनती की। गूजरी ने स्वीकार कर लिया। जब सावित्री आई तो ब्रह्मा के वामांग में एक स्त्री को देखकर क्रोधित हो गई।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

रूठ कर वहां से चली गई और पास की एक पहाड़ी पर अकेली जाकर रहने लगी। इसीलिए वहां रूठी हुई सावित्री का मंदिर बना हुआ है।

श्रीमद्भागवत में वैदिकदेवता इन्द्र के पराभव की तरह ही वैदिक देवता ब्रह्मा के मोह का प्रसंग है। ब्रह्मा ने वन में गोचारण कर रहे श्रीकृष्ण के ग्वाल-बाल और गाय-बछड़ों को चुरा लिया था। बाद में उसे अपनी भूल का अहसास हुआ और इन्द्र की तरह ही उसने श्रीकृष्ण की वंदना की।

अनेक दैत्यों-दानवों को ब्रह्मा ने अजेय होने का वरदान दिया था। वे ब्रह्मा के उपासक थे। सरस्वती ब्रह्मा की मानस कन्या मानी जाती है।

कुरुक्षेत्र में ब्रह्मा का नाभिकमल तीर्थ है, पिहोवा में प्राचीन ब्रह्मा मंदिर तथा ब्रह्म योनी तीर्थ है, चौमुहां गांव में ब्रह्मा का मंदिर है और कानपुर के पास भी एक ब्रह्म का मंदिर बतलाया जाता है। ब्रह्मा के संदर्भ को लेकर शत-सहस्र कथाएं पुराणों में हैं, किंतु ब्रह्मा को पूज्य नहीं माना गया।

# वैशाख महीने में जलदान का महत्व

शास्त्रों में तो हर माह और तिथियों की महत्ता वर्णित है। इसके पीछे ऋषियों-मुनियों का मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन जीने की कला से अवगत कराना प्रमुख उद्देश्य था। लोग हर दिन और हर पल सदाचार का पालन करें ताकि समाज में प्रेम, सौहार्द्र का भाव रहे। इसी क्रम में गर्मी के इस मौसम में अशक्त और असहाय लोगों की मदद और भूख-प्यास से पीड़ित लोगों खासकर समाज के वे सदाचारी लोग जो लोकहित के लिए शास्त्र आदि के अध्ययन में लगे रहते हैं, उन्हें जलकुंभ, गर्मी से बचाव के लिए वस्त्र, शीतल हवाओं के लिए पंखा, जूता-चप्पल, खाद्य-पदार्थ आदि देने का विधान बनाया। समाज में जो लोग सामर्थ्यवान हैं वे अपने से नीचे का जीवन जीने वाले लोगों की मदद जब करेंगे तो वक्त-जरूरत पर इन लोगों की मदद प्राप्त कर सकेंगे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर


इस स्थिति में पूरा गांव या इलाका कुटुंब बन जाएगा और भाईचारा का वातावरण बनेगा। गांव या इलाके में किसी पर दैवी, प्राकृतिक या जंगली हिंसक जीव-जंतुओं से कोई विपत्ति आती है तो उसका मुकाबला सामूहिक भावना से पूरा इलाका करने में लग जाएगा।

इसी के मद्देनजर विभिन्न पुराणों में व्रत-उपवास के साथ दान का विधान किया गया। स्कंदपुराण के वैष्णवखंड में वैशाख माह की श्रेष्ठता के लिए 13 अध्यायों में राजा कीर्तिमान को वशिष्ठ के उपदेश, नारद का अपने सभासदों के उपदेश तथा ऋषि श्रुतदेव का जनक से संवाद का उल्लेख अत्यंत रोचक ढंग से वर्णित है। इसमें विभिन्न तिथियों में नदी-सरोवर में स्नान, भगवान विष्णु का पूजन तथा ग्रीष्म से बचाव की वस्तुओं के दान की बात कही गई। इस माह की महत्ता के संदर्भ में स्कंद पुराण में कहा गया है कि 'न माधवसमो मासो न कृतेन युगं समम्, न च वेदसमम् शास्त्रं न तीर्थं गंगया समम्'। वैशाख माह में सूर्योदय में नदी-सरोवर स्नान करने से भगवान मधुसूदन प्रसन्न होते है। इस महीने में प्याऊ लगाना, छाते, जूते, सत्तू, चटाई का दान सामाजिक समरसता की दृष्टि से भी जरूरी है। इसके अलावा भगवान शंकर के मंदिर पर जलधारा (जलहरी) की व्यवस्था भी सूक्ष्म जीव-जंतुओं के लिए आवश्यक बताया गया है। ये जीव-जंतु पर्यावरण संरक्षण में योगदान करते हैं।

अतः श्रद्धालुजन इन तिथियों में आध्यात्मिक विधानों का पालन कर समाज में भाईचारा का संदेश देते हुए ग्रीष्म ऋतु की जटिलताओं से मुकाबला करने के लिए शारीरिक एवं मानसिक स्तर पर अपनी तैयारी भी करें, क्योंकि इन तौर-तरीकों में ब्रह्म-मुहूर्त में स्नान पहली अनिवार्यता है। यह मुहूर्त स्वास्थ्य की दृष्टि से अति लाभप्रद है। मेडिकल साइंस के साथ देश के कोने-कोने में एक लोकोक्ति प्रचलित है कि 'जो सोवत है सो खोवत है, जो जागत है सो पावत है'। इस लोकोक्ति में 'सो' का आशय 'सौ' से है। यानि सौ प्रतिशत खोना या 'सौ' प्रतिशत पाना इसका आशय लेना चाहिए। पूरे विश्व के चिकित्सक तक अब यही कहने लगे है कि ब्रह्म-मुहूर्त में शरीर के हार्मोन्स स्वास्थ्य के अनुकूल शरीर को बनाते हैं।

# कल्याणकारी अग्निदेव

सब पदार्थों को प्रकाशित करने वाले तेजस्वी सूर्यदेव इस लोक में सहज दर्शनीय हैं तथा विभिन्न प्रकार से धन-ऐश्वर्य को बढ़ाते हुए शोभायमान होते हैं। उसी प्रकार ये अग्निदेव श्रेष्ठ शक्ति-संपन्न, अमृत स्वरूप, दुःखनाशक आयुष्य के संवर्धक हैं। वरणीय, त्रिकालदर्शी सवितादेव उषा काल के बाद विशेष प्रकाश बिखेरते हैं जिससे सभी पदार्थ अपने स्वस्थ स्वरूपों को धारण करते हैं। मनुष्यों के साथ सभी प्राणियों को कल्याणकारी मार्ग में प्रयुक्त करते हैं। हे अग्ने! आप आकाश में मेघों के मध्य विद्युत के रूप में चमकते एवं गर्जना करते हुए पृथ्वी को गुंजायमान करते हैं। प्राण पर्जन्य के रूप में वृक्ष-वनस्पतियों को अंकुरित करते हैं। शीघ्र उत्पन्न और प्रज्वलित होकर सभी को प्रकाशित करते हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे वरुणदेव! आप तीनों ताप रूपी बंधन से हमें मुक्त करें। आधिदैविक, आधि भौतिक और आध्यात्मिक पाश हमसे दूर हों तथा मध्य एवं नीचे के बंधन हमसे अलग करें। हे सूर्यपुत्र! पापों से रहित होकर आपके कर्मफल-सिद्धांत में अनुशासित हम दयनीय स्थिति में न रहें। सबमें चैतन्य स्वरूप, पवित्रता में विद्यमान रहने वाले, अंतरिक्ष में वायु के रूप में, यज्ञवेदी में देवताओं के वाहक, सबके पूज्य, प्राणाग्नि के रूप में सभी मनुष्यों में, आकाश में विद्युत रूप में स्थित, जल में बड़वानल रूप में, भूमि में ज्वालामुखी फूटने के रूप में, पत्थरों में चिंनगारी रूप से उत्पन्न होने वाले ऐसे सर्वव्यापक अग्निदेव की महिमा प्रशंसनीय है। आपके जो सूर्य, अग्नि और बड़वा तीन तेज हैं, उन्हें हम जानते हैं। आपका जो मंत्र-स्थित गुप्त नाम है, उसके भी हम ज्ञाता हैं और आपके विद्युत रूप में चमकने वाले जलस्रोत से उत्पन्न स्थान को भी हम जानते हैं। हे अग्निदेव! आप यजमान को श्रेष्ठ यज्ञकर्म में प्रतिष्ठित करें। उपासक यजमान सूर्यदेव एवं आपके प्रीति पात्र हों तथा पुत्र पौत्रादि सभी संतानों के सुख से समृद्ध हों। हे ऋत्विजों! आप समिधाओं द्वारा अग्निदेव को प्रसन्न करें। अतिथि रूप अग्निदेव को घृत आहुतियों से प्रदीप्त करें तथा इस प्रदीप्त अग्नि में हवन सामग्री की आहुतियां प्रदान करें। हे भस्मरूप अग्निदेव! आप जल में बड़वाग्नि रूप में स्थित हैं। शमी आदि औषधियों में विद्यमान रहते हैं और अरणि मंथन से बार-बार आप प्रकट होते हैं। आप अपनी सामर्थ्य शक्ति के साथ यज्ञ स्थल पर पुनः पधारें। इच्छायुक्त इंद्रदेव ने सहस्त्रों के उपयोग में आने योग्य आनंददायक और तृप्तिप्रद सोमरस को जिस माध्यम से उदर में धारण किया, वह माध्यम, ये अग्निदेव ही हैं।

# मानवीय दिव्यता और सुग्राह्यता

अनेक पुराणों एवं परवर्ती साहित्य में देवों के प्रति अनन्य भक्ति या सम्मान के कारण ही उनके विरोधी असुरों को घृणित और निंदनीयमान, 'असुर' (दैत्य, दानव, राक्षस) शब्द दुष्टात्मा, आततायी, परपीड़क, दस्यु, आदि का सूचक/प्रतीक बन गया। यही नहीं भूत, प्रेत, पिशाच आदि हीन कोटि के समूह इनके साथ जुड़ गए। निशाचर, निश्चर, रजनीचर, नरभक्षक, श्मशानवासी, दैत्य, दैतेय, दनुज, सुरारि, इन्द्रारि, देवारि, शुक्रशिष्य, देवरिपु आदि शब्द असुर के बहुप्रयुक्त पर्याय बन गए। स्पष्ट है कि श्रीहरि विष्णु के सोलह कलाओं के पूर्णावतार भगवान श्रीकृष्ण ने पार्थ अर्जुन के माध्यम से मानव मात्र के लिए सुग्राह्यमार्ग दर्शन का निर्देश दिया है। विषय का प्रारंभ वह निम्नलिखित श्लोक से करते हैं: "द्वौ भूतसर्गौ लोकेऽस्मिन् दैव आसुर एव च। दैवो विस्तरशः प्रोक्त आसुरं पार्थ मे श्रृणु।।"



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

अर्थात् इस लोक में देव गुण संपन्न एवं राक्षस गुण संपन्न दो प्रकार के मनुष्य रहते हैं। असुर गुण संपन्न लोगों के विषय में आगे कहता हूं। बाद के परवर्ती श्लोकों मे भगवान, असुर मनुष्य के लक्षणों एवं दुर्गुणों का विस्तृत उल्लेख करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि आसुरी स्वभाव वाले ईर्ष्यालु, क्रूर तथा मनुष्यों में अधम होता हैं। ऐसे अधम मनुष्यों को मैं संसार रूपी सागर में निरंतर गिराता रहता हूं। हे कुंतीपुत्र! आसुरी योनि को प्राप्त हुए मूर्ख मनुष्य अनेक जन्मों तक आसुरी योनि को ही प्राप्त होते रहते हैं। ऐसे आसुरी स्वभाव वाले मनुष्य मुझे न प्राप्त होकर अत्यंत अधमगति (निम्नतम योनि) को ही प्राप्त होते हैं। भगवान श्रीकृष्ण के देव और असुर संबंधी मंतव्यों के प्रकाश में गहराई से विचार करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि पूर्ववर्ती असुर और परवर्ती देव, दैत्य, दानव, राक्षस, नाग, गंधर्व, किन्नर, नाग, गरुड़, वानर, मानव आदि सभी विभिन्न मनुक प्रजाति समूह के ही उच्चतम-उच्चतर समाज के लोग थे। उनके दिव्य तेज, अति मानवीय गुणों और क्रिया कलापों के अतिरंजित आलंकारिक वर्णन ने कभी उनके स्वरूप को अतिमानवीय दिव्यता और सुग्राह्यता प्रदान किया तो कभी भयावनी विरूपता। वाल्मीकि रामायण के अनुसार ही हनुमान जी द्वारा अपने शयनकक्ष में दिखा, निद्रारत अति रूपवान तेजधारी अति आकर्षक देहयष्टिधारी पौलस्त्य रावण को, भयावह 'दशानन' बना दिया गया। बंदर को मनुष्य के मूल पूर्वज होने का श्रेय देने तथा विकासवाद के सिद्धांत की स्थापना का श्रेय लेने वाले 18 वीं-उन्नीसवीं सदी के पाश्चात्य यह भूल जाते हैं कि भारतीय मनीषी हजारों वर्षों पूर्व इस सिद्धांत की वास्तविकता से परिचित थे। श्रीहरि विष्णु के विभिन्न अवतारों में इसकी जानकारी होने का सुस्पष्ट संकेत मिलता है।

## बरेली देहात

### एक नजर

#### दुकानदार को असलहा धारी दबंगों ने पीटा

**क्योलड़िया, अमृत विचार** : क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव ढिरिया बन्नो जान चौराहे पर दुकान बंद कर रहे दुकानदार को असलहाधारी दबंगों ने पीट दिया। पीड़ित रमेश पाल ने बताया कि वह गांव के चौराहे पर किराने की दुकान चलाता है। तीन मई को वह दुकान बंद कर रहा था तभी गांव अभयपुर मल्लापुर के तीन लागे नशे में आए और बेवजह उसे गालियां देने लगे, उसके विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया।

#### प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष का निधन

**भोजीपुरा, अमृत विचार** : प्रधान संघ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष चौ. प्रदीप सिंह यादव (60) का सोमवार सुबह निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम शव यात्रा में ब्लाक प्रमुख योगेश पटेल प्रधान जागीर सिंह यादव, रामकिशोर गंगवार, समेत ब्लाक क्षेत्र के तमाम प्रधान पहुंचे और शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी।

#### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

**सेंथल, अमृत विचार** : सेंथल-भोजीपुरा के बीच रेलवे ट्रैक पर युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। सोमवार सुबह बरेली पीलीभीत रेलमार्ग पर सेंथल भोजीपुरा के बीच गेट नंबर 222 के पास एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

#### गोशाला के लिए लोगों से भूसा दान करने की अपील

**शेरगढ़, अमृत विचार** : कान्हा गोशाला मानपुर पूर्वी में संरक्षित गोवंशीय पशुओं की भूख मिटाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन भूसा एकत्र कर रहा है। इसके लिए कर्मचारी गांव-गांव सम्पर्क कर किसानों से भूसा दान करने का आग्रह कर रहे हैं। वहीं अब तक तकरीबन 250 कुंतल भूसा का भंडारण गोशाला में किया जा चुका है। चेयरमैन बुद्धसेन मौर्य 15 कुंतल एवं मुन्ना लाल मौर्य 15 कुंतल भूसा गौशाला में संरक्षित पशुओं के लिए भूसा दान कर चुके हैं। वहीं कृषि विभाग की ओर से भी 10 कुंतल भूसा की भी व्यवस्था की जा चुकी है। नगर पंचायत प्रशासन ने अब तक 210 कुंतल भूसा क्रय कर लिया गया है।

### हाफिजगंज में गोलगप्पे खाने से 18 लोगों को फूड प्वाइजनिंग

#### लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से की जांच और कार्रवाई की मांग

संवाददाता, हाफिजगंज

**अमृत विचार:** गांव काशी धर्मपुर में चाट और गोलगप्पे खाने से बच्चों और महिलाओं समेत 18 लोगों की हालत बिगड़ गई। परिजनों को उन्हें लेकर डॉक्टर के पास दौड़ना पड़ा। लोगों ने तहरीर देकर चाट विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

घटना के बाद चाट विक्रेता फरार है। थाना हाफिजगंज के गांव आसपुर हसनअली का एक चाट गोलगप्पे बेचने वाला थाना क्षेत्र के ही गांव काशी धर्मपुर में रविवार को शाम के समय गोलगप्पे बेचने आया था। चाट विक्रेता से गांव के कई बच्चों व



- खटाई में इमली के बजाय टार्टरिक एसिड मिलाने का आरोप

महिलाओं ने गोलगप्पे खाए। गोल गप्पे खाने वालों में करीब 18 लोगों की हालत एकाएक बिगड़ने लगी और वह उलटी और पेट दर्द से बेहाल हो गए। गांव में एकाएक बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने से अफरा-तफरी मच गई। आनन फानन में पीड़ितों को झोलाछाप के पास ले जाकर इलाज कराया। ग्रामीणों ने बताया कुछ युवक गांव में आकर गोलगप्पे बेचते हैं। ये लोग खटाई में इमली की जगह टार्टरिक एसिड का घोल देते हैं।

रविवार शाम को भी गांव में जब गोलगप्पे वाला आया तो तो गांव के रोहित, प्रेमवती, दामिनी, सोमेश, जितेंद्र, मीना देवी की हालत खराब हो गई। लोगों की हालत खराब होने की जानकारी जब गोलगप्पे वालों को हुई तो वे फरार हो गए। कृष्ण कुमार गंगवार ने फूड विभाग व स्वास्थ्य विभाग से शिकायत कर गांव में गोलगप्पे बेचने वालों के सैंपल लेकर खटाई की जांच कराए जाने के साथ ही गांव में स्वास्थ्य कैंप लगाकर बीमार हुए लोगों का उपचार कराए जाने की मांग की है।

### महिला और बच्ची की बरामदगी को लेकर थाने पहुंचे विहिप पदाधिकारी

संवाददाता, हाफिजगंज

- जल्द बरामद नहीं करने पर दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**अमृत विचार** : पांच दिन पूर्व गांव का ही एक दूसरे समुदाय का युवक एक महिला और उसकी 6 वर्षीय बच्ची को बहला कर ले गया। महिला के पति ने थाना हाफिजगंज में युवक पर लव जिहाद के चलते धर्म परिवर्तन करने के उद्देश्य से पत्नी को ले जाने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी।

पुलिस ने आरोपी युवक व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट तो दर्ज कर ली पर चार दिन बाद भी पुलिस महिला व उसके बच्चे को बरामद नहीं कर पाई। सोमवार को विहिप के प्रिंस कपूर, कृष्ण अवतार शर्मा, नंदकिशोर के साथ ही बजरंग दल के प्रेम कुमार, शिवम, शिव सागर, आशु थाना हाफिजगंज पहुंचे और महिला व उसके बच्चे को बरामदगी न होने पर नाराजगी व्यक्त करने के साथ ही आरोपी युवक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही महिला और बच्ची की बरामदगी के लिए टीम गठित कर दबिश दी जा रही है। जल्द ही महिला व बच्ची को बरामद कर लिया जाएगा।

#### शादी में शामिल होने ससुराल आए युवक की बाइक चोरी

**आंवला, अमृत विचार** : ससुराल में शादी समारोह में शामिल होने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने 20 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कराई है। अलीगंज के गांव जोगीठेर निवासी देशराज ने बताया कि 23 अप्रैल को वह बाइक से आंवला के गांव टांडा की गौंटिया ससुराल एक शादी में शामिल होने गया था। वहीं से उसकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### जिला जज ने वकीलों के साथ रोपे चंदन के पौधे



- कहा-बार और बेंच का सम्मान बराबर

**विधि संवाददाता, बरेली।** सुनवाई के दौरान अदालत से चले जाने के मामले में बार कौंसिल के पूर्व चेयरमैन शिरीष मेहरोत्रा के विरुद्ध एडीजे ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने नगर आयुक्त को पत्र भेजकर उन्हें नगर निगम के मुकदमों की पैरवी से दूर रखने का सुझाव दिया था, इससे अधिवक्ताओं में नाराजगी थी। सोमवार को जिला जज विनोद कुमार ने अधिवक्ताओं को बुलाकर प्रकरण पर बातचीत की। वकीलों की नाराजगी को दूर करने के लिए कचहरी स्थित बार सभागार में शाम 4:30 बजे जिला जज आए और कहा कि बार और बेंच समान हैं। सभी का सम्मान बराबर है। अगर किसी भी अधिवक्ता साथी को कोई भी समस्या आती है तो उन्हें बता सकता है। इस दौरान बगिया परिसर में वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेर सिंह गंगवार, सचिव वी पी ध्यानी आदि के साथ जिला जज ने चंदन के दो पौधों का रोपण किया। इससे पूर्व इस मसले पर सुबह से ही अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

### बाइक और भैंस के लिए महिला की हत्या

संवाददाता, फरीदपुर

- हत्या के बाद ससुराल वाले घर से फरार, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार** : दहेज में बाइक और भैंस न मिलने पर ससुरालियों ने बहू की हत्या करने के बाद शव घर में छोड़कर फरार हो गए। मृतका के पिता की तहरीर पर पति सहित 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही हैं।

भुता के गांव डबरी निवासी सागर सिंह ने बताया कि उन्होंने बेटी पूनम (23) की शादी तीन साल पहले दुर्वेश निवासी नवादा बिलसंडी थाना फरीदपुर से की थी। आरोप है कि उसकी बेटी पर दुर्वेश ससुराल से दहेज में बाइक और भैंस लाने के लिए दवाब बना रहे थे, जिसे पूरा करने की उनकी हैसियत नहीं थी। ससुराली उसकी बेटी पूनम को प्रताड़ित करने लगे, कई बार पंचायत हुई समझाने बुझाने पर दामाद व उसके परिवार वाले यह आश्वासन दिया कि वह पूनम के साथ अच्छा व्यवहार करेंगे।

6 मई को परिवार वालों ने समाज के लोगों के आश्वासन पर बेटी को विदा किया था। घर पहुंचने पर लड़के वालों के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। 12 मई रविवार को उनकी बेटी ने कई बार फोन कर बताया कि ससुराल वाले उसे भूखा रखते हैं मारपीट करते हैं और कहते हैं जब तक तेरा बाप बाइक और भैंस नहीं देंगे तब तक बंद रखेंगे और मार डालेंगे। सोमवार शाम उसे सूचना मिली कि दामाद दुर्वेश और उनके पिता श्रीराम, माता मछला बहन शिवानी, देवर छोटू और मोर पाल ने उनकी बेटी की हत्या कर दी है। शव घर में छोड़कर परिवार वाले फरार हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया सागर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

#### उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मौके पर 121 लड़कियों को कंप्यूटर कोर्स कराने का एलान

**बरेली, अमृत विचार** : ताजुश्शरिया मुफ्ती अख्तर रजा कादरी अजहरी मियां का छठा दो दिवसीय उर्स 15 और 16 मई को मनाया जाएगा। उर्स की तैयारियां दरगाह ताजुश्शरिया के सज्जादानशीन एवं काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रजा कादरी की सरपरस्ती में चल रही हैं। उर्स प्रभारी सलमान मियां ने बताया कि इस बार भी देश विदेश से जायरीन आ रहे हैं। जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां ने सोमवार को किला स्थित आला हजरत हुजूर ताजुश्शरिया सोसाइटी के मुख्य आफिस पर बैठक की। फरमान मियां ने कहा कि उर्स के मौके पर संस्था की तरफ से 121 लड़कियों को निशुल्क कंप्यूटर कोर्स कराया जाएगा। वहीं मोतियाबिंद, गुर्दा, पित की पथरी, हर्निया, महिलाओं से संबंधित बीमारी, हड्डी आदि के ऑपरेशन बरेली के प्राइवेट अस्पताल में मुफ्त कराए जाएंगे। जरूरतमंद लोग आधार कार्ड के साथ सौदागरान स्थित जमात रजा-ए-मुस्तफा के मुख्यालय में मीडिया प्रभारी मोईन खान से मिलकर और किला स्थित आला हजरत ताजुश्शरिया वेलफेयर सोसाइटी के मुख्यालय में अब्दुल सलाम से मिलकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। डॉ. मेहंदी हसन, हाफिज इकराम, शमीम अहमद, मोईन खान, नावेद खान साकिब अली आदि मौजूद रहे।

#### नहरों में जमी सिल्ट की सफाई प्राथमिकता से कराएं

**बरेली, अमृत विचार** : नहरों की सिल्ट सफाई को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी ने विकास भवन सभागार में अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में जिन नहरों की सफाई को लेकर किसानों की शिकायतें आईजीआरएस पर प्राप्त हुई हैं, उन मामलों को प्राथमिकता पर लेकर अधिकारी सफाई कराएं। डीएम ने आदेश दिए हैं कि एक-दो सालों के अंदर जिन नहरों की सफाई नहीं हुई है, उन्हें सूची में रखें और इस सूची को सार्वजनिक करने के आदेश दिए। निर्देश दिए कि बजट के अनुसार कार्य को निर्धारण करते हुए टेंडर करा लिए जाए, जिससे बजट आने के बाद कार्य शुरू कराया जा सके। उन्होंने कहा कि नहरों की सफाई से पहले और कार्य होने के बाद फोटो और वीडियोग्राफी भी कराएं। सीडीओ जग प्रवेश, एसपी क्राइम मुकेश प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई आदि मौजूद रहे।

### सार-संक्षेप

#### चार गांवों में बांस-बल्लियों के सहारे पहुंच रही बिजली

**बरेली, अमृत विचार** : भोजीपुरा के चार गांवों में बांस बल्लियों के सहारे बिजली आपूर्ति हो रही है। इस वजह से हादसे की आशंका बनी हुई है। सोमवार को कल्याण सेवा समिति ने इस संबंध में डीएम से शिकायत की। इसपर डीएम ने अधीक्षण अभियंता ग्रामीण को मामले में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष फैय्याज अहमद ने डीएम को बताया कि भोजीपुरा ब्लाक के जादौंपुर, भैरपुरा, खजुरिया और ईसापुर में बिजली लाइन का विस्तार अब तक नहीं हो सका है। मजबूरी में यहां के लोगों ने बांस बल्ली के सहारे तारों को बांध रखा है। दो सौ तो किसी ने पांच सौ मीटर तक केबल बल्ली पर खींच रखी है। इसके अलावा नौगजा पीर गांव में अब तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है। इससे गांव के लोग परेशान हैं। फैय्याज अहमद ने बताया कि उनके शिकायती पत्र पर अधीक्षण अभियंता ग्रामीण को मामले में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

#### अभी तक थाना प्रभारी को जारी नहीं हो पाया नोटिस

**बरेली, अमृत विचार** : फतेहगंज पूर्वी में किशोरी के ट्रेन से कटकर मौत के मामले में थाना प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी की भूमिका की जांच हवा में हो रही है। छह दिन बीत चुके हैं, लेकिन जांच कर रहे एसपी देहात मानुष पारीक ने अभी तक थाना प्रभारी को नोटिस तक जारी नहीं किया है। फतेहगंज पूर्वी की एक किशोरी की बुधवार को ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। किशोरी की मां ने इलाके के ही फरियाद हुसैन पर उसे कॉलेज जाते समय अगवा कर दुष्कर्म करने और विरोध करने पर ट्रेन के आगे फेंक देने का आरोप लगाया था। एसएसपी ने थाना प्रभारी की भूमिका की जांच करने की जिम्मेदारी एसपी देहात को दी थी। एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक ने बताया कि थाना प्रभारी को नोटिस जारी किया जाएगा। जिसके बाद उनका बयान लेकर जांच आगे बढ़ाई जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

#### परिजनों को ट्रेन में बैठाने आए वृद्ध का हाथ कटा

**बिशारतगंज, अमृत विचार** : परिजनों को ट्रेन में बैठाने आए एक वृद्ध का चलती ट्रेन से उतरते समय गिरकर हाथ कट गया। सोमवार दोपहर बरेली से दिल्ली जा रही 12035 पूर्णागिरि एक्सप्रेस पर कस्बे के वार्ड दो निवासी बजरुद्दीन अंसारी बेटे और बहू को ट्रेन में बैठाने आए थे। इस दौरान वह बोगी में चले गए जब ट्रेन चलने लगी तो वह 8 वर्षीय पोती अदाबिया को लेकर ट्रेन से उतरने लगे, उतरते समय पोती तो प्लेटफार्म पर गिर गई, लेकिन बदरुद्दीन पटरी पर गिर गए। ट्रेन गुजरने के बाद वहां मौजूद लोगों और रेल कर्मियों ने बजरुद्दीन को पटरी से उठाकर प्लेटफार्म पर लिटाया तो उनका बाया हाथ कटकर पूरी तरह अलग हो गया।

#### बेटे के साथ पूर्णागिरी जा रहे युवक की हादसे में मौत

**बिशारतगंज, अमृत विचार** : बिशारतगंज के सिसौना गांव निवासी अहिवरन सिंह यादव (44) रविवार शाम को बेटे शिवम और उसके दोस्त के साथ बाइक से पूर्णागिरी दर्शन करने जा रहे थे। रास्ते में खटीमा के पास हुए सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई, वहीं उनके बेटे की हालत गंभीर है। बाइक पर पीछे बैठे शिवम के दोस्त को हल्की- फुल्की चोट लगी हैं। परिजनों ने बताया कि रात 11 बजे फोन आया कि अहिवरन की बाइक ईको से टकरा गई, हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई है। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और उनके पुत्र शिवम को गंभीर हालत में भोजीपुरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां शिवम की हालत चिंताजनक बताई गई है।

#### सड़क निर्माण बना मुसीबत, दिव्यांग शिविर में सन्नाटा

**बरेली, अमृत विचार** : जिला अस्पताल परिसर में सीएमओ कार्यालय के प्रवेश द्वार वाली सड़क का निर्माण चल रहा है। मुख्य मार्ग बंद है। इस वजह से दिव्यांगों को शिविर तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। सोमवार को शिविर में सन्नाटा दिखा।

**रिकॉर्ड 332 मरीजों को लगाई एंटी रैबीज वैक्सीन**

तीन सौ बेड अस्पताल के एआरवी सेंटर पर सोमवार को रिकार्ड 332 मरीजों को एंटी रैबीज वैक्सीन लगाई गई। भीड़ के चलते मरीजों की लाइन अस्पताल गेट तक पहुंच गई। केंद्र प्रभारी डॉ. वैभव शुक्ला ने बताया कि एंटी रैबीज सीरम लगवाने वाले मरीजों की भी संख्या बढ़ रही है। एक सप्ताह में 10 से अधिक ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जो लोग कुत्ता और बंदर के हमलों में गंभीर घायल हुए थे।

#### बालिका में टीबी की पुष्टि, वार्ड में किया शिफ्ट

**बरेली, अमृत विचार** : जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती 12 साल की बच्ची टीबी से ग्रसित मिली है। जांच रिपोर्ट आने के बाद बच्ची को टीबी वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। वार्ड प्रभारी ने बताया कि बुखार आने पर परिजनों ने दो दिन पहले बच्ची को वार्ड में भर्ती कराया था। बच्ची की हालत स्थिर है। वहीं, दो बच्चे गंभीर बुखार (मेनिनजाइटिस) से ग्रसित मिले। इन्हें इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।


# पंजाब में इस बार पांच दलों में उलझे मतदाता देख रहे प्रत्याशी का चेहरा

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** पंजाब में लोकसभा की कुल 13 सीटें हैं और आम आदमी पार्टी की सरकार है। अंतिम चरण में यहां पहली जून को मतदान कराया जाएगा। इस बार राज्य में कोई दलीय गठबंधन चुनाव मैदान में नहीं है। इस कारण यहां का चुनाव पहले से अलग है। सीधे या त्रिकोणीय की जगह लोकसभा की अधिकतर सीटों पर चतुकोष्णीय और कम से कम चार सीटों बहुकोणीय मुकाबले की तस्वीर नजर आ रही है। शिरोमणि अकाली दल और भाजपा का नाता क्या टूटा, बसपा ने भी अकाली दल से समझौता तोड़ लिया। अब कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। इस तरह राज्य में चारों पार्टियों के बीच टक्कर देखने को मिल रही है। इस माहौल में मतदाताओं के सामने प्रत्याशियों के चेहरे सबसे बड़ा फैक्टर बन गए हैं। लेकिन ये चेहरे भी बड़ी संख्या में इधर से उधर हो गए हैं। राज्य के इतिहास में संभवतः पहली बार लोकसभा चुनाव से पहले इतनी संख्या में नेताओं का दल बदल देखने को मिला है। इससे हालत यह है कि कई सीटों पर आमने-सामने वही पुराने चेहरे हैं, लेकिन दल बदल गए हैं। ऐसे में शिरेमणि अकाली दल जहां इस बार अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ता नजर आ रहा है, वहीं आम आदमी पार्टी लोकसभा में अपने नंबर बढ़ाने की कवायद में जुटी है, जबकि कांग्रेस 2022 के विधानसभा चुनाव में अपने खोए आधार को पुनः पाकर पहले की तरह राज्य से ज्यादा से ज्यादा लोकसभी सीटें जीतने की उम्मीद लगा रही है। लेकिन यह काम आसान नहीं है, क्योंकि वर्ष 2019 के चुनाव में पंजाब में कांग्रेस की सरकार थी और कैप्टन अमरिंदर सिंह मुख्यमंत्री थे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने राज्य की 13 में से आठ सीटे जीत ली थीं। लेकिन अब कांग्रेस के साथ न तो कैप्टन हैं और न उनकी पत्नी। तमाम अन्य कांग्रेस नेता भी हाथ का साथ छोड़कर भाजपा में जा चुके हैं। कुछ ऐसा ही हाल राज्य की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी का भी है। उसके भी कई नेता भाजपा का दामन थाम चुके हैं।

### कांग्रेस, आप, अकाली दल और बसपा के सामने चुनौतियों का पहाड़

- लोकसभा चुनाव में अगर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अमरिंदर सिंह राजा वडिंग पर पार्टी का प्रदर्शन सुधारने की बड़ी चुनौती है, तो संकट आम आदमी पार्टी के सामने भी है, मुख्यमंत्री भगवंत मान की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। पार्टी ने राघव चड्ढा, डॉ. संदीप पाठक, हरभजन सिंह समेत सात लोगों को पंजाब से राज्य सभा में भेजा था, लेकिन इनमें से पाठक को छोड़कर बाकी सांसदों का लोकसभा चुनाव के समय कोई अता-पता नहीं है। नेताओं की कमी के कारण ही आप को अपने सात मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतारना पड़ा है। इस हाल में पार्टी की सबसे बड़ी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं, जो अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद राज्य में अपने चुनाव प्रचार से पार्टी को संबल प्रदान कर सकते हैं। लेकिन जिन गारंटियों का वादा कर आम आदमी पार्टी राज्य की सत्ता में आई थी, उनमें से अधिकांश अब तक पूरी नहीं हो पाई हैं। किसानों को मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। महिलाओं को एक हजार रुपये हर माह देने और पुरानी पेंशन का वादा पूरा नहीं हो पाया है। हालांकि मुफ्त बिजली का वादा पार्टी ने सबसे पहले पूरा करके दिखाया है। उधर, अकाली दल प्रकाश सिंह बादल के निधन के बाद पहली बार चुनाव मैदान में है। ऐसे में सुखबीर सिंह बादल के सामने पार्टी को जीत दिलाने की जिम्मेदारी है, वह भी ऐसे समय में जब पार्टी विधानसभा चुनाव में मात्र तीन सीट पर सिमट चुकी है। राज्य की चौथी पार्टी बसपा ने अकाली दल के साथ मिलकर पिछला लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन गठबंधन फेल रहा था। पंजाब बसपा के संस्थापक कांशीराम की जन्मभूमि है। राज्य में दलित आबादी करीब 30 फीसदी है। लेकिन दलित मतदाता अकाली दल और कांग्रेस के बीच भी बंट हुए हैं। ऐसे में सिकुड़ते जनाधार के बीच अपना वोट बैंक बढ़ाकर प्रदर्शन सुधारने की चुनौती से बसपा को जूझना है।




**1998**
से बसपा का 30 फीसदी दलित अबादी के बाद भी खाता खाली

**117**
विधायकों में 10 फीसदी से ज्यादा आप-कांग्रेस से उतरे मैदान में

**2019 का जनादेश**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | 08 | 55,23,066 |
| अकाली दल | 02 | 37,78,574 |
| भाजपा | 02 | 13,25,445 |
| आप | 01 | 10,15,773 |

**2014 का जनादेश**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| अकालीदल | 4 | 36,36,148 |
| आप | 4 | 33,73,062 |
| कांग्रेस | 3 | 45,75,879 |
| भाजपा | 2 | 12,09,004 |



### आरक्षित सीटों पर बसपा बचा पाएगी अपना वोट बैंक


पंजाब में चतुष्कोणीय मुकाबलों को बहुजन समाज पार्टी अपने लिए मुफीद मान रही है। दरअसल राज्य की आरक्षित लोकसभा सीटों पर बसपा का आधार हर चुनाव में नजर आता रहा है। जालंधर, होशियारपुर ऐसी सीटें हैं, जहां बसपा हमेशा चुनावी मुकाबले में रहती हैं। फिरोजपुर में भी बसपा का वोट बैंक है। इसलिए आरक्षित सीटों पर बसपा की ताकत को कम करके आंकना दूसरे दलों के लिए भूल हो सकती है। जानकार राज्य में बसपा का वोट प्रतिशत लगभग भाजपा के जितना ही आठ से दस प्रतिशत के बीच मानते हैं।

### अमृतसर सीट बहुकोणीय मुकाबले में बचा पाएगी कांग्रेस

- कांग्रेस के सामने अमृतसर लोकसभा सीट बचाने की चुनौती है। पार्टी की तरफ से दो बार के सांसद गुरजीत सिंह औजला फिर मैदान में हैं। भाजपा यहां बाहरी उम्मीदवार ही उतारती रही है। नवजोत सिंह सिद्धू, अरुण जेटली, आईएएस हरदीप पुरी के बाद इस बार भाजपा ने आईएफएस तरनजीत सिंह संधू को उमीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी से राज्य के कबीना मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल और अकाली दल बादल से पूर्व कबीना मंत्री अनिल जोशी जोर लगा रहे हैं। अकाली दल अमृतसर ने सांसद सिमरनजीत सिंह मान के बेटे ईमान सिंह मान पर दांव लगाया है। भाजपा प्रत्याशी तरनजीत अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके हैं। कांग्रेस सांसद औजला के सामने एक मौजूदा मंत्री, दूसरे पूर्व मंत्री और ब्यूरोक्रेट के चुनाव लड़ने से यहां मुकाबला कड़ा है।

### लुधियाना में अपने ही सांसद का मुकाबला कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष

- लुधियाना लोकसभा सीट इस बार हॉट बन गई है। यहां कांग्रेस छोड़कर आए सांसद रवनीत सिंह बिट्टू को भाजपा ने मैदान में उतार दिया है। बिट्टू का मुकाबला कांग्रेस से पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग कर रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल ने यहां पूर्व विधायक रणजीत सिंह तो आम आदमी पार्टी ने लुधियाना सेंट्रल सीट के विधायक अशोक पराशर पप्पी पर दांव लगाया है। चतुष्कोणीय मुकाबले में बिट्टू यहां फंसे नजर आ रहे हैं। लुधियाना कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर कांग्रेस को पूर्व सीएम बेंअंत सिंह की शहादत का लाभ मिलता रहा है, लेकिन उनके पौत्र रवनीत सिंह बिट्टू के पार्टी छोड़ने से झटका लगा है।




### साथियों के साथ छोड़ने से संकट में दिख रही कांग्रेस

- भाजपा के पाले में कांग्रेस के दो वर्तमान सांसद परनीत कौर, रवनीत सिंह बिट्टू और आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील कुमार रिंकू चले गए थे। तीनों को भाजपा चुनाव मैदान में उतार चुकी है। शिरोमणि अकाली दल के दिग्गज नेता सिकंदर सिंह मलूका की पुत्रवधू परमपाल कौर सिद्धू बठिंडा से भाजपा प्रत्याशी हैं, जबकि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के वर्तमान विधायक राज कुमार चब्बेवाल और पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह जीपी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा पार्टी ने अकाली दल के पवन टीनू को भी उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस के पूर्व विधायक व मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ने वाले दलबीर सिंह गोल्डी भी आप में शामिल हो चुके हैं। उधर, कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के सांसद रहे डॉ. धर्मवीर गांधी को पटियाला से प्रत्याशी बनाया है। शिरोमणि अकाली दल ने कांग्रेस के मोहिंदर सिंह केपी को उम्मीदवार बनाया है। जालंधर से पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव मैदान में उतारने से नाराज पूर्व सांसद संतोख सिंह चौधरी की पत्नी करमजीत कौर भाजपा में शामिल हो चुकी हैं।

### नेताओं के दल-बदल से भाजपा को उम्मीद, आधी से ज्यादा सीटों पर अबकी बार खिलेगा कमल

- पंजाब में इस बार का लोकसभा चुनाव कई मायनों में अजीब है। राज्य के इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ कि एक पार्टी किसी प्रत्याशी को टिकट दे, और वह दूसरी पार्टी में चला जाए। मौजूदा विधायक इस्तीफा देकर दूसरी पार्टी का प्रत्याशी बन जाए। तीन बार के सांसद रवनीत बिट्टू तो चार बार सांसद रहीं परनीत कौर कांग्रेस छोड़कर भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। आम आदमी पार्टी ने अपने सांसद सुशील रिंकू को टिकट दी, लेकिन वह भी टिकट ठुकराकर कमल खिलाने के लिए भाजपा के उम्मीदवार बन गए। नेताओं के इस दलबदल से राज्य में कमजोर खिलाड़ी समझी जाने वाली भाजपा इस बार मजबूत प्रतिद्वंदी बनकर उभर चुकी है। पार्टी दूसरे दलों से आए नेताओं की बदौलत इस बार के लोकसभा चुनाव में करिश्माई प्रदर्शन करने की उम्मीद लगाए बैठी है।

### अकालियों से रिश्ता टूटने पर भाजपा ने कांग्रेस की जमीन पर खड़ा किया वोट बैंक

- पंजाब में अकाली दल ने तीन कृषि कानूनों के सवाल पर भाजपा से करीब ढाई दशक पुराना गठबंधन तोड़ लिया था। इस गठबंधन में रहकर भाजपा को लोकसभा की कुछ सीटें मिल जाती थीं। ऐसे में अकालियों के अलग होने पर भाजपा ने चुनावी जीत के लिए नए रास्ते तलाशे। उसने कांग्रेस के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह, उनकी पत्नी सांसद परनीत कौर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे सुनील जाखड़, कांग्रेस नेता संतोख चौधरी की पत्नी करमजीत कौर, कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू, कांग्रेस नेता तजिंदर सिंह बिट्टू और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल जैसे नेताओं को पार्टी में शामिल कराया। माना जा रहा हि कि इस कवायद से भाजपा ने राज्य में हिंदुओं की पार्टी होने की छवि से भी काफी हद तक छुटकारा पा लिया है।

### पटियाला में रोचक हुई चुनावी जंग

- पटियाला लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ मानी जाती रही है। इस सीट पर भाजपा ने इस बार कांग्रेस छोड़कर आईं कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर को अपना प्रत्याशी बनाया है। यहां कांग्रेस ने पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी, आम आदमी पार्टी ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह और अकाली दल ने एनके शर्मा पर दांव लगाया है। बसपा से जगजीत छड़बड़ चुनाव मैदान में हैं। यहां चतुष्कोणीय मुकाबला होता नजर आ रहा है।

### फतेहगढ़ साहिब में भाजपा ने दिलचस्प बनाया चुनाव

- फतेहगढ़ साहिब सीट लोकसभा आरक्षित सीट पर कांग्रेस से मौजूदा सांसद डॉ. अमर सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी पंजाब राज्य सफाई कर्माचारी आयोग के अध्यक्ष गेजा राज वाल्मीकि, आप प्रत्याशी पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह जीपी और शिरोमणि अकाली दल के बिक्रमजीत सिंह से है। पिछली बार डॉ. अमर सिंह ने शिरोमणि अकाली दल प्रत्याशी को लगभग एक लाखमतों से हराया था। 2014 में यहां आम आदमी पार्टी ने चुनाव जीता था।

### जालंधर में पूर्व सीएम चन्नी के सामने अपनों की ही चुनौती

- जालंधर लोकसभा सीट पर कांग्रेस छोड़ने के बाद मौजूदा सांसद सुशील कुमार रिंकू इस बार भाजपा के टिकट पर ताल ठोंक रहे हैं। कांग्रेस ने इस सीट पर उनके मुकाबले में पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव मैदान में उतार दिया है। शिरोमणि अकाली दल ने यहां कांग्रेस के पूर्व सांसद और कद्दावर नेता मोहिंदर सिंह केपी और आप से पूर्व विधायक पवन टीनू यहां प्रत्याशी हैं। यहां साल 2023 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस के सांसद संतोख सिंह चौधरी का निधन हो गया था, इसके बाद हुए उप चुनाव में आम आदमी पार्टी से उतरे सुशील कुमार सिंह रिंकू ने कांग्रेस प्रत्याशी को 58 हजार मतों से हरा दिया था। जलंधर में दलित मतदाता करीब 40 फीसदी हैं, और जीत-हार तय करते रहे हैं।

### खडूर साहिब में अमृतपाल की चुनौती से मुश्किल में अकाली दल

- खडूर साहिब लोकसभा सीट जेल में बंद 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख अमृतपाल सिंह द्वारा स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा फैसला करने के बाद चर्चा में है। यह अकाली दल का गढ़ माना जाता है। राणा गुरजीत सिंह अपने बेटे के लिए कांग्रेस से टिकट मांग रहे थे, लेकिन पार्टी ने यहां कुलबीर सिंह जीरा को मैदान में उतारा है। खडूर साहिब से आम आदमी पार्टी के लालजीत सिंह भुल्लर, भाजपा के मंजीत सिंह मन्ना चुनाव लड़ रहे हैं। यहां चुनाव अकाली दल बना अमृतपाल और कांग्रेस बनाम आप माना जा रहा है। उधर, आनंदपुर साहिब लोकसभा सीट पर कांग्रेस के विजय इंदर सिंगला, आम आदमी पार्टी के मालविंदर सिंह कंग, शिरोमणि अकाली दल के प्रेम सिंह चंदू माजरा के बीच मुकाबला हो रहा है।

### गुरदासपुर में आखिरकार भाजपा ने कर ली फिल्मी सितारों से तौबा

- गुरदासपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने इस बार फिल्म अभिनेताओं से किनारा करते हुए स्थानीय नेता दिनेश सिंब बब्बू पर दांव लगाया है। बब्बू सुजानपुर से तीन बार विधायक और विधानसभा में उपाध्यक्ष रह चुके हैं। दिवंगत अभिनेता व भाजपा के पूर्व सांसद विनोद खन्ना की पत्नी कविता खन्ना भी यहां से दावेदारी कर रही थीं। भाजपा को यहां मौजूदा सांसद सनी देओल की निष्क्रियता भारी पड़ सकती है। कांग्रेस ने भी इस सीट पर बड़े चेहरे पूर्व मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा को उतारा है। रंधावा की क्षेत्र में अच्छी पकड़ है। आम आदमी पार्टी ने अमनशेर सिंह कालसी को उम्मीदवार बनाया है। युवा नेता कालसी बटाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। शिरोमणि अकाली दल से दलजीत सिंह चीमा चुनाव लड़ रहे हैं।

### दलित राजनीति के गढ़ में इस बार दिख रही कांटे की टक्कर

- दलित राजनीति का गढ़ कही जाने वाली होशियारपुर लोकसभा सीट से पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह और बसपा के संस्थापक कांशीराम सांसद रहे हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती भी यहां से चुनाव लड़ चुकी हैं। बीते 10 वर्षों से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है। होशियारपुर से कांग्रेस ने इस बार युवा महिला नेता यामिनी गोमर को मैदान में उतारा है। वह 2014 में चुनाव लड़ चुकी हैं। आम आदमी पार्टी ने राजकुमार चब्बेवाल पर दांव लगाया है। चब्बेवाल पिछला चुनाव कांग्रेस से लड़े थे और नजदीकी मुकाबले में हार गए थे। भाजपा से होशियारपुर के मौजूदा सांसद सोमप्रकाश जो केंद्रीय मंत्री हैं, की पत्नी अनिता सोम प्रकाश यहां चुनाव लड़ रही हैं। उनके सामने संगठन को एक रखने की चुनौती है।

### संगरूर में दांव पर लगी है मुख्यमंत्री भगवंत मान की प्रतिष्ठा

- संगरूर लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी सुखपाल सिंह खैरा और आम आदमी पार्टी के मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर और भाजपा से अरविंद खन्ना चुनाव लड़ रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल से पूर्व विधायक इकबाल सिंह झूंदा मैदान में हैं। बसपा ने मक्खन सिंह और अकाली दल अमृतसर ने मौजूदा सांसद सिमरनजीत सिंह पर एक बार फिर से दांव खेला है। इस सीट पर मुकाबला बहुकोणीय नजर आने से मतदाता उलझन में हैं। आम आदमी पार्टी संगरूर सीट को मुख्यमंत्री भगवंत मान का गढ़ मानती है, वह दो बार यहां से सांसद रह चुके हैं। लेकिन आप के लिए चुनौती यह है कि विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के बावजूद 2022 में इस सीट पर हुए उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

### फरीदकोट में सूफी गायक और कॉमेडियन के बीच फंसी कांग्रेस

- फरीदकोट में दिल्ली की उत्तर पश्चिम सीट से सांसद हंस राज हंस को भाजपा ने मैदान में उतारा है। आम आदमी पार्टी से उनके सामने कॉमेडियन व फिल्म अभिनेता कर्मजीत अनमोल को उतारा है। इस सीट पर अकाली दल से तीन बार के विधायक राजविंदर सिंह उम्मीदवार हैं। कांग्रेस ने अपने मौजूदा सांसद मो. सद्दीक के स्थान पर अमरजीत कौर पर दांव लगाया है। इस सीट पर भी बहुकोणीय कड़ा संघर्ष नजर आ रहा है। यहां किसानों के मुद्दे ज्यादा हावी दिख रह हैं। सुफी गायक अपने गानों से लोगों को रिझा रहे हैं।



आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने पत्नी एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के साथ अपनी पुत्री एवं पाटिलपुत्र से उम्मीदवार मीसा भारती के नामांकन जुलूस में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से संविधान बचाने के लिए वोट मांगा। कहा कि मोदी फिर प्रधानमंत्री बने तो न आरक्षण बचेगा और न ही संविधान। भाजपा संविधान बदलना चाहती है।

## हरसिमरत इस बार बचा पाएंगी बठिंडा में अकाली दल का गढ़

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** शिरोमणि अकाली दल का गढ़ पंजाब की बठिंडा लोकसभा सीट पर रोचक मुकाबला होगा। शिअद की हरसिमरत कौर बादल इस सीट से तीन बार की सांसद हैं, पार्टी ने उन्हें फिर से मैदान में उतारा है। उनके सामने आम आदमी पार्टी ने कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू और कांग्रेस ने चार बार के विधायक जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू पर भरोसा जताया है। हरसिमरत के सामने खड़े उम्मीदवारों का यह पहला लोकसभा चुनाव है, जबकि हरसिमरत चौथी बार मैदान में हैं। उनके लिए शिअद के गढ़ को बचाना साख का सवाल बना हुआ है। 2022 के विधानसभा चुनाव में आप प्रत्याशी खुड्डियां पांच बार के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को हराकर विधानसभा पहुंचे थे। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में शिअद प्रत्याशी हरसिमरत कौर ने इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को 21,772 मत के अंतर से मात दी थी। इस बार वडिंग अब बठिंडा की जगह लुधियाना से चुनाव लड़ रहे हैं। हरसिमरत 2009 में पहली बार राजनीति में उतरी थीं और बठिंडा से सांसद बनी थीं। चार बार के विधायक कांग्रेस प्रत्याशी जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू ने शिअद छोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया था।



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने का काम कांग्रेस और उसके सहयोगी दल कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला और कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार केंद्र में बनेगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते।
अनास्तिक : श्रद्दान एतत् पण्डितलक्षणम् ॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।

## संपादकीय

# सौर ऊर्जा में प्रगति

भारत समृद्ध सौर ऊर्जा संसाधनों वाला देश है। सरकार का लक्ष्यः नवीकरणीय ऊर्जा पर भरपूर जोर देकर स्वच्छ ऊर्जा के हिस्से में बढ़ोतरी करना है। भारत में नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा के विकास तथा उपयोग के मुख्य वाहक ऊर्जा सुरक्षा, बिजली की कमी, ऊर्जा पहुंच, वित्तीय प्रोत्साहनों जैसे विभिन्न माध्यमों के जरिए नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के संतोषजनक परिणाम सामने आने लगे हैं। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि 2014 से अब तक उत्पादन में 30 गुना वृद्धि हुई है। वहीं वर्ष 2023 में दुनिया में सौर ऊर्जा के उत्पादन में जापान जैसे विकसित देश को पीछे छोड़ते हुए भारत तीसरे स्थान पर रहा। यह उपलब्धि इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा सकती है कि 2015 में भारत का स्थान नौवां था। ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक गतिविधियों का अध्ययन करने वाले संस्थान एंबर की ताजा रिपोर्ट में उन 80 देशों के उत्पादन का सर्वे किया, जो दुनिया में बिजली की कुल मांग के 92 प्रतिशत हिस्से की पूर्ति करते हैं। सौर ऊर्जा की बात करें तो इसने वैश्विक ऊर्जा उत्पादन में 5.5 प्रतिशत का योगदान किया है। भारत में यह आंकड़ा 5.8 प्रतिशत रहा है। इस बढ़त से यह दृष्टिगत होता है कि दुनिया के बहुत से देश जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने तथा उत्सर्जन घटाने की दिशा में सक्रिय हैं।

भारत की इसमें अग्रणी भूमिका है। उत्पादन में जहां भारत बीते साल तीसरे स्थान पर रहा है, वहीं ऊर्जा क्षमता में सौर ऊर्जा के प्रोत्साहन के लिहाज से चौथे स्थान पर आ गया है। स्थापित क्षमता के लिहाज से हम पांचवें पायदान पर हैं। इस सूची में भारत से पहले चीन, अमेरिका और ब्राजील हैं। केवल इन चार देशों ने 2023 में दुनिया के कुल सौर ऊर्जा उत्पादन में 75 प्रतिशत का योगदान किया है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट हरित ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। गौरतलब है ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य के स्तर पर लाने के भारत के संकल्प को रेखांकित किया था। इस संदर्भ में केंद्र सरकार ने अनेक नीतिगत पहल भी की हैं। हाल में ही देश में सूर्योदय योजना का प्रारंभ किया गया है जिसमें कम आमदनी के परिवारों को सोलर पैनल लगाने के लिए सहायता दी जाएगी। ऐसी योजनाओं में अतिरिक्त बिजली खरीदने तथा मुफ्त बिजली देने का भी प्रावधान है। सौर ऊर्जा के अलावा पवन ऊर्जा, बायोमास, जल विद्युत संयंत्र, कचरे से ऊर्जा निकालने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। हाइड्रोजन ऊर्जा से भी भविष्य में बड़ी उम्मीदें हैं। कहा जा सकता है कि इन प्रयासों से ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापकता आएगी और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी मदद मिलेगी।

# आवश्यक है खाद्य पदार्थों की बर्बादी रोकना


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

इसकी गंभीरता को देखते हुए भोजन की बर्बादी और इसे सड़ने गलने से बचाने के लिए कई देशों में प्रयास किया गया है। फ्रांस पहला ऐसा देश है जिसने सुपर मार्केट द्वारा न बिकने वाले फलों, सब्जियों एवं अन्य खाद्य पदार्थों को नष्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

एक ओर जहां भारत में आज भी 19 करोड़ लोग भूखे सोते हैं,वहीं दूसरी ओर समाज का एक बड़ा वर्ग भोजन को फेंककर बर्बाद करने में लगा है। विश्व भूख सूचकांक 2023 के अनुसार भारत का स्थान 111 वां है और यह अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका से भी पीछे है। जाहिर है देश में लोगों को मिलने वाले पौष्टिक और पर्याप्त भोजन की कमी है। एक वर्ग के पास इतना ज्यादा खाद्य पदार्थ है कि वह इसे फेंकता है,बर्बाद करता है और एक बड़ा वर्ग भूखों सोता है। यह सामाजिक असमानता की भी निशानी है। यद्यपि सरकार ने इस ग्लोबल हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं,जो उचित भी है।

देश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून लागू हो जाने से देश की लगभग 80 प्रतिशत जनसंख्या को मुफ्त अनाज सरकार द्वारा दिया जा रहा है,परंतु अभी भी एक बहुत बड़ा वर्ग पौष्टिक और पर्याप्त भोजन को तरस रहा है,लेकिन दूसरी तरफ मध्यम वर्ग और उच्च मध्यम वर्ग अपनी बढ़ती संपन्नता के साथ ही खाने के प्रति असंवेदनशील होते जा रहे हैं। खर्च करने की क्षमता में वृद्धि के साथ ही खाना फेंकने और ज्यादा से ज्यादा लुटाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है और वे इसे अपनी तथाकथित रईसी में शामिल करते हैं। इसका सबसे शानदार उदाहरण विवाह स्थलों के पास रखे कूड़ाघरों से पता चलता है,जहां 40 प्रतिशत से अधिक खाना फेंका हुआ मिलता है। वास्तव में अपने यहां कोई ऐसा कानून नहीं है,जो भोजन की इस बर्बादी पर रोक लगा सके। वास्तव में भोजन की बर्बादी मानवीय संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। भोजन की बर्बादी से न केवल सरकार,बल्कि सामाजिक संगठन भी चिंतित हैं। दुनियाभर में हर वर्ष जितना भोजन तैयार होता है,उसका एक-तिहाई यानी लगभग 1 अरब 30 करोड़ टन बर्बाद हो जाता है।

विश्व खाद्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 10 प्रतिशत लोग यानी करीब 83 करोड़ लोग भूखे सोते हैं,जिन्हें पेटभर खाना नसीब नहीं होता है। दुनियाभर में हरेक वर्ष लगभग 250 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है, अगर इस बर्बादी या अपव्यय को रोकने में सफलता मिल जाए तो सभी लोगों का पेट भरा जा सकता है। देश में हरेक साल लगभग 25.1 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन होता है,लेकिन खाद्य उत्पाद का 40 प्रतिशत बर्बाद हो जाता है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के अनुसार भारत में हरेक वर्ष 23 करोड़ टन दाल, 12 करोड़ टन फल और 21 करोड़ टन सब्जियां वितरण प्रणाली में कमियों के कारण खराब हो जाती हैं। इस अपव्यय का दुष्प्रभाव हमारे देश के प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ रहा है। औसतन हर भारतीय 1 साल में 6 से 11 किलो अन्न बर्बाद करता है। विश्व में तीन अरब से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्यकर एवं पौष्टिक भोजन नहीं मिल पाता है। यूएनईपी की रिपोर्ट के मुताबिक भोजन की बर्बादी के मामले में चीन पूरे विश्व में प्रथम और भारत दूसरे स्थान पर है।

भारत में हर वर्ष 6 .87 करोड़ टन खाना बर्बाद हो जाता है। भारत में हर व्यक्ति औसतन सालाना 94 किलोग्राम भोजन की बर्बादी करता है। देश में लगभग 14 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात 18 .9 करोड़ लोग कुपोषण का शिकार हैं।

भारत में हर वर्ष 6.87 करोड़ टन खाना बर्बाद हो जाता है। भारत में हर व्यक्ति औसतन सालाना 94 किलोग्राम भोजन की बर्बादी करता है। देश में लगभग 14 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात 18.9 करोड़ लोग कुपोषण का शिकार है। दुनिया में अनुमानतः 17 प्रतिशत भोजन हर वर्ष कचरे में फेंक दिया जाता है जिससे करोड़ों लोगों की भूख मिटाई जा सकती है। इसमें से लगभग 57 करोड़ टन अकेले घरों द्वारा कचरे में फेंका गया भोजन होता है। खाद्य और कृषि संगठन के अनुसार दुनिया का लगभग 14 प्रतिशत फसल कटाई के बाद और दुकानों तक पहुंचने के पहले नष्ट हो जाता है,जो लगभग 400 अरब डॉलर का है। ऐसा माना जाता है कि भोजन बर्बादी का संबंध अमीर या विकसित देशों से ज्यादा है,परंतु संयुक्त राष्ट्र संघ के सर्वेक्षण ने इसे गलत प्रमाणित कर दिया है। विकसित देशों के मुकाबले पश्चिम एशिया और अफ्रीकी देशों में सालाना प्रति व्यक्ति खाने की बर्बादी ज्यादा होती है। एक ओर अफ्रीका के कई देश भुखमरी का सामना कर रहे हैं,वहीं दूसरी तरफ नाइजीरिया जैसे देश भी हैं,जहां हर व्यक्ति वर्ष में लगभग 189 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता है। रूस में सबसे कम भोजन बर्बाद किया जाता है, वहां प्रति व्यक्ति करीब 33 किलोग्राम भोजन को हर वर्ष कचरे में फेंका जाता है यानि यहां भोजन के सदुपयोग के प्रति संवेदनशीलता अपनाई जाती है।

खाद्य पदार्थों का अपव्यय या बर्बादी दो तरह की होती है। पहला जो खेतों में फसलों की कटाई से खुदरा दुकानदारों तक पहुंचने के बीच होने वाले खाद्य पदार्थों की हानि को "फूड लॉस" या भोजन का नुकसान कहते हैं। दूसरे खुदरा दुकानदारों से उपभोक्ताओं तक पहुंचने के मध्य में जो भोजन की हानि होती है,उसे भोजन की बर्बादी या "फूड वेस्टेज" कहा जाता है। भोजन के अपव्यय या बर्बादी का सीधा असर हमारे पर्यावरण पर पड़ता है। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में दस प्रतिशत तक हिस्सा सड़े-गले और खराब भोजन का होता है,जो तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है। सड़े गले खाद्य पदार्थ से हानिकारक व प्रदूषणकारी मीथेन गैस का उत्पादन होता है। साथ ही फसलों की पोषण गुणवत्ता भी कम होती है और फूड चेन भी प्रभावित होता है। भोजन की बर्बादी से इसके उत्पादन में लगने वाले पानी,परिवहन के लिए ऊर्जा और भूमि जैसे सभी संसाधनों का भी नुकसान होता है।

इसकी गंभीरता को देखते हुए भोजन की बर्बादी और इसे सड़ने गलने से बचाने के लिए कई देशों में प्रयास किया गया है। फ्रांस पहला ऐसा देश है जिसने सुपर मार्केट द्वारा न बिकने वाले फलों, सब्जियों एवं अन्य खाद्य पदार्थों को नष्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जनवरी 2015 में एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने भी शादी-विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची रोकने के आदेश दिया था। पाकिस्तान में यह कानून है कि शादी या अन्य समारोहों में एक से ज्यादा मुख्य व्यंजन नहीं परोसा जा सकता है। इस कानून के उल्लंघन पर एक महीने की सजा और 50 हजार से दो लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। भारत में भी वैवाहिक समारोहों में फिजूलखर्ची व धन की बर्बादी को रोकने के लिए एक कानून बनाने का विचार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में राष्ट्रीय सलाहकार समिति ने दिया था। इसमें विवाहों में मेहमानों की संख्या नियंत्रित करने से लेकर कई अन्य बातें भी शामिल थीं,मगर इसे मूर्त रूप नहीं दिया जा सका। इधर हाल में बिहार से कांग्रेसी सांसद रंजीता रंजन ने शादियों में खाने की बर्बादी को रोकने के साथ-साथ विवाह के पंजीकरण को कानूनन अनिवार्य बनाने वाला एक निजी विधेयक लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद भाजपा सांसद गोपाल चिन्नया शेट्टी और कांग्रेसी सांसद जसबीर सिंह गिल ने भी शादियों में मेहमानों की संख्या सीमित करने,खर्च सीमित करने आदि से संबंधित विधेयक पेश किया है। हालांकि देश में प्रदर्शन और फिजूलखर्च पर प्रतिबंध की दृष्टि से विवाह समारोह अधिनियम 2006 तो मौजूद है, लेकिन इसका सख्ती से अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

विश्वभर में होने वाली भोजन की बर्बादी और अपव्यय को रोकने के लिए विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन,अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष और विश्व खाद्य कार्यक्रम ने एकजुट होकर एक परियोजना शुरू की है। आजकल मारवाड़ी समाज में फिजुलखर्ची,वैभव प्रदर्शन एवं दिखावे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने एवं भोजन के व्यंजनों को सीमित करने के लिए आंदोलन चल रहे हैं। वैवाहिक समारोहों के अतिरिक्त मृत्यु पश्चात आयोजित किए जाने वाले सामूहिक भोजों के विरुद्ध भी अनेक जातीय समाजों द्वारा प्रचार-प्रसार एवं आह्वान किया जा रहा है। भोजन की बर्बादी को रोकने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने दिसंबर 2017 में 'सेव फूड, शेयर फूड, ज्वाय फूड' नाम से एक कार्यक्रम शुरू किया था जिसका उद्देश्य भोजन की बर्बादी को रोकने और उसे जरूरतमंदों से इसको साझा करने को लेकर जागरूकता फैलाना था। प्राधिकरण ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों और कारोबारों में भोजन की बर्बादी रोकने और भोजन दान करने को प्रोत्साहित करने के लिए नियम बना दिए। इसके लिए अलग-अलग खाद्य वितरण एजेंसियों और दूसरे स्टैक होल्डरों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2018 में केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया "ईट राइट इंडिया मूवमेंट" भोजन की बर्बादी रोकने और जरूरतमंदों तक पौष्टिक खाना पहुंचाने की दिशा में एक अच्छी पहल है।

## प्रसंगवश

# स्वार्थ की बलि चढ़ती झील


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

प्रकृति की अनुपम नैसर्गिक छटा से भरपूर नैनीताल जनपद का भीमताल नगर पर्वतीय सभ्यता व संस्कृति का केंद्र बिंदु होने के साथ ही पर्वत श्रृंखलाओं के मनोहारी दृश्यों के बीच सौंदर्य बिखेरती टापू वाली झील के लिए प्रसिद्ध है। 1370 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह झील नैनीताल की झील से बड़ी है,लेकिन मानवीय हस्तक्षेप, पर्यावरण प्रदूषण और अनियंत्रित व अंधाधुंध विकास तथा कंक्रीट के बढ़ते जंगल के कारण अपनी पहचान खोते हुए तेजी से सिमट रही है।

भीमताल झील की लंबाई लगभग 1677 मीटर तथा चौड़ाई 454 मीटर है। निरंतर गंदगी और गाद जमा होने से झील की गहराई घटती जा रही है। 1871 में झील की गहराई 39 मीटर आंकी गई थी,जो 1975 में घटकर 27 मीटर तथा 1985 में 20 मीटर तक पहुंच गई। वर्तमान में झीलों की औसत गहराई 20 मीटर से घटकर लगभग 12 मीटर ही रह गई है।

गर्मियां आते ही झील का स्वरूप बदल जाता है। यदि आप इस समय भीमताल जाएं तो आप देखेंगे की झील के मल्लीताल वाले क्षेत्र में झील का पानी सुखकर एक बड़े मैदान का रूप ले चुका है। एक सुंदर झील की गोद में यह सुखा-उजाड़ मैदान एक बदनुमा दाग की तरह नजर आता है,जो हर साल गर्मियां शुरू होते ही उभर आता है,लेकिन ऐसा न हो इसके प्रयास सरकारी स्तर पर कभी होते नजर नहीं आते।


देख-रेख के अभाव और उपेक्षा के कारण यह झील जवानी में ही बुढ़ापे के दिन देख रही है। भीमताल क्षेत्र को प्रकृति ने सौंदर्य की अमूल्य धरोहर मुक्त हस्त से प्रदान की है, लेकिन इसके बावजूद यह क्षेत्र एक सफल पर्यटक स्थल के रूप में नहीं उभर सका है। कभी भीमताल इलेक्ट्रॉनिक घाटी के रूप में प्रसिद्ध था। यहां कई छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां खोली गई थीं जिनका मलबा सीधे झील में जाता था। उस दौर में यह झील सबसे ज्यादा प्रदूषित हुई। अधिकांश फैक्ट्रियां तो अब बंद हो चुकी हैं,लेकिन झील के दोनों और की पहाड़ियां अब कंक्रीट के जंगल में तब्दील होने लगी हैं। झील में लगातार जा रहे मलबे से न केवल इसके प्राकृतिक क्षेत्रफल में कमी आई है,बल्कि बढ़ते प्रदूषण से इसके पानी में भी ऑक्सीजन की मात्रा में कमी आंकी गई है। फैलते हुए किनारों और सिकुड़ते हुए जल विस्तार को दर्शाती इस झील की जल ग्रहण क्षमता में कमी का एक मुख्य कारण झील के दक्षिण पूर्व किनारे पर अंग्रेजों द्वारा बनाए गए विशाल मेहराबदार तटबंधों के खुलने से भी जुड़ा है। सन् 1895 में अंग्रेजों द्वारा पास किए गए आदेशों के तहत आज भी इन तटबंधों से हल्द्वानी व भावर क्षेत्र को सिंचाई और पेयजल हेतु पानी दिया जाता है। झील में जल स्तर के कम होने का यह भी एक कारण है। इसी का परिणाम है कि पर्यटक मौसम के समय यह झील पश्चिम उत्तर किनारे पर जल विहीन होकर गायों की चरागाह में तब्दील हो जाती है।

इसके अलावा झील से लगी पहाड़ियों पर निरंतर बड़े-बड़े होटल, रिजॉर्ट,कॉटेज और मकान बनाने का जो बेरोकटोक सिलसिला कई वर्षों से चल रहा है और बरसात में इस कथित विकास का,जो मलबा झील में जा रहा है, उसके कारण भी झील के कई प्राकृतिक स्रोत सूख गए हैं। कुछ साल पहले कुमाऊं विश्वविद्यालय से जुड़े वैज्ञानिकों द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार भीमताल झील से जुड़े सतर प्रतिशत पानी के चश्मे या तो सूख गए हैं या फिर सूखने के कगार पर हैं।

अपने वर्षों के इतिहास में लोगों ने इस झील से बहुत कुछ पाया है। चाहे वह जीविकोपार्जन का साधन हो अथवा मनोरंजन का परंतु प्रगति, विकास, असुरक्षा, अपेक्षा व आधुनिकीकरण के नाम पर इस झील ने बहुत कुछ खोया है। विकास के नाम पर इस घाटी के पर्यावरण संतुलन से खेलने वाले दिमाग पता नहीं क्यों तिल-तिल मरती इस झील को देखकर भी विचलित नहीं होते। अपने नैसर्गिक सौंदर्य और टापू के लिए प्रसिद्ध इस झील के चेहरे पर बुढ़ापे की झुर्रियां देखी जा सकती हैं।

झील के चारों ओर अनियोजित विकास हो रहा है। पहाड़ खोदने से उपजा मलबा,बरसात का गंदा पानी,नालियां सब झील में ही समा रही है। अपने स्वरूप को जिस तेजी से इस झील ने खोया है,वह इसका दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है। झील को देखकर इसके प्रारंभिक अद्भुत रूप और आज उसके चेहरे पर व्याप्त झुर्रियों की पीड़ा को साफ महसूस किया जा सकता है। खेद का विषय है कि जो झील लाखों साल से पारिस्थितिक भूगर्भिक हलचलों के मध्य भी सुरक्षित बनी रही,उसे हमने तीन दशक से भी कम समय में संकट की कगार पर पहुंचा दिया है।

# मजहब और अयुक्तिवाद


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

फिर विवेकवादी नास्तिक नहीं हो सकता। नास्तिक होना और उसे घोषित करना या तो दंभ का परिचायक होता है या व्यापक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षा का द्योतक।

सभी मजहबों और संप्रदायों में अयुक्तिवाद (तर्कहीनता) का तत्व अपरिहार्य रूप से मौजूद है। यूरोप के लोगों ने बहुत कीमत चुकाकर, कई विद्वानों और वैज्ञानिकों को चौराहों पर जिंदा जलाकर,पोप और बिशप की निरंकुश, अमानवीय मनमानी बर्दाश्त कर, व्यर्थ के क्रूसेड चलाकर, एक हजार साल के मध्ययुगीन अंधकार में डूबे रहने के बाद,इस चीज को समझा और पुनर्जागरण, धर्मसुधार तथा ज्ञानोदय की आग से तपकर औद्योगिक क्रांति तक की यात्रा की। उन्होंने शायद यह भी समझ लिया हो कि सारे संगठित मजहब और संप्रदाय दरअसल सत्ता-संगठन हैं और सामूहिक ताकत बनाए रखने और बढ़ाने के काम आते हैं। अगर ईश्वर है तो व्यक्ति से उसका सीधा संबंध है-उसकी अंतरात्मा से होकर। उसे किसी मजहबी व्यवस्था का गुलाम बनने की कोई जरूरत नहीं।

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने आर्थिक और भौतिक शक्ति से सत्ता प्राप्त करने और उसे बनाए रखने का रास्ता खोज निकाला। आज ईसाई मजहब के सिद्धांत केवल उन पुजारियों और धर्म-प्रचारकों तक सीमित हैं,जो पिछड़े देशों में मजहब के प्रचार के काम में लगे हैं। उनका वित्त-पोषण करने वाली संस्थाएं भी वस्तुतः सत्ता-विस्तार के ही काम में लगी हैं। भौतिक सत्ता से ही विश्व शक्ति बने अमेरिका ने तो इस चीज को सबसे स्पष्ट तरीके से समझ लिया है। रिपब्लिकन पार्टी अपेक्षाकृत अनुदार है तो उसमें कभी-कभी ईसाइयत के प्रति राजनीतिक किस्म का आग्रह झलक उठता है। बस राजनीतिक किस्म का। जैसे हमारे यहां हिंदुत्व के प्रति 'राजनीतिक किस्म' का आग्रह सफलता का रामबाण बना हुआ है। माने अब तक। भविष्य को कौन जानता है,ज्योतिषियों और दलीय राजनीति का खेल खेलने वालों के सिवा? अमेरिकी प्रवास में एक अमेरिकी सज्जन से वार्तालाप के दौरान किसी संदर्भ में मैंने अज्ञानवश पूछ लिया-आप कैथलिक हैं या प्रोटेस्टेंट? उन्होंने मेरी ओर ध्यान से देखा। फिर जैसे मेरे प्रश्न की निरर्थकता को नजरअंदाज करते हुए सपाट स्वर में बोले,मैं चर्च नहीं जाता।

अपने प्रश्न की अप्रासंगिकता के एहसास से मैं थोड़ा असहज हो उठा,जो शायद वे नहीं चाहते थे-उस समय वे मेरे मेजबान थे। असहजता को दूर करने के लिए उन्होंने कहा- यहां के अधिकांश लोग चर्च नहीं जाते। मेरी सहजता थोड़ी लौटी और बात इतर मुद्दे पर सरक सकी,जो अपने को घोषित तौर पर विवेकवादी या नास्तिक वगैरह मानते हैं। कभी-कभी अजीब नासमझी की बात कर बैठते हैं। कट्टरता की मात्रा या तीव्रता के आधार पर मजहबों की परस्पर तुलना करने लगते हैं। एक मजहब के अयुक्तिवाद को दूसरे मजहब के अयुक्तिवाद से ज्यादा खतरनाक बताने लगते हैं। अयुक्तिवाद की ऐतिहासिक व्याख्या करने, किसी को सही तो किसी को गलत बताने लगते हैं। अरे भाई,जब आधार ही अयुक्तिवाद है तो सारा खेल अविवेक और सत्ता का हो जाता है। सत्ता के स्रोत क्या हैं? शक्ति-आक्रामक और सुरक्षात्मक-संपत्ति और संख्या जिसके पास तीनों का समंजित योग ज्यादा होगा उसका अयुक्तिवाद जीत जाएगा। सच और झूठ की लड़ाई में सच के जीतने की संभावना कितनी भी क्षीण हो,रहती तो है,किंतु दो झूठ की लड़ाई में ज्यादा शक्तिशाली झूठ जीत जाएगा और ज्यादा शक्तिशाली झूठ प्रायः वही होता है,जो ज्यादा बड़ा झूठ बोलकर लोगों से उसे सही मनवा लेने की कला में अधिक प्रवीण होता है। सीधी बात है। विवेकवाद के आधार पर किसी मजहब को सही या गलत ठहराने का क्या तुक? जो जैसा है,वैसा है।

विवेकवाद भी कहीं न कहीं लड़खड़ा ही जाता है,उसमें भी तो बहुत कुछ मानकर चलना पड़ता है। विवेकवादी को सदा यह कहने को तत्पर रहना होता है- इस बारे में फिलहाल मैं कुछ नहीं जानता क्योंकि सर्वगम्य रूप से,निश्चित तौर पर अभी कुछ भी ज्ञात नहीं है। जब सर्वगम्य और सुनिश्चित रूप से ज्ञात हो जाएगा,बता दूंगा,जो अभी इस तरह ज्ञात नहीं है,वह आगे ज्ञात हो भी सकता है। नहीं भी हो सकता,लेकिन अज्ञात के साथ भी ठाट से रहा जा सकता है।

फिर विवेकवादी नास्तिक नहीं हो सकता। नास्तिक होना और उसे घोषित करना या तो दंभ का परिचायक होता है या व्यापक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षा का द्योतक। अतः विवेकवादी नास्तिक के बजाय तत्वतः अज्ञेयवादी होने के लिए नियतिबद्ध है।

## सोशल फोरम

# शक्ति की स्रोत मां


वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

मां धरती पर सबसे अधिक प्रयोग किया जाने वाला शब्द है। होश संभालने पर सबसे पहले देखा चेहरा मां का ही याद आता है। स्कूल छोड़ने भी मां ही जाती थी और लेने भी, बहनें भी साथ होती थीं। याद है काली मिर्च वाले पराठे के साथ आम या नींबू के आचार की एक फांक रखकर रुमाल में बांधती और फिर भीतर से कलई की हुई पीतल की डिब्बिया में रख बस्ते में ठूंस देती। पिताजी नौकरी के सिलसिले में अक्सर बाहर रहते थे। घर-बाहर और हम भाई-बहनों को मां ही संभालती थी। याद आता है आलमबाग की चंदर नगर मार्केट के दुमंजिले पर घर, वेजिटेबल ग्राउंड की रामलीला रात दो-ढाई बजे तक चलती थी। लौटकर घर आता तो घुप्प अंधकार होता। नीचे से आवाज देता-माताजी। अंधेरे की अभ्यस्त मां,मैं आई कहते हुए दौड़ी चली आती। कॉपी-किताब चाहिए या कैंडी आइसक्रीम चूसनी है या फिर सिनेमा देखना है। मां ही काम आती। गलती करने पर पिताजी के कुफ्र से मां ही बचाती। एक अखबार में लेख छपा। सात रुपए मिले थे। कलम से पहली कमाई। मां के चरणों में ही रखी थी। मां ने सिर्फ चवन्नी रख बाकी पैसे मुझे दे दिए थे। शादी के बाद जब मैंने मां के चरणों में अपना वेतन रखा था मां ने भारी मन से कहा था- अब मुझे इसकी जरूरत नहीं। इसे और तुझे संभालने वाली आ गई है। मां की यादों की बड़ी लंबी फेहरिस्त है। बताने बैठूं तो महाग्रंथ तैयार हो जाए। मां का जिस्म बहुत भारी था। जब कभी उनकी तबियत खराब होती तो मैं मजाक करता था-माता जी आपको उठाने के लिए क्रेन मंगानी पड़ेगी,लेकिन जिंदगी के अंतिम छह साल तक खूब सेवा कराई मां ने, सूखकर कांटा हो गई थीं। उनकी खराब अवस्था को जो भी देखता यही कहता था-भगवान से प्रार्थना कर कि मां को मुक्ति दे,लेकिन मैं जब भी भगवान की मूर्ति के सामने खड़ा हुआ तो मुंह से यही निकला - मुझे ताकत दे मां की खूब सेवा करूं। टूटने न पाऊं, लेकिन भगवान ने मेरी नहीं सुनी। मैंने भगवान को मानना ही छोड़ दिया। सच कह रहा हूं, पूरे दिल से - मेरे जीवन में मां की जगह कोई नहीं ले पाया,पत्नी भी नहीं। आज भी जब कभी तकलीफ में होता हूं तो पिता से पहले मां को ही याद करता हूं। शक्ति की स्त्रोत हैं वो।

**-फेसबुल वॉल से**

# बड़ों की छोटी बीवियां


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जयपुर के मिर्जा राजा जयसिंह अपनी नई कमसिन पत्नी राजिबा बाई में ऐसा संलिप्त हुए कि राजकाज ही छोड़ बैठे। अब राजा को कौन टोके? तब राजकवि बिहारी ने जिम्मा लिया और एक दोहा लिखकर अंत :पुर में भिजवाया- नहिं पराग नहिं मधुर मधु,नहिं विकास यहि काल। अली कली ही सों विंध्यौ, आगे कौन हवाल।।

विवाह संबंधों में सामान्यतया पत्नी थोड़ा कम उम्र की ही उचित मानी जाती है। हालांकि इसके अपवाद भी हैं। कहीं बड़ी और कहीं ज्यादा छोटी बीवियां होती रही हैं। साधारण लोगों का तो कोई इतिहास संरक्षित नहीं रहता, किंतु जब ऐसा बड़ों के बारे में हो तो वह रिकार्ड पर आ जाता है। बात करते हैं पतियों से अधिक छोटी पत्नियों की। ऐसी पत्नियां पतियों को अधिक आकर्षित कर ले जाती हैं, कई बार उनके सामान्य कामकाज में बाधा भी पड़ती देखी गई है। भगवान राम और सीता की उम्र में कहीं सात और कहीं नौ साल का अंतर उल्लिखित है। वाल्मीकि के अनुसार विवाह के समय सीता 6 साल की और राम 13 के थे। तुलसीदास ने वन गमन के समय जो दोहा लिखा है, उसके अनुसार तत्समय "वरस अठारह की सिया, सत्ताइस के राम" थे।

यह अंतर नौ साल का है, जो भी हो सीता कम उम्र और अतीव सुंदरी थीं। चूंकि राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे, अतः वे उनकी कमसिनी और रूप में लिप्त तो नहीं थे, पर अति अनुरागमय अवश्य थे। उनके हरण पर राम गजराज से कहते हैं कि 'हे गजराज! तुम्हारी शुण्ड के समान जिसकी जंघाएं हैं, क्या तुमने ऐसी मेरी प्रिया को देखा है?" यही नहीं लंका से वापस मिलने पर भी वे क्षुब्ध तो हुए, किंतु उनके रूप का भान उन्हें भरपूर था। उन्होंने वाल्मीकि के अनुसार, यहां तक कहा कि "तुम इतनी सुंदर हो कि रावण अपने को रोक नहीं पाया होगा!"

श्रीकृष्ण की पत्नी-संख्या तो बहुत बड़ी है, किंतु छोटी और सौन्दर्यशालिनी सत्यभामा की चाहत के लिए वे इन्द्र से लड़े और वहां से पारिजात लेकर पृथ्वी पर आए। यद्यपि सत्यभामा का यह दुराग्रह ही था कि जिसके घर मेहमानी में जाए, उसकी कोई चीज पसंद करके ले चलने का हठ करें। महाभारत की नायिका द्रौपदी अर्जुन से 12 वर्ष और युधिष्ठिर से 14 वर्ष छोटी थीं। रूप का आलम यह कि स्नानागार में उनके खुले सौंदर्य एवं अंग सौष्ठव को देखकर स्नान की सहायिकाओं के मन में पुरुष भाव जागृत हो जाता था। कौरव सभा में अपमानित होने पर उन्होंने अपना वेणी संहार किया जिसकी परिणति तत्कालीन विश्व युद्ध में हुई। जयपुर के मिर्जा राजा जयसिंह अपनी नई कमसिन पत्नी राजिबा बाई में ऐसा संलिप्त हुए कि राजकाज ही छोड़ बैठे।

अब राजा को कौन टोके? तब राजकवि बिहारी ने जिम्मा लिया और एक दोहा लिखकर अंतः पुर में भिजवाया-नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास यहि काल। अली कली ही सों विंध्यौ, आगे कौन हवाल।। स्पष्ट है कि रानी का यौवन भी तब पूर्ण विकसित नहीं था। खैर! कविता का प्रभाव पड़ा और उन्होंने राजकाज संभाल लिया। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे एन टी रामाराव ने काफी कम उम्र की लक्ष्मी पार्वती से शादी की, जो उनके राजनीतिक पतन का कारण बनी। "नारि नयन सर जाहि न लागा। घोर क्रोध तम निसि जो जागा"।

# और कितनी महंगाई की मार


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

बात 2012 की है। अन्ना आंदोलन खत्म होने के बाद यूपीए-2 सरकार के खिलाफ लगातार असंतोष बढ़ रहा था। महंगाई, बेरोजगार भ्रष्टाचार को लेकर जन मानस में रोष दिखाई दे रहा था। गैस के दामों के बढ़ने से सिलेंडर लेकर सड़क पर उतर जाना,बहुत हुई महंगाई की मार,अबकी बार... जैसे नारों से पेट्रोल पंपों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगे बड़े-बड़े होल्डिंग और पोस्टर्स आकर्षण का केंद्र थे, लेकिन इस चुनाव में शायद यह मुद्दे गौड़ हो गए जाति-धर्म और मंदिर-मस्जिद की लड़ाई में शायद जनता को इनका ध्यान ही नहीं रहा।

हालांकि विपक्ष शिद्दत से इन मुद्दों को उठा भी रहा है,परंतु हाल के दिनों में अखबारों में महंगाई और बेरोजगारी पर खबरे जरूर आए दिन छप रही हैं। आम आदमी की जेब पर महंगाई की मार बढ़ रही है। प्याज टमाटर, आलू, अंडे, दालों, उपयोगी दवाओं और घरेलू समान के दाम बढ़ने से आम आदमी इस मार को सह नहीं पा रहा है। महंगाई की मार और उधारी बढ़ने से दो समय का भोजन मुश्किल हो गया है। सीनियर सिटीजन को ट्रेन सफर में मिलने वाली छूट बंद हो जाने और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम लगातार बढ़ने से डबल मार पड़ रही है। चुनाव के दौरान एक चर्चा में कुछ लोग बता रहे थे कि अगर चीजों के दाम बढ़ रहे हैं तो सैलरी भी तो बढ़ी है।

ऐसे अविवेकपूर्ण सवाल पूछने वालों को शायद नहीं मालूम की केवल संगठित क्षेत्र में काम करने वालों और बड़े औद्योगिक घरानों के कुछ लोगों को ही वेतन बढ़ोतरी का लाभ मिला है। शेष 70 प्रतिशत जो असंगठित क्षेत्र में है विशेष कर दुकानों, अस्पतालों में काम करने वालों, मांझा, पतंग बनाने वाले कारीगरों, रेहड़ी लगाने वालों, रिक्शा ऑटो रिक्शा चलाने वालों, खेत मजदूरों, ठेका, संविदा और दैनिक आधार पर मजदूरी करने वालों पर इस भीषण महंगाई का कितना असर होता है इसकी जानकारी भी ली जानी चाहिए।

# हारी हुई सीटों पर जीत के नए समीकरण बनाने में जुटी भाजपा

## गाजीपुर, जौनपुर और लालगंज में बसपा और आजमगढ़ में जीती थी सपा, 2022 में हुए उप चुनाव में भाजपा ने आजमगढ़ सीट सपा से छीनी थी

विनय जायसवाल, मऊ

पूर्वांचल की चार सीटों पर भाजपा को 2019 के चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा था। इन सीटों पर इस चुनाव में जीत के लिए भाजपा समीकरणों को साधने में जुटी हुई है। पार्टी इन सीटों पर जीत दर्ज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन चार सौ पार को पूरा करने लिए एड़ी- चोटी का जोर लगाए हुए है। पार्टी की ओर से पिछले चुनाव में कमियों को चिह्नित कर उसे दूर करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है तो बूथों पर पन्ना प्रमुखों के साथ ही मतदाताओं को घर से लाने के लिए टोलियां भी बनाई जा रही हैं। इन सबके साथ ही पार्टी का फोकस बसपा के परंपरागत मतदाताओं पर है जो 2014 के लोकसभा, 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ थे लेकिन 2019 में गठबंधन के साथ चले गए थे। ऐसे मतदाताओं को साधने के लिए न सिर्फ जातीय आधार पर बड़े नेताओं की तैनाती की गई है बल्कि उन्हें मिल रहे योजनाओं के लाभ को भी याद दिलाया जा रहा है। हालांकि कांग्रेस के साथ गठजोड़ कर मैदान में उतरी सपा भी कम नहीं है। पार्टी के रणनीतिकार संविधान बचाने और आरक्षण बचाने के नाम पर दलित मतदाताओं और पिछड़ी जाति के मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं।

**आजमगढ़ में सपा ने की मजबूत घेरेबंदी:** समाजवादी पार्टी ने आजमगढ़ सीट पर भाजपा के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ की जबरदस्त घेरेबंदी की है। 2019 में यह सीट सपा प्रमुख अखिलेश यादव जीते थे पर उनके त्यागपत्र के बाद जब 2022 में चुनाव हुआ तो निरहुआ जीत गए। निरहुआ की जीत में बसपा के शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली की अहम भूमिका थी। जमाली ने तब 2.66 लाख वोट काट लिए थे। यही सपा के धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बना था। इस बार जमाली सपा के साथ हैं। बसपा ने पहले भीम राजभर को उतारा और बाद में उनका टिकट काटकर मशहूद अहमद को उतार दिया है। सपा इस सीट को जहां भाजपा से छीनने के लिए पार्टी छोड़ चुके नेताओं को साथ लाने में जुटी है तो भाजपा ने भी पूर्व एमएलसी यशवंत सिंह को साथ ले लिया है। सपा को विधायक रमाकांत यादव की कमी खल रही है।







### जौनपुर में धनंजय का साथ मिले तो बने बात

जौनपुर सीट पर बसपा के श्याम सिंह ने पिछला चुनाव जीता था। इस बार बसपा ने पहले उनका टिकट काटकर पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को दिया और बाद में उनका भी काट कर श्याम सिंह को टिकट दे दिया। पत्नी का टिकट कटने से धनंजय नाराज हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि वे भाजपा में शामिल होंगे। धनंजय यदि भाजपा में जाते हैं तो इसका सीधा लाभ पार्टी के उम्मीदवार कृपा शंकर सिंह को मिलेगा। यह बात पार्टी के रणनीतिकार भी मान रहे हैं कि उनके आने से बात बनेगी। हालांकि यहां से सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा को उतारा है। कुशवाहा बुंदेलंखड क्षेत्र के रहने वाले हैं और उन्हें भाजपा और बसपा के लोग बाहरी बताने में जुटे हुए हैं। यहां राजपूत मतदाताओं की मजबूत स्थिति को देखते हुए भाजपा तो धनंजय पर डोरे डाल ही रही है सपा की कोशिश भी है कि वे साथ आ जाएं।

### गाजीपुर में सहानुभूति बनाम गुंडागर्दी पर चुनाव

- गाजीपुर सीट पर सपा ने वैसे तो 2019 में बसपा के टिकट पर जीते अफजाल अंसारी को मैदान में उतारा है, लेकिन यहां अभी अफजाल का भविष्य अधर में है। गैंगस्टर एक्ट में हुई सजा मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। अगर वहां से अफजाल की सजा माफ होती है तो वह चुनाव लड़ सकेंगे अन्यथा उनकी बेटी यहां से मैदान में होगी।
- पिता- पुत्री ने नामांकन तो कर दिया है पर मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी इस बात से नाराज हैं कि अफजाल अंसारी अपनी पुत्री को आगे बढ़ा रहे हैं। उमर अंसारी खुद ही चुनाव लड़ना चाहते हैं। भाजपा ने यहां से पारसनाथ राय को उतारा है। पारसनाथ राय गुंडागर्दी के खात्मे के नाम पर वोट मांग रहे हैं तो अफजाल और उनकी पुत्री मुख्तार अंसारी की मौत को हत्या बताते हुए सहानुभूति के नाम पर वोट पाने की कोशिश में हैं। भाजपा के लोग यह बताने में जुटे हैं कि गुंडागर्दी के समापन और विकास के लिए भाजपा की जीत जरूरी है।

### लालगंज में दो पूर्व सांसदों के बीच कड़ा संघर्ष

- आजमगढ़ जिले की लालगंज लोकसभा सीट पर भी मुकाबला कड़ा है। यहां भाजपा की पूर्व सांसद नीलम सोनकर और सपा के पूर्व सांसद दरोगा प्रसाद सरोज के बीच मुकाबला कांटे का दिख रहा है। इस सीट को पिछले चुनाव में बसपा की संगीता आजाद ने जीता था। संगीता आजाद अब भाजपा के साथ हैं और कमल खिलाने के लिए रात- दिन एक कर रही हैं। संगीता को उम्मीद है कि पार्टी उन्हें विधान परिषद भेज देगी। इसलिए उन्होंने न सिर्फ बसपा के परंपरागत मतदाताओं को भाजपा के पाले में लाने का प्रयास शुरू किया है बल्कि वे बसपा के बड़े नेताओं को भाजपा में लाने का प्रयास कर रही हैं। बसपा ने यहां डॉ. इंदू चौधरी को उतारा है।

# चौथे चरण के मुद्दे चार, जिनसे वोटर ने किया ईवीएम पर वार

## तीन चौथाई मतदाता तय करके आए थे, किस दल या प्रत्याशी के लिए दबाना है बटन

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान ने प्रदेश में बीते तीन चरणों में कम मतदान को लेकर राजनीतिक दलों द्वारा लगाए जा रहे हिसाब-किताब पर विराम लगा दिया। इस चरण में ज्यादा तो नहीं पर कुल मिलाकर मतदान प्रतिशत कमोबेश 2019 के लोकसभा चुनाव जैसा ही रहा। ऐसे में बड़ा सवाल यही रहा कि आखिरकार मतदाताओं ने किन मुद्दों पर वोट डाले।

हालांकि मतदाता के मन को परखने वाली ज्यादातर सर्वेक्षण एजेंसियों के लोगों मुताबिक बूथ पर पहुंचने से पहले ही तीन चौथाई वोटर तय करके आए थे, कि उन्हें किस दल या प्रत्याशी के लिए ईवीएम का बटन दबाना है। बातचीत में इतना जरूर पता लगा कि अधिकतर मतदाताओं ने प्रमुख रूप से चौथे चरण में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, कानून-व्यवस्था, जातीय समीकरण और विकास जैसे चार मुद्दों को मतदान में सबसे ऊपर रखा। इसके बाद मतदान के दौरान कहीं-कहीं ध्रुवीकरण, बेरोजगारी और संविधान या आरक्षण जैसे मसलों पर भी लोग बात करते नजर आए।

**मुफ्त राशन और आवास मिला :** अकबरपुर लोकसभा के एक शहरी मतदान केंद्र के बाहर मिले महिलाओं के समूह ने कहा कि सरकार से मुफ्त राशन मिल रहा है, कई परिवारों को पक्का आवास भी मिला है।

कुछ ऐसी ही बात मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के बिल्हौर इलाके में आने वाले वाले मतदान केंद्र के बाहर कई मतदाताओं ने कही, इसके साथ यह भी जोड़ दिया कि उन्हें किसान सम्मान निधि की किश्त मिल रही है। मतदान प्रक्रिया में उत्साह के साथ शामिल हुए तमाम मतदाताओं ने यह पूछने पर कि किस मुद्दे पर वोट दिया?, सीधा जवाब तो नहीं दिया लेकिन बातचीत में यह साफ नजर आया कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वाला लाभार्थी मतदाता जो फायदा मिल रहा है, उसे खोना नहीं चाहता है। यह बात कानपुर, उन्नाव, अकबरपुर, मिश्रिख, कन्नौज और फर्रुखाबाद लोकसभा सीटों के कई मतदान केंद्रों के बाहर मिले मतदाताओं में एक तरह से कॉमन जैसी दिखी।

**महिलाओं, छात्राओं ने कानून-व्यवस्था को सराहा :** इसके साथ ही खासकर महिला मतदाताओं के बीच सुरक्षा व्यवस्था या कानून व्यवस्था का मुद्दा सिर चढ़कर बोलता नजर आया। अधिकतर महिलाओं ने अपने इलाके में अपराध, गुंडागर्दी या अराजकता कम होने की बात कही। इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार की सख्ती को महिलाओं ने बढ़िया कदम बताया। कई छात्राओं ने इसमें जोड़ा कि कानून व्यवस्था पिछली सरकारों से बेहतर है। स्कूल-कॉलेज जाने वाली ग्रामीण लड़कियों ने तो यहां तक कि अगर कोई दूसरी सरकार आती है तो हो सकता है कि कानून व्यवस्था फिर पहले जैसी न हो जाए। इसी मुद्दे पर कई व्यापारियों ने धंधा थोड़ा मंदा होने की बात तो कही, लेकिन अपराध नियंत्रण पर खुशी जताई।



कानपुर के एक मतदान केंद्र पर उमड़ी मतदाताओं की भीड़। अमृत विचार

### भाजपा समर्थक बोले, मोदी-योगी पर भरोसा बढ़ा

मोदी के नाम और सरकारी योजनाओं तथा कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर भाजपा समर्थक मुखरता से बोलते नजर आए। उनका कहना था कि विपक्षी दलों के सिर्फ सत्ता के लिए गठबंधन करने से मोदी-योगी पर जनता का भरोसा और बढ़ गया है। लेकिन ऐसा भी नहीं नजर आया कि मतदाता सिर्फ इन्हीं दो मुद्दों पर वोट कर रहे हैं।

### जातीय समीकरण ने ओढ़ी खामोशी की चादर

- अकबरपुर और मिश्रिख और यहां तक कि कानपुर और उन्नाव में भी जातीय समीकरण भी काम करता नजर आया। तमाम मतदाताओं ने अपनी बिरादरी के प्रत्याशी को वोट देने का फैसला पहले नंबर पर रखा। हालांकि ऐसे मतदाता ज्यादा जल्दी बोलने के लिए तैयार नहीं हुए। पोलिंग बस्तों पर बैठे पर्ची बनाने वाले कार्यकर्ताओं ने इस ओर खुलकर इशारा किया। अमृत विचार की टीम से दो-तीन स्थानों पर कुछ युवाओं ने बेरोजगारी का सवाल उठाते हुए सेना में भर्ती की अग्निवीर योजना को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। लेकिन युवाओं या फर्स्ट टाइम वोटर के बीच बेरोजगारी अथाव अग्निवीर योजना का मुद्दा सबसे ऊपर था, ऐसा कहीं नजर नहीं आया। इसी तरह जमीन पर यह भी नजर आया कि विपक्षी दल मतदाताओं तक यह संदेश पहुंचाने में सफल रहे हैं कि संविधान और आरक्षण को खत्म करने की साजिश की जा रही है। लेकिन इस बात का कोई व्यापक असर है, ऐसा भी नहीं है।

### संविधान और आरक्षण पर खतरे की चिंता भी दिखी

- मिश्रिख लोकसभा के अंतर्गत आने वाले एक मतदान केंद्र के बाहर दलित खासकर जाटव समुदाय के मतदाताओं ने संविधान और आरक्षण खत्म होने की आशंका को लेकर चिंता तो जताई लेकिन क्या इसी मुद्दे पर मतदान किया है, यह पूछने पर बात टाल दी। बात ध्रुवीकरण की करें तो मुस्लिम मतदाताओं में इस मुद्दे के असर से इंकार नहीं किया जा सकता। भाजपा ने भले ही यह समझाने की कोशिश की हो कि सरकारी योजनाओं का सबसे अधिक लाभ मुसलमानों को ही मिला है पर यह बात मानने के लिए इक्का-दुक्का ही लोग तैयार हुए। मुस्लिम बहुल मतदान केंद्रों के बाहर लगभग हर कहीं लोगों ने बहुतायत में सत्ताधारी दल के खिलाफ ही अपनी राय जताई और गठबंधन प्रत्याशियों की वकालत करते नजर आए।

# जब पूर्व पीएम ने भरी थी संचार क्रांति व पंचायती राज की हुंकार

अतीत के झरोखे में चुनाव

राजेश सिंह, हमीरपुर

- हमीरपुर के राठ कस्बे में राजीव गांधी ने किया था स्वामी ब्रह्मानंद की प्रतिमा का किया था अनावरण

**अमृत विचार।** जनपद में 33 साल पहले पूर्व पीएम राजीव गांधी ने जनसभा में संचार क्रांति और पंचायती राज व्यवस्था को लेकर हुंकार भरी थी। आधी रात को जनसभा में आए पूर्व पीएम को देखने के लिए भारी जनसैलाब भी उमड़ा था। जनसभा के बाद राजीव गांधी ने नगर के डाक बंगले में रात्रि विश्राम किया था।

वर्ष 1984 के आम चुनाव में केंद्र में राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी थी। वह 1989 तक पीएम रहे। लेकिन 1989 के आम चुनाव में राजीव गांधी को विपक्ष में बैठना पड़ा था। करीब सोलह महीने महीने बाद ही नौंवी लोकसभा भंग हो गई। पूरे देश में मंडल कमीशन और राम मंदिर के मुद्दा लोकसभा चुनाव में छाया था। इसके बावजूद केंद्र की सत्ता में कांग्रेस आई थी। लेकिन कांग्रेस को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी थी। राजीव गांधी की आम चुनाव से पहले ही आत्मघाती हमले में हत्या कर दी गई थी। हत्या से पहले राजीव गांधी बुंदेलखंड के हमीरपुर की धरती पर भी कदम रख गए थे। उन्होंने आधी रात के बाद यहां जनसभा में हुंकार भरी थी। कुछ महीने बाद 21 मई 1991 को राजीव गांधी की हत्या की खबर से यहां पूरे शहर के लोग दुखी हुए थे। समाजसेवी जलीस खान, रफीक, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी समेत तमाम लोगों ने कहा कि राजीव गांधी की हत्या से घरों में चूल्हे नहीं जले थे। बताया कि राजीव गांधी ऐसे नेता थे जिन्होंने हमीरपुर में सभा के दौरान किसी भी राजनैतिक दल के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की थी। वह सिर्फ गरीबों के कल्याण और गांवों के विकास की ही बातें की थी। इसके पूर्व राठ कस्बे में 25 मार्च 1991 को स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया था। उन्होंने जनसभा में भारी जन सैलाब को सम्बोधित भी किया था। यहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन स्वरूप पाठक, पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद सिंह समेत तमाम नेताओं ने उनका स्वागत किया था। इसके बाद राजीव गांधी का काफिला हमीरपुर शहर में देर रात पहुंचा था जहां जिला पंचायत परिसर में बने मंच से राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने और गांवों को संचार क्रांति से जोड़ने की बात कही थी।



बताई गारंटी

पीएम मोदी ने बिहार के मुजफ्फरनगर में रैली को संबोधित किया। उन्होंने गारंटी के बारे में बताया और मतदाताओं से राष्ट्र को सशक्त बनाने के नाम पर वोट मांगा।

## सांसद रमेश बिंद ने सपा का दामन थाम लिया और मिर्जापुर से उम्मीदवार बन गए, भाजपा ने यहां सांसद का टिकट काटकर विधायक विनोद कुमार बिंद पर जताया था भरोसा

# सांसद की बगावत से बदला समीकरण, मुकाबला हुआ रोचक

भदोही संसदीय सीट

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** भदोही संसदीय सीट पर भाजपा को जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कड़ा संघर्ष करना होगा। टिकट कटने से नाराज चल रहे सांसद रमेश चंद्र बिंद के सपा में जाने की वजह से अब यहां का समीकरण बदल गया है। भाजपा ने भले ही यहां से मझवा सीट से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद को मैदान में उतार कर निषाद वोटों की नाराजगी दूर करने की कोशिश की है लेकिन अब यहां लड़ाई दिलचस्प मोड़ पर आ गई है। रमेशचंद्र बिंद जहां खुद को अपमानित किए जाने का आरोप लगा रहे हैं। रमेश को सपा ने मिर्जापुर संसदीय सीट से उम्मीदवार बना दिया है। वे भले ही वहां चुनाव प्रचार में व्यस्त हो गए हैं पर उनकी टीम भदोही में सपा की जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाते दिख रही है।

भदोही संसदीय सीट का गठन 2008 के परिसीमन में हुआ था। 2009 में हुए लोकसभा के चुनाव में इस सीट पर बसपा के गोरखनाथ पांडेय जीते थे। 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने यहां से किसान नेता वीरेंद्र सिंह मस्त को उतारा था तो उन्होंने बसपा के राकेश धर त्रिपाठी को हराया था। इस चुनाव में वीरेंद्र सिंह मस्त को 4,03,693 मत मिले थे तो राकेश धर को 2,45, 554 वोटों से संतोष करना पड़ा था। इस तरह 1.58 लाख वोटों से वीरेंद्र मस्त को यहां जीत मिली थी। 2019 में वीरेंद्र सिंह के स्थान पर रमेश बिंद चुनाव लड़े थे। तब उनके सामने सपा-बसपा के गठजोड़ की चुनौती थी। तब बसपा ने यहां से राकेश धर त्रिपाठी को उतारा था। राकेश धर को हराकर रमेश बिंद सांसद बने थे। हालांकि उनकी जीत का अंतर मात्र 43, 615 वोटों का था। इस चुनाव में भाजपा को लग रहा था कि वह आसानी से मैदान मार लेगी, क्योंकि उसके सामने सपा- बसपा जैसा मजबूत गठबंधन नहीं है। सपा के साथ कांग्रेस का गठजोड़ है। सपा ने इस सीट को तृणमूल कांग्रेस को दिया है। तृणमूल कांग्रेस का यहां कोई जनाधार नहीं है। हां पार्टी ने ललितेश पति त्रिपाठी को मैदान में उतारकर मुकाबले को रोचक बनाने का प्रयास जरूर किया है। बसपा से यहां हरिशंकर मैदान में हैं पर मुकाबला ललितेश और विनोद कुमार के बीच ही दिख रहा है। हरिशंकर जरूर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के प्रयास में लगे हैं। रमेश बिंद के सपा में जाने के बाद भाजपा को यहां अपनी रणनीति बदलनी पड़ी है। पार्टी के बड़े नेता जल्द ही यहां रैलियां करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का खासा प्रभाव माना जाता है। उनकी रैली तो होगी ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीन से चार सभाएं कराने की योजना पर चर्चा की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आना तय माना जा रहा है।






ललितेश पति त्रिपाठी।



विनोद कुमार बिंद।

### कुर्मी मतदाताओं पर भी भाजपा की नजर

- यहां निषाद वोटों के साथ ही कुर्मी मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। यही वजह है कि पार्टी कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत कई अन्य बड़े कुर्मी नेताओं को यहां लगाएगी ताकि इस जाति के वोटों में कोई सेंधमारी न कर सके।

### लाभार्थियों से घर- घर संपर्क

- पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना समेत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से पार्टी के नेता घर जाकर संपर्क कर रहे हैं। उन्हें यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि उनका हित भाजपा की जीत में ही सुरक्षित है।

### 2019 का जनादेश -भदोही

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | रमेशचंद बिंद | 510,029 | 49 .05 |
| बसपा | रंगनाथ मिश्र | 4,66,414 | 44 .85 |
| कांग्रेस | रमाकांत यादव | 25,604 | 2 .46 |

### 2014 का जनादेश - भदोही

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | वीरेंद्र सिंह मस्त | 4,03,695 | 41.10 |
| बसपा | राकेशधर त्रिपाठी | 2,45,554 | 25 .00 |
| सपा | सीमा मिश्रा | 2,38,712 | 24 .30 |
| जद( यू) | तेज बहादुर यादव | 26,995 | 2 .75 |
| कांग्रेस | सरताज इमाम | 22,573 | 2 .30 |

### जातीय समीकरण अनुमानित

| | | | |
|---|---|---|---|
| ब्राह्मण | 3 .10 लाख | मौर्या | 1 .0 लाख |
| बिंद | 2 .95 लाख | वैश्य | 1 .40 लाख |
| दलित | 2 .65 लाख | पाल | 85 हजार |
| मुस्लिम | 2 .50 लाख | पटेल | 75 हजार |
| यादव | 1 .50 लाख | अन्य | 1 . 60 लाख |
| राजपूत | 1 .05 लाख | | |

आंकड़े पार्टी नेताओं वार्ता पर आधारित

# पुलिस के कार्रवाई न करने पर गांव छोड़ गया परिवार

## गांव हुसैनपुर में दो परिवार एक दूसरे पर लगा रहे आरोप

संवाददाता, कछला



ट्राली में सामान लदवाते गांव हुसैनपुर निवासी जयपाल।

**अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक गांव का अजीब मामला सामने आया है। तंत्र विद्या और झाड़फूंक के अंधविश्वास में आकर दो पक्षों में विवाद हुआ। यह विवाद चार से है। अक्सर ही गाली-गलौज और मारपीट होती है। दोनों पक्ष ने एक-दूसरे पर झाड़फूंक करने का आरोप लगा रहे हैं। एक पक्ष का आरोप है कि झाड़फूंक के चलते उनके परिवार के एक युवक की मौत हो चुकी है। बार-बार विवाद के चलते एक परिवार ने गांव से पलायन कर दिया है। परिवार के लोग सोमवार सुबह ट्राली में सामान लादकर गांव छोड़कर चले गए।

गांव हुसैनपुर निवासी जयपाल पुत्र बाबूलाल का आरोप है कि वह आठ मई को शौच के लिए अपने घर के बाहर खेतों की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला परिवार आया और उनकी पिटाई लगा दी। वह चोटिल हो गए थे। उन्होंने कछला पुलिस चौकी में तहरीर दी। बताया कि आरोपी भी पहले उनकी साथ मारपीट कर चुके हैं। खेत पर जाते समय रास्ता रोकते हैं। लेकिन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। कुछ दिन पहले दूसरे पक्ष ने गांव छोड़कर न जाने पर जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी वजह से वह गांव छोड़ने को मजबूर हैं। उनके अलावा उनकी पत्नी गुड्डो देवी भी पुलिस को दो बार तहरीर दे चुकी हैं। आरोप लगाया कि पड़ोसी के तंत्र विद्या करने की वजह से उनका 18 साल का बेटा बीमार हो गया था। जिसकी डेढ़ महीने पहले उसकी मौत हो गई। सोमवार को जयपाल ने ट्राली में अपने घर का सामान लादा। अपनी पत्नी व बच्चों के साथ गांव से चले गए। वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि जयपाल झाड़फूंक करते हैं। जिससे लगभग तीन साल पहले उनके परिवार के युवक की मौत हो गई थी। जयपाल आए दिन झगड़ा करते रहते हैं। कछला चौकी इंचार्ज हरवीर ने बताया कि दोनों पक्ष आए दिन झगड़ा करते हैं और शिकायत करते हैं। दोनों पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। तंत्र विद्या का कोई मामला नहीं है।

## शराब पीने से मना किया तो पत्नी की कर दी हत्या

**जैतीपुर, अमृत विचार :** शराब पीने से मना करने पर नाराज युवक ने पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी और भाग निकला, बाद में पुलिस ने हत्यारोपी को हिरासत में ले लिया।

गांव रपड़िया निवासी गंगाधर शराब पीने का आदी है। गंगाधर की पत्नी सुनीता शराब पीने के लिए मना करती थी, इस पर दोनों में अक्सर झगड़ा हो जाता था। सोमवार अपरान्ह करीब तीन बजे गंगाधर शराब पीने जा रहा था। सुनीता ने उसे रोका तो गंगाधर उसे पीटने लगा और गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। इसके बाद धारदार हथियार से गर्दन पर प्रहार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पति मौके से भाग गया। पुलिस ने देर शाम उसे पकड़ लिया। गंगाधर के पांच बच्चे हैं, जिसमें चार बेटियां और एक बेटा है। 13 वर्षीय बेटी सरिता ने बताया कि शराब पीने से मना करने पर रविवार रात भी माता-पिता के बीच झगड़ा हुआ था। थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि रपड़िया गांव में पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो गया था।

# तलाकशुदा बेटी मृतक पर आश्रित होने की हालत में अनुकंपा नियुक्ति की हकदार

**विधि संवाददाता, प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक तलाकशुदा बेटी को अनुकंपा नियुक्ति देने के मामले में कहा कि कार्यरत कर्मचारियों की मृत्यु की तिथि पर अगर तथ्यों द्वारा यह सिद्ध किया जाता है कि एक विवाहित बेटी उस पर निर्भर है या अगर उसे अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है तो मृतक की विधवा और उसके परिवार के सदस्यों की देखभाल विवाहित बेटी द्वारा की जा सकती है तो ऐसे दावे पर विचार किया जा सकता है।



कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि तलाकशुदा बेटी को अनुकंपा नियुक्ति की मांग करते समय अधिकारियों के समक्ष तलाक के तथ्य और पिता की मृत्यु से पहले उन पर निर्भरता साबित करनी होगी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने अख्तरी खातून की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि याची खुद को पारिवारिक पेंशन की हकदार सिद्ध करने में असफल रही, साथ ही उसने मृतक के परिवार की देखभाल के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। अतः इस आधार पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए उसका दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी नोट किया कि याची ने अपने हलफनामे में खुद को अपने दिवंगत पिता की बेटी कहने के बजाय खुद को उस पति की पत्नी के रूप में दर्शाया, जिसे कथित तौर पर उसने तलाक दे दिया है। इस प्रकार हस्ताक्षरित और शपथयुक्त दस्तावेज होने के कारण इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता है।

दरअसल याची के पिता पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में बतौर सेंट्रीफ्यूगल मैकेनिक बस्ती में कार्यरत थे। शरीयत कानून के अनुसार याची का तलाक जनवरी 2008 को हो गया था, लेकिन उसने सक्षम क्षेत्राधिकार वाली कोर्ट से तलाक की डिक्री प्राप्त नहीं की। पिता की मृत्यु के बाद उसने एकमात्र कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते अनुकंपा नियुक्ति तथा सेवानिवृत्ति बकाए के लिए अभ्यावेदन दिया।

## लोहे की ग्रिल के नीचे दबकर किशोर की मौत

**जलालाबाद, अमृत विचार:** अमृत विचार : छत पर लगाने के लिए बनवाई गई लोहे की ग्रिल के नीचे दबकर किशोर की मौत हो गई। गांव नगरिया बुजुर्ग के मझरा बंजारिया निवासी हसमुद्दीन मकान बनवा रहे हैं। छत पर लगाने के लिए लोहे की ग्रिल बनवाई थी। घर से 50 मीटर की दूरी पर ग्रिल बनाने की दुकान है। सोमवार पूर्वाहन 11 बजे ई-रिक्शा से पिता हसमुद्दीन के साथ पुत्र इमरान(16) भी दुकान से ग्रिल लेने के लिए गया था। एक क्विंटल 10 किलोग्राम वजन की ग्रिल को हसमुद्दीन ने ई-रिक्शा की छत पर लदवा दिया। इमरान ई-रिक्शा पर बैठ गया। ई-रिक्शा हसमुद्दीन चला रहा था। घर के लिए चलते समय कुछ दूरी पर सड़क ऊची होने के कारण ई-रिक्शा दाहिनी तरफ पलट गया। पीछे बैठे इमरान ने ई-रिक्शा से उतरकर छत पर लदी ग्रिल को रोकने के लिए हाथ लगाया लेकिन वजनदार ग्रिल को वह रोक नहीं पाया और उसके नीचे दब गया।

# राहुल वोट मांगते रायबरेली से, समर्थन पाते हैं पाकिस्तान से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- योगी ने बाराबंकी, रायबरेली व बांदा में की जनसभा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भाजपा प्रत्याशियों के लिए बाराबंकी, रायबरेली और बांदा लोकसभा सीटों के लिए जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौथे चरण के मतदान के साथ ही मोदी लहर अब सुनामी बन चुकी है। कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि राहुल भले ही वोट रायबरेली से मांगते हैं मगर उन्हें समर्थन पाकिस्तान से मिल रहा है। योगी ने सवाल उठाया कि आखिर राहुल गांधी के पाकिस्तान से क्या संबंध हैं।

कांग्रेस को चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गाय हमारी माता है, अगर इसे काटोगे तो दो-दो हाथ तय है। उन्होंने यह भी कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें मोदी की गारंटी पर भरोसा है।बाराबंकी के हैदरगढ़ में योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा का इतिहास घोटालों का रहा है। उन्होंने यहां पार्टी प्रत्याशी राजरानी रावत के लिए वोट की अपील की। रायबरेली के सरेनी में मुख्यमंत्री ने पार्टी प्रत्याशी और मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की।

यहां मुख्यमंत्री ने पुलवामा घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान का मंत्री उस घटना का समर्थन कर रहा था। वह मंत्री आज रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी का समर्थन कर रहा है। आखिर राहुल गांधी के पाकिस्तान से क्या संबंध हैं। वे रहेंगे हिंदुस्तान में, वोट मांगेंगे रायबरेली से और समर्थन मिल रहा है पाकिस्तान से।

बांदा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते योगी ने कहा कि देश में 80 करोड़ जरुरतमंदों को फ्री में राशन दिया जा रहा है। वहीं, आज एक अखबार में छपा है कि पाकिस्तान में एक किलो आटे के लिए मारपीट हो रही है।

# सीतापुर हत्याकांड की जांच को पहुंची एसटीएफ, साक्ष्यों का किया अवलोकन



मृतक अनुराग का भाई अजीत।

- बिना तहकीकात मृतक को बना दिया मनोरोगी फॉरेंसिक टीम ने भी दोबारा जुटाये साक्ष्य

**सीतापुर, अमृत विचार।** रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के छह लोगों की नृशंस हत्या मामले की जांच एसटीएफ ने शुरू कर दी है। सोमवार को सीतापुर पहुंची एसटीएफ टीम ने घटनास्थल एवं साक्ष्यों का अवलोकन किया। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस मृतक के भाई अजीत सिंह को घटना का मास्टरमाइंड मानकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों की माने तो अजीत ने हत्या की बात कबूली और हत्या के लिए पेशेवर अपराधियों का शामिल होना भी बताया। अपराधी घटना के दिन घर के पीछे वाले रास्ते से घर में दाखिल हुए थे। पुलिस के सामने कबूलनामे के बाद लगातार अजीत का बयान बदलना पुलिस के गले नहीं उतर रहा है। घटना की तहकीकात और जल्द खुलासे के लिए एसटीएफ की एक टीम छानबीन कर रही है। एसटीएफ ने मास्टरमाइंड अजीत को हिरासत में लेकर सोमवार को घटनास्थल पर घटना का रिक्रिएशन करने पहुंची थी। लेकिन बदलते बयानों के चलते टीम को वापस लौटना पड़ा।

### एसटीएफ टीम ने डाला डेरा

पाल्हापुर में हुए अनुराग के परिवार के छह लोगों की हत्या ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी अफसरों की नींद उड़ा रखी है। मृतका प्रियंका का परिवार हाईप्रोफाइल होने के चलते पुलिस आला अफसरों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द खुलासे के लिए लखनऊ एसटीएफ की एक टीम को भी सीतापुर भेजकर तफ्तीश के निर्देश दिए हैं।

बताते चलें कि ग्राम पाल्हापुर में शनिवार की सुबह अनुराग सिंह सहित उसकी मां सावित्री, पत्नी प्रियंका और तीनों बच्चों की हत्या कर दी गई थी। एसपी ने घटना को हत्या और फिर आत्महत्या मानकर मृतक युवक को मनोरोगी बताया था, लेकिन रविवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कथित रूप से आत्महत्या करने वाले अनुराग के दो गोलियां लगने की रिपोर्ट के बाद पुलिस अपनी ही बताई थ्योरी में उलझ गई। जिसके बाद एसपी के मनोरोगी बयान वाले ट्वीट को भी एक्स हैंडल से पुलिस को डिलीट करना पड़ा। रविवार देर शाम आईजी रेंज तरुण गाबा के घटनास्थल पर पहुंचने के बाद सोमवार को पुलिस की तफ्तीश हत्या की ओर बढ़ाते हुए भाई अजीत और नौकरों सहित चाचा को हिरासत में लेकर गुत्थी सुलझाने का प्रयास किया है।

पुलिस पूछताछ में भाई अजीत हत्या की वारदात में शामिल होने और फिर कुछ भी जानकारी न होने की बात कहकर लगातार गुमराह कर रहा है। इस मामले में सीओ महमूदाबाद दिनेश शुक्ला ने बताया कि हिरासत में भाई लगातार बयान बदल रहा है।

## सार-संक्षेप

### पत्नी नहीं आई तो पति ने गोली मारकर की आत्महत्या

**एटा, अमृत विचार :** पत्नी के मायके से न आने पर पति ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पिता ने ससुराल पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाया। कहा कि इसी बात से क्षुब्ध होकर बेटा ने गोली मारकर सुसाइड की है। पुलिस जांच कर रही है। अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुमैर निवासी 30 वर्षीय अजय कुमार उर्फ करूकी शादी जैथरा थाना क्षेत्र के गांव नगरिया निवासी प्रियंका के साथ हुई थी। 6-7 दिन पहले पति पत्नी के मध्य किसी बात को लेकर विवाद होकर प्रियंका अपने मायके चली गई। पिता रामनिवास ने बताया कि अजय अपनी पत्नी प्रियंका को 12 मई को बुलाने गया था लेकिन ससुरालीजनों द्वारा प्रियंका को नहीं भेजा। अजय के साथ मारपीट की गई। अजय लौटकर घर आ गया। ससुरालीजनों की पिटाई से क्षुब्ध अयज ने देर रात घर के पास ही सीने में गोली मारकर आत्महत्या कर दी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

### पीटीआर की महोफ रेंज में मिला तेंदुआ का शव



**पीलीभीत, अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज में वन कर्मियों ने गश्त के दौरान एक तेंदुआ का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना देने पर वन अफसरों में खलबली मच गई। उप प्रभागीय वनाधिकारी ने टीम के साथ जाकर मौका मुआयना किया। तेंदुआ की मौत कैसे हुई, इसका पता लगाने के लिए पशु चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पीटीआर में बाघों के साथ तेंदुओं की संख्या में खासा इजाफा हो रहा है। संख्या बढ़ने से कुछ तेंदुआ जंगल से निकलकर आबादी क्षेत्रों में जा रहे हैं। इससे इंसानों के साथ तेंदुओं की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। पिछले एक पखवाड़ा से पीटीआर के तेंदुआ आबादी क्षेत्रों में देखे जाने से मामला सुर्खियों में है। सोमवार को पीटीआर की महोफ रेंज में कुछ वनकर्मी गशत कर रहे थे। उसी दौरान रेंज की कंपार्टमेंट खकरा-15 में वन कर्मियों ने एक तेंदुआ का शव पड़ा देखा। वन अफसरों के मुताबिक तेंदुआ का शव ज्यादा पुराना नहीं है। तेंदुआ की मौत किस कारण हुई इसका खुलासा पशु चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम करने के बाद पता चल सकेगा।

### मालगाड़ी से टकराई बाइक, युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खाईखेड़ा गांव के सामने अप लाइन पर बरेली की ओर जा रही मालगाड़ी से बाइक टकरा गई। टकराने के बाद बाइक रेलवे लाइन के किनारे खाई में गिर गई, जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। अप लाइन पर सद्भावना एक्सप्रेस करीब दस मिनट खड़ी रही और ट्रेन को कॉशन देकर निकाला गया। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला शहबाजनगर निवासी पंकज का पुत्र अभिषेक कुमार(19) शहर में मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता था। अभिषेक रविवार की रात साढ़े आठ बजे दुकान से बाइक द्वारा गांव जा रहा था। खाईखेड़ा गांव के सामने रेलवे फाटक संख्या 325 के निकट उसकी बाइक बरेली की ओर जा रही मालगाड़ी से टकरा गई। मालगाड़ी से टकराने के बाद बाइक समेत अभिषेक रेलवे लाइन के किनारे खाई में गिर गया। सूचना पर पिता पंकज परिवार वालों के साथ पहुंचे और देखा कि अभिषेक मृत अवस्था में पड़ा है। बरेली की ओर जाने वाली सद्भावना एक्सप्रेस करीब दस मिनट अप लाइन पर खड़ी रही और काशन देकर निकाला गया। मृतक अभिषेक पांच भाइयों में तीसरे नंबर का था।

### भाजपा और गठबंधन कार्यकर्ताओं में पथराव, हंगामा

**कानपुर, अमृत विचार :** सोमवार को मतदान खत्म होते ही बर्रा दो यादव मार्केट में पीएम मोदी व सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए भाजपा व इंडी गठबंधन कार्यकर्ता भिड़ गए। मारपीट शुरू हो गई, इस दौरान पथराव होने से भाजपा कार्यकर्ता व उसका पुत्र घायल हो गया। बर्रा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया। सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और चौकी प्रभारी पर आरोपियों को भगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। वीडियो बनाने पर भाजपाइयों की पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। भाजपाई चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए। एडीसीपी साउथ, नौबस्ता सर्किल का फोर्स समेत दो कंपनी पीएसी पहुंची।

### नामांकन वापस करेंगे अफजाल, अब नुसरत मैदान में

**लखनऊ, अमृत विचार :** सजा को लेकर हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान नई तारीख मिलने के बाद गाजीपुर संसदीय सीट से अफजाल अंसारी अपना नामांकन वापस कराएंगे। अब अफजाल की बेटी ही अधिकृत उम्मीदवार होंगी। हाईकोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 20 मई तय की है। ऐसे में अफजाल के पास चुनाव लड़ने का कोई विकल्प नहीं बचा। आज नामांकन का आखिरी दिन है। इसके बाद नामांकन वापसी की प्रक्रिया शुरू होगी।चूंकि अफजाल को हाईकोर्ट से अंतिम निर्णय न हो पाने का अंदेशा पहले से था, इसलिए उन्होंने वैकल्पिक रूप से अपना उत्तराधिकारी पहले से तैयार कर लिया था। उनकी बेटी नुसरत लगातार प्रचार भी कर रही थी। अफजाल अंसारी टीम से जुड़े लोगों ने बताया कि 13 मई को अगर फैसला अफजाल के पक्ष में आता तो अफजाल ही चुनाव लड़ते। इसीलिए अपनी बेटी नुसरत के साथ साथ उन्होंने भी नामांकन करा लिया था। लेकिन अब उनकी बेटी ही चुनाव लड़ेगी।

## उत्तराखंड

## बारातियों को लाठी और डंडों से पीटा

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** लमगड़ा के एक गांव में कुछ लोगों ने बारातियों को लाठी डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तहरीर के बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पूरे मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

बीते दिवस सल्ला कफड़खान गांव से एक बारात लमगड़ा विकास खंड के बघाड़ सल्ला गांव गई थी। शाम करीब 7 बजे जब बारात वापस लौट रही थी तो रास्ते में कुछ अज्ञात लोगों ने बारातियों के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालीगलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर अज्ञात लोगों ने बारातियों के साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जिसमें काफी बाराती चोटिल हो गए। बारातियां ने वहां से भागकर जान बचाई।

# हाईकोर्ट शिफ्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगा बार एसोसिएशन

विधि संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की सोमवार को हुई आमसभा में हाईकोर्ट को नैनीताल से अन्यत्र शिफ्ट करने के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने बीती 8 मई को आदेश पारित कर उच्च न्यायालय को नैनीताल से अन्यत्र शिफ्ट करना आवश्यक बताते हुए सरकार से एक माह के भीतर स्थान चयन करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में बार एसोसिएशन से एक सप्ताह में हाईकोर्ट शिफ्टिंग के लिए स्थान बताने को कहा किन्तु अगले ही दिन आदेश पारित कर अधिवक्ताओं और आमजन से न्यायालय शिफ्टिंग पर हां या नहीं में मत देने को कहा।

इधर, सोमवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की बैठक में अधिवक्ता विकास बहुगुणा ने कहा कि इस न्यायालय को सभी ने सींचा है, इसलिए इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाना जरूरी है। आगामी 17 मई से सुप्रीम कोर्ट बंद होने वाली है, इसलिए जल्द कोई बड़ा फैसला लेना चाहिए। अधिवक्ता डीके जोशी ने कहा कि यह फैसला जल्दबाजी में दिया गया है। यह आदेश राज्य पुनर्गठन विधेयक के विपरीत है क्योंकि प्रमुख बैंच तय करने का अधिकार राष्ट्रपति के पास है। राज्य कैबिनेट के आदेश के ऊपर ज्यूडिशियल आदेश किया गया है। अधिवक्ता जितेंद्र चौधरी ने कहा कि एक कमेटी बनाकर पूरी तैयारी से सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल करनी चाहिए। अधिवक्ता पूरन रावत, कौशल साह जगाती ने कहा कि नैनीताल में कई जगह ऐसी हैं जिनका इस्तेमाल न्यायालय के विस्तार के लिए किया जा सकता है।

## पिकअप खाई में गिरी, दो की मौत

**भीमताल, अमृत विचार:** भीमताल विधानसभा के अंतर्गत छोटा कैलाश मोटर मार्ग में मर्ची जाली के पास एक पिकअप गाड़ी तकनीकी खराबी के चलते गहरी खाई में गिर गई। जिससे उसमें सवार दो ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि दोपहर के समय एक पिकअप वाहन सामान लेकर अमृतपुर से छोटा कैलाश की ओर जा रहा था जिसमें 03 लोग सवार थे। अचानक तकनीकी खराबी होने से वाहन अनियंत्रित होकर 50 मीटर गहरी खाई में गिर गया। जिससे उसमें सवार बिशन दत्त पांडेय (70) निवासी भोरसा तथा मनीष पडलिया निवासी बानना की मृत्यु हो गई। ड्राइवर धीरज (25) निवासी बानना घायल हो गया।

# सौम्या इंटर और गरिमेय दसवीं में रीजन के टॉपर

संवाददाता, हल्द्वानी

- देहरादून रीजन में उत्तराखंड के अलावा उप्र के आठ जिले

**अमृत विचार:** सेंट्रल बोर्ड और सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) के हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम में देहरादून रीजन का देश में 11वां स्थान रहा। रुड़की की सौम्या ने इंटर और रुद्रपुर के गरिमेय जोशी ने हाईस्कूल में देहरादून रीजन टॉप किया है।

रुड़की की सौम्या चौहान ने 99.4 फीसदी अंकों के साथ देहरादून रीजन में पहला रैंक हासिल किया है। सौम्या रुड़की के माउंट लिट्राजी स्कूल की छात्रा है। सौम्या का कहना है कि वह पत्रकारिता के क्षेत्र के आगे बढ़ना चाहती हैं। रुद्रपुर के गरिमेय जोशी 10वीं में रीजन टॉपर हैं। गरिमेय ने 498 अंक पाए हैं। गरिमेय रुद्रपुर के एमिनिटी पब्लिक स्कूल के छात्र हैं। वह इंजीनियर बनना चाहते हैं।

देश के 17 रीजन में देहरादून रीजन को 11वां स्थान मिला है। 12वीं कक्षा में 87.98 फीसदी बच्चे पास हुए हैं। इसमें लड़कियां 91.52 फीसदी व लड़के 85.12 फीसदी उत्तीर्ण हुए।सीबीएसई के देहरादून रीजन में उत्तराखंड के सभी 13 जिलों के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आठ जिले बदायूं, बिजनौर, ज्योतिबा फूलेनगर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर व संभल शामिल हैं।

## चाय लाने में देरी हुई तो हेड कांस्टेबल ने जड़ दिए थप्पड़

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पुलिस अधिकारियों के लिए मंगाई चाय लाने में देरी हुई तो हेड कांस्टेबल बौखला गया। डीआईजी कैंप कार्यालय के सामने बने एमटी कार्यालय में हेड कांस्टेबल ने अपने अधिकारियों के सामने चाय लाने वाले युवक को एक के बाद एक दो थप्पड़ जड़ दिए।

डीआइजी कैंप कार्यालय के ठीक सामने पुलिस का एमटी कार्यालय है। कोतवाली परिसर में पुलिस की कैंटीन है। जहां हैड़ाखान निवासी 18 वर्षीय दीपक बिष्ट कर्मी है। इसी कैंटीन से कोतवाली, पुलिस बहुउद्देशीय भवन समेत पुलिस के अन्य कार्यालयों तक दीपक ही चाय पहुंचाता है।

# चारधाम यात्रा : 3 दिन में 4 श्रद्धालुओं की मौत

ब्यूरो, देहरादून

- स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप निर्वाचन आयोग की अनुमति से स्वास्थ्य मंत्री ने की समीक्षा

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा में तीन दिनों में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। चारों श्रद्धालुओं की मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। श्रद्धालुओं की मौत से शासन स्तर भी हड़कंप मचा है। आनन-फानन में निर्वाचन आयोग की अनुमति से स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों की मीटिंग लेकर स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा की।

तीन श्रद्धालुओं की मौत यमुनोत्री धाम में हुई है, जबकि 75 साल की महिला लक्ष्मी देवी बीते दिवस बदरीनाथ धाम में मौत हो गई। राजकोट, गुजरात की लक्ष्मी देवी अपने परिवार के साथ भगवान बदरी विशाल के दर्शन के लिए थीं। चारधाम यात्रा में चार श्रद्धालुओं की मौत से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य निदेशालय में समीक्षा करने के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं में से करीब 38 हज़ार श्रद्धालुओं की स्क्रीनिंग की गई है। यात्रियों के लिए हिंदी और इंग्लिश समेत तमाम स्थानीय भाषाओं में हेल्थ संबंधित एसओपी जारी की गई है। साथ ही टोल फ्री नंबर 104 जारी किया गया है। यात्रियों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले इसके लिए एंबुलेंस का रिस्पांस टाइम 15 से 18 मिनट रखा गया है। स्वास्थ्य सचिव को केदारनाथ धाम, स्वास्थ्य अपर सचिव को बदरीनाथ धाम और संयुक्त सचिव एवं महानिदेशक को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की जिम्मेदारी दी गई है। दवाई की व्यवस्था, 108 एंबुलेंस की व्यवस्था के साथ ही केदारनाथ धाम में हर दो किलोमीटर पर स्वास्थ्य कैंप लगाए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा में जिन श्रद्धालुओं की मौत हुई है वो ह्रदय गति रुकने की वजह से हुई है।

## चकराता में प्रेमी जोड़े के हत्यारोपी हाईकोर्ट से बरी

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने देहरादून के चकराता में वर्ष 2014 में हुई बहुचर्चित प्रेमी युगल की हत्या के मुख्य आरोपी राजू दास को निचली अदालत की ओर से दी गई फांसी के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की।

न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की खंडपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं होने पर सभी अभियुक्तों को बरी करने के आदेश दिए हैं। इस मामले में खंडपीठ ने पिछले माह ही निर्णय सुरक्षित रख लिया था।

# परेशानी, पहाड़ों में फिर धधकने लगे जंगल

संवाददाता, अल्मोड़ा

- सल्ट, लमगड़ा समेत कई विकास खंडों में वन संपदा हुई राख
- बीते दिनों हुई बारिश के चलते कई जगह शांत हो गई थी वनाग्नि



सल्ट विकास खंड के जंगलों में धधकी आग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बीते दिनों बारिश से शांत हुई वनाग्नि गर्मी बढ़ने के साथ ही एक बार फिर से भड़कने लगी है। रविवार देर रात सल्ट व लमगड़ा समेत जिले के कई जंगलों में आग भड़क गई। वनाग्नि से कई हेक्टेयर वन भूमि राख हो गई।

रविवार देर शाम सल्ट विकास के पीपना, दाड़िमी और कफल्टा क्षेत्र के जंगलों में फिर से आग धधक गई। तेज हवा चलने के कारण आग आसपास के दूसरे जंगलों में फैलती चली गई। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। लेकिन आग बुझाने के लिए रात में कोई प्रयास नहीं हुए। जिससे रात भर जंगल धू धू कर जलते रहे। सोमवार सुबह जंगल पूरी तरह जलने के बाद ही वनाग्नि शांत हो सकी।

इधर लमगड़ा विकास खंड में भी पौंधार, जलना, हुना, काफलीखान समेत अन्य इलाकों में रविवार शाम से ही जंगल धधकते रहे। यहां भी वनाग्नि के कारण वन संपदा को खासा नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने बताया कि वनाग्नि की सूचना देने के बाद भी वन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। सल्ट और लमगड़ा के अलावा रविवार को स्याल्दे, भैंसियाछाना, सोमेश्वर व रानीखेत क्षेत्र के अनेक जंगलों में आग लगने की सूचनाएं मिली हैं।

### वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के कारण ई-मेल ट्रेस होने में आती है दिक्कतें

# धमकी भरे ई-मेल को लेकर तैयार होगा स्टैंडर्ड प्रोसीजर

विनय सिंह, लखनऊ

- गुजरात में आए ई-मेल को भेजने वाले की लोकेशन मिली थी लाहौर
- धमकी भरे ई-मेल को लेकर पुलिस मुख्यालय ने शुरू की तैयारी

**अमृत विचार :** प्रदेश में विभिन्न सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, स्कूलों आदि में आए दिन बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल मिलने को लेकर पुलिस मुख्यालय सतर्क हो गया है। विभाग इसके लिए अब ठोस कदम उठाने जा रहा है।

ई-मेल मिलने पर जनपद और कमिश्नरेट पुलिस को क्या-क्या करना है, इसके लिए विभाग एसओपी (स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर) तैयार करने जा रहा है। इसके बाद से इस तरह के ई-मेल आने पर विभाग हमेशा सतर्कता की स्थिति में रहेगा। हालांकि, पुलिस का यह भी मानना है कि अब तक जितने भी धमकी भरे ई-मेल ट्रेस किए गए, वह दूसरे देशों से भेजे व मिले थे। फिर भी एसओपी इसलिए तैयार किया जा रहा है कि किसी भी धमकी भरे ई-मेल को हल्के में न लिया जाए। फर्जी ई-मेल पर भी गाइडलाइन का पालन हो।

मालूम हो कि विगत एक महीने में वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ आदि जनपदों के विभिन्न स्कूलों और सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल प्राप्त हो चुके हैं। ऐसे में संबंधित शहर और खासकर अभिभावकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। धमकी भरे ई-मेल अब पुलिस प्रशासन के लिए भी सिरदर्द बन रहे हैं। इसका मुख्य कारण है ई-मेल का ट्रेस न हो पाना। वीपीएन वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के कारण ई-मेल ट्रेस हो पाने में मुश्किल हो जाती है। अफसरों का कहना है कि मेल कई सर्वर के रूट से होकर आता है।

पहले के ई-मेल रूस के सर्वर से आते हुए ट्रेस हुए, अब पता चला है कि पाकिस्तान के सर्वर से आ रहा है। गुजरात में कुछ दिनों पहले जो धमकी भरे ई-मेल आए थे, उसकी लोकेशन लाहौर पाई गई थी। इसके बाद से किसी भी ई-मेल की लोकेशन ट्रेस नहीं हो सकी। इसे देखते हुए पुलिस मुख्यालय अब एसओपी जैसी ठोस व्यवस्था करने जा रहा है।

अब से इस तरह के ई-मेल आने पर पुलिस कार्मिकों को क्या-क्या करना अनिवार्य है। इसके लिए पूरी गाइडलाइन जारी की जाएगी। ई-मेल फर्जी हो अथवा वास्तविक, पुलिस कार्मिकों गाइडलाइन का पालन करना पड़ेगा। गाइडलाइन में क्या-क्या होगा, इसके लिए पुलिस मुख्यालय रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। जल्द ही एसओपी जारी कर दी जाएगी।

> धमकी भरे ई-मेल को ट्रेस करने के लिए साइबर सेल लगातार सक्रिय है। किसी भी धमकी भरे ई-मेल को हल्के में नहीं लेना है, इसके लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। अक्सर देखा गया है कि जब चुनाव का समय होता है तो ऐसे फर्जी ई-मेल आते रहते हैं। फिर भी सतर्कता बहुत जरूरी है। सतर्कता में किन मापदंडों का पालन होगा इसके लिए जल्द दिशा निर्देश दिए जाएंगे।
>
> – **अमिताभ यश**, एडीजी, कानून-व्यवस्था



## लक्ष्य घटाने पर भी 6836 जोड़ों का विवाह नहीं करा सका विभाग

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रदेश के कई जिले अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने से दूर रह गए। लक्ष्य घटने के बाद भी विभाग 6836 जोड़ों का विवाह नहीं करा सका। बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदेश के प्रत्येक जिले के लिए लक्ष्य तय किया गया था। प्रदेश में कुल 1 लाख 12 हजार 609 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया था मगर 1 लाख 5 हजार 773 जोड़ों का ही विवाह कराया जा सका।

# राहुल बोले-अब जल्दी करनी पड़ेगी शादी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रायबरेली की रैली में एक समर्थक के सवाल पर दिया जवाब



**अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अब उन्हें जल्दी शादी करनी पड़ेगी। सोमवार को रायबरेली में आयोजित जनसभा में एक समर्थक के सवाल पर उन्होंने यह जवाब दिया।

रायबरेली लोकसभा सीट से नामांकन करने के बाद वह सोमवार को पहली बार महराजगंज स्थित 'मेला मैदान' में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें इस सवाल का सामना करना पड़ा। राहुल गांधी ने सभा में अपने संबोधन के समापन के समय अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा को बुलाया और उनके कंधे पर हाथ रखते हुए रायबरेली में चुनाव प्रचार के लिए उनकी सराहना की। इस दौरान प्रियंका गांधी ने सामने की ओर इशारा करते हुए कहा कि राहुल पहले समर्थक के सवाल का जवाब दें। समर्थक का सवाल है कि वह शादी कब कर रहे हैं। राहुल ने कहा कि अब जल्दी ही करनी पड़ेगी। रायबरेली में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान है। इस सीट को जीतने के लिए गांधी परिवार ने पूरी ताकत झोंक दी है।

## अफजाल अंसारी की अपील पर अगली सुनवाई 20 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सांसद अफजाल अंसारी को फिलहाल कोई राहत न देते हुए गाजीपुर की एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट द्वारा सुनाई गई चार साल की सजा के खिलाफ दाखिल उनकी अपील पर करीब दो घंटे की सुनवाई के बाद अगली तारीख 20 मई को सुनिश्चित की है। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष सुबह 10 बजे से लगभग 3 घंटे तक चली सुनवाई के दौरान अफजाल अंसारी के अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखा। गाजीपुर में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या मामले में अंसारी बंधुओं के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मामला दर्ज किया गया था, जिस पर गाजीपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने सजा सुनाई है। कृष्णानंद राय के पुत्र पीयूष राय ने अंसारी की सजा बढ़ाने की अपील की है। राज्य सरकार की तरफ से भी ऐसे ही आग्रह के साथ एक और अपील दाखिल की गई है। कोर्ट इन सभी मुकदमों में एक साथ सुनवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अंसारी की सजा स्थगित करते हुए हाईकोर्ट को उनकी अपील पर 30 जून 2024 तक निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

# कानूनी खामियों के कारण गुजारा भत्ता देने से बच नहीं सकता पति

### हाईकोर्ट ने भरण- पोषण के मामले में पुनरीक्षण याचिका खारिज की

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला दिया

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण- पोषण से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए एक व्यक्ति की पुनरीक्षण याचिका इस आधार पर खारिज कर दी कि साढ़े 15 साल से अधिक समय से पति-पत्नी के रूप में रह रहा याची अब कानूनी खामियों के कारण पत्नी को गुजारा भत्ता देने के अपने दायित्व से खुद को मुक्त नहीं कर सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि उन मामलों में, जहां एक पुरुष लंबे समय तक एक महिला के साथ वैध विवाह की कानूनी आवश्यकताओं को पूरा किए बिना रहता है तो उस महिला को छोड़ने की स्थिति में भरण-पोषण का भुगतान करने के लिए पुरुष को उत्तरदायी बनाया जाना चाहिए। पुरुष को कर्तव्य और दायित्वों का पालन किए बिना वास्तविक विवाह के लाभों का आनंद लेते हुए कानूनी खामियों से लाभ उठाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उक्त टिप्पणी राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने राम अधारे पासवान की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, गोरखपुर के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए की।

मामले के अनुसार पत्नी/विपक्षी ने फरवरी 1998 में दीनानाथ नाम के एक व्यक्ति से शादी की और वैवाहिक कलह के कारण उससे अलग हो गई। इसके बाद दिसंबर 1998 में याची से शादी कर ली। हालांकि अप्रैल 2014 में याची ने भी उसे छोड़ दिया। जब महिला ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत निचली अदालत में भरण-पोषण का दावा किया तो पति ने कोर्ट के समक्ष यह तर्क दिया कि महिला का पहला तलाक हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के अनुसार नहीं बल्कि आपसी सहमति से हुआ था। अतः कानूनी तलाक के अभाव में महिला का दूसरा विवाह शून्य सिद्ध होता है। ऐसी स्थिति में वह अपने दूसरे पति से भरण-पोषण का दावा नहीं कर सकती है।

हालांकि महिला ने तथ्यों द्वारा यह सिद्ध किया कि उसके पहले पति के साथ उसकी जाति के रीति-रिवाजों के अनुसार कानूनी रूप से उसका संबंध समाप्त हो चुका है। अंत में कोर्ट ने महिला के पक्ष में परिवार न्यायालय द्वारा सुनाए गए फैसले को सही मानते हुए दूसरे पति (याची) को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया।

## धर्म परिवर्तन से जुड़े मामले में आरोपी को मिली सशर्त जमानत

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैरकानूनी धर्म परिवर्तन के मामले में एक व्यक्ति को आरोपमुक्त करते हुए सशर्त जमानत दे दी है। पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी, उत्तर प्रदेश विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन ऊंज, भदोही में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि आरोपी उनकी 18 साल की बेटी को बहला- फुसलाकर ले गया और बाद में विवाह करने के लिए उस पर धर्म परिवर्तन हेतु दबाव बनाने लगा। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि लड़की को शुरू से ही पता था कि याची मुस्लिम समुदाय से है और वह स्वेच्छा से उसके साथ गई थी। बाद में मां के उकसाने पर उसने याची पर झूठे आरोप लगाए कि उसने अपनी वास्तविक धार्मिक संबद्धता का खुलासा नहीं किया था और रिश्ता शुरू करने के लिए खुद को एक हिंदू के रूप में प्रस्तुत किया था। अंत में कोर्ट ने याची के अधिवक्ता के तर्कों को सुनकर यह निष्कर्ष निकाला कि लड़की की बरामदगी से पहले दर्ज प्राथमिकी में आरोपी का असली नाम दर्शाया गया है।

# मां-बाप की सीट कैसी क्या इटली से लेकर आए थे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बोले, सीट किसी की नहीं होती जनता चुनती है जनप्रतिनिधि



**अमृत विचार :** गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि मां की सीट, बाप की सीट कहने की गांधी परिवार ने मीडिया को आदत डाल दी है। मां की सीट कैसे हो सकती है, इटली से लेकर आए थे क्या? कोई सीट किसी की नहीं होती है। जनता तय करती है कि उनका जनप्रतिनिधि कौन होगा।

अमित शाह सोमवार को एक न्यूज चैनल से साक्षात्कार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वायनाड के अलावा रायबरेली सीट से लोस चुनाव लड़ने के एक सवाल पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। आरक्षण को लेकर अमित शाह ने कहा कि फेक वीडियो क्यों बनाना पड़ा। जहां तक आरक्षण का सवाल है। हमारे पास दस साल से पूर्ण बहुमत है। हमने इसका इस्तेमाल आरक्षण हटाने के लिए नहीं किया। धारा 370 हटाने, ट्रिपल तलाक हटाने, राम मंदिर बनाने के लिए पूर्ण बहुमत का इस्तेमाल किया है। आरक्षण पर आघात इन लोगों ने ही किया है। नरेन्द्र मोदी के रिटायरमेंट को लेकर की गई अरविंद केजरीवाल की टिप्पणी पर अमित शाह ने कहा, फिर स्पष्ट कर देता हूं, 2029 तक मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे और 29 के बाद भी वे ही हमारी पार्टी का नेतृत्व करेंगे। अरविंद केजरीवाल पर ही अपनी बात आगे बढ़ाते हुए अमित शाह ने कहा, केजरीवाल की याचिका थी कि उन्हें रिहा कर दीजिए। दो जून को उन्हें फिर से तिहाड़ जाना है।

## डॉ अयूब के मामले को निचली अदालत के पास भेजा

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीस पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर अयूब की याचिका पर विचार करते हुए सीआरपीसी की धारा 468 और 473 के प्रावधानों के अनुसार इस आदेश की प्रति प्राप्त होने के दो सप्ताह के भीतर मामले पर यथोचित निर्णय लेने के लिए मामले को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संतकबीर नगर के पास वापस भेज दिया। याची के खिलाफ वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान कोविद-19 तथा आदर्श आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। याची खलीलाबाद विस क्षेत्र से पीस पार्टी का प्रत्याशी था और भीम आर्मी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद रावण तथा करीब 100-150 व्यक्तियों के साथ लगभग 50-60 चार पहिया और दो पहिया वाहनों से बिना किसी अनुमति के रोड शो किया।

### वर्ग पहेली-69

**बाएं से दाएं**

1. बोलने की शक्ति, वाचा, वाणी, वाक।
4. एक प्रकार का हलका पीला रंग।
6. 1. प्रधान अधिकारी या कार्यकारी प्रशासक से संबंधित, (एक्ज़ीक्यूटिव) 2. नियंत्रक।
7. दे. यारबाज़।
8. जलाशयों के किनारे होने वाला एक पर्वतीय पौधा जो औषधि के काम में आता है।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. केश 2. बालक 3. किसी पशु का बच्चा 4. शरीर का रोआं, रोम।
2. आपात स्थिति, आपातकाल, आकस्मिक संकट।
3. 1. जीवंत, जीवित 2. सजीव, सचेत, जीवन-शक्ति से युक्त 3. भला-चंगा 4. तेजवान, सशक्त।
5. 1. जालसाज़ी, छल-कपट, धोखा, सही बात छिपाकर दूसरी बात कहना 2. धमकी।
6. 1. आग की तरह जलता या दहकता हुआ 2. आग की-सी जलन उत्पन्न करने वाला।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ |
| | ■ | 4 | | | | |
| ■ | 5 | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 | | | | ■ | 8 | |

**वर्ग पहेली -68 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अ | ■ | ■ | ■ | 2 जा |
| 3 म | ■ | ड़ि | ■ | 4 ना | दे | य |
| य | ■ | य | ■ | का | ■ | ज़ |
| 5 मं | ग | ल | का | म | ना | ■ |
| त | ■ | प | ■ | या | ■ | ■ |
| ■ | ■ | न | ■ | 6 ब | टु | आ |
| 7 म | ग | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |

### सुडोकू -148

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | 2 | 3 | | |
| | 4 | | 3 | 5 | | | | |
| | 6 | | 7 | | | | | |
| 7 | | | | 8 | | | | |
| 2 | | | | | | | | 4 |
| 5 | | | | 1 | | | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | 5 | | 2 | 3 | | | |
| | | 9 | 4 | | | | | |

**सुडोकू -147 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 | 7 | 6 | 8 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 5 | 3 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 | 2 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 |

# चुनाव निष्पक्ष हुए तो भाजपा सत्ता में नहीं आएगी: माया

राज्य ब्यूरो,लखनऊ



**अमृत विचार :** उप्र. को चार प्रांतों में बांटने की वकालत करने वाली बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि अगर उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आएगी तो अवध क्षेत्र को अलग राज्य बनाया जायेगा। इस राज्य में लखनऊ समेत मोहनलालगंज, रायबरेली और अमेठी आदि जिले शामिल होंगे। साथ ही कहा कि चुनाव निष्पक्ष हुए तो भाजपा सत्ता में नहीं आएगी।

बसपा सुप्रीमो, सोमवार को सरोजनीनगर स्थित एसजीपीजीआई समीप ओमेक्स सीटी पार्क में चुनावी सभा संबोधित कर रही थी। उन्होंने उत्तर प्रदेश के पुनर्गठन के अपने पुराने रुख को दोहराते हुए कहा कि अवध क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से मांग रही है कि अवध को अलग राज्य बनाया जाए। जनता की भावनाओं के मद्देनजर उनकी सरकार ने नवंबर 2011 में प्रदेश को चार राज्यों पूर्वांचल, पश्चिम प्रदेश, अवध प्रदेश और बुन्देलखंड में बांटने का विधेयक भी पारित किया था। हालांकि, केंद्र की तत्कालीन सरकार ने वापस भेज दिया था।

आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए मायावती ने कांग्रेस व सपा के साथ ही भाजपा को भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की वजह से आज भाजपा केन्द्र की सत्ता में है। दलितों और पिछड़ों को आरक्षण नहीं दिया गया है। इतना ही नहीं, सपा सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के सरकारी कर्मचारियों के पदोन्नति में आरक्षण को खत्म कर दिया था।

# साइबर जालसाजों ने बनाये 10 नए ठिकाने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों का गढ़ झारखंड का जामताड़ा नहीं रह गया है। जालसाजों ने देश में अब 10 नए ठिकाने बना लिए हैं। साइबर ठग इन ठिकानों से नए तरीके अपनाकर लोगों के खाते खाली कर रहे हैं। कई मामले में पुलिस ने इन स्थानों से आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है।

करीब सात साल पहले तक झारखंड का जामताड़ा साइबर ठगों का गढ़ हुआ करता था। कहा जाता था कि जालसाजों को जामताड़ा में किसी भी राज्य की पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकती है। इस मिथक को सीओ हजरतगंज दिनेश यादव के नेतृत्व में लखनऊ पुलिस ने सात साल पहले तोड़ा। टीम ने जामताड़ा में पहली बार दबिश दी और वहां से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके बाद तो लखनऊ पुलिस ने 30-35 बार दबिश दी और आरोपियों को गिरफ्तार कर रकम बरामद की। कई बड़े मामलों का खुलासा भी किया। पुलिस की लगातार हो रही कार्रवाई से साइबर जालसाजों के गढ़ में खलबली मच गई। धीरे-धीरे यहां से जालसाजों का गिरोह अन्य राज्यों की तरफ जाने लगा।

जामताड़ा के बाद सबसे अधिक नाम राजस्थान और हरियाणा के सीमावर्ती इलाके मेवात का आता है। यहां के ठगों ने नया तरीका निकाला। मेवात के मुस्लिम बहुल क्षेत्र से ठगी का काम शुरू हुआ। यहां के युवक व युवतियों का गिरोह पहले फेसबुक पर दोस्ती करता। इसके बाद मोबाइल नंबर हासिल कर देर रात करीब 2 से 4 बजे के बीच में वीडियो कॉल करते है। शुरुआती दौर में युवती बात करती है। अचानक से मोबाइल की स्क्रीन पर निवस्त्र हो जाती। इसके बाद वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर वसूली का खेल शुरू होता।

**दिल्ली, बंग्लूरू, हैदराबाद व मुंबई से ठगी :** इसके अलावा साइबर जालसाजों का गिरोह दिल्ली, बंग्लूरू, हैदराबाद व मुंबई में सक्रिय है। इस गिरोह के निशाने पर रिटायर्ड अधिकारी, बैंक कर्मी, चिकित्सक, व्यापारी, उद्योगपति रहते हैं। गिरोह के सदस्य फेसबुक पर दोस्ती करते। इसके बाद नंबरों का आदान प्रदान करते। फिर बातचीत के दौरान मोटी कमाई करने का रास्ता बताते है।


> **यहां बनाए नये ठिकाने**
>
> पिछले पांच से सात सालों में साइबर जालसाजों ने अब देश में 10 नए ठिकाने बना लिए हैं। इसमें जामताड़ा तो शामिल है ही, इसके अलावा हरियाणा और राजस्थान सीमा पर स्थित मेवात, दिल्ली, मुंबई, प. बंगाल का सिलीगुड़ी, बंगलुरू, हैदराबाद, पुणे, नोएडा और गुरुग्राम शामिल है। सभी जगह से अलग-अलग तरह की ठगी की जा रही है।

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 मई मंगलवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 15 मई 04.19 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 13.05 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** – आज जीवन में आ रही परेशानियों का हल मिलेगा। कानूनी मामले आपके पक्ष में हो सकते हैं। अपने से बड़ों के आग्रह और सलाह की अवहेलना न करें। अपनी बातों को जीवनसाथी के साथ शेयर अवश्य करें।

**वृष** – आज आपके भीतर सकारात्मक ऊर्जा का विशेष प्रभाव देखने को मिलेगा। कारोबार में बड़ा धन लगा सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। शाम के समय किसी भी तरह के वैचारिक बहस और चर्चाओं से बचें।

**मिथुन** – आज परिवार को पर्याप्त समय दें वरना परिजन नाराज हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। फाइनेंस से जुड़ी गतिविधियां लाभकारी रहेंगी। व्यवसाय में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क** – आज पैतृक संपत्ति को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। छात्रों को करियर को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको व्यवसाय को लेकर अच्छे ऑफर मिल सकते हैं। भावनाओं के बजाय व्यावहारिकता को अपनाएं।

**सिंह** – आज साझेदारी वाले व्यापार में आपको कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। धन से जुड़े मामलों में थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कन्या** – आज आय में निश्चितता रहेगी। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ दूसरी किसी नई विधा को सीखने का प्रयास कर सकते हैं। किसी मित्र के बारे में सनसनीखेज खबर सुनने को मिल सकती है। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**तुला** – आज पारिवारिक मामलों को अच्छी तरह सुलझा लेंगे। योजनाओं के अनुसार काम पूरे होने से प्रसन्न रहेंगे। घर में उत्सव का वातावरण रहेगा। आप नए विचारों के प्रभाव में रहेंगे। आपकी सलाह से किसी व्यक्ति का रुका हुआ काम शुरू हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज कानूनी मामलों को लेकर सावधानी रखें। ननिहाल पक्ष में कुछ परेशानियां हो सकती है। गूढ़ विद्याओं में रुचि लेंगे। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करना लाभकारी होगा। आपको कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी।

**धनु** – आज महिलाओं को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। बच्चे गलत आदतों की तरफ प्रवृत्त न हों इसका ध्यान रखें। ज्योतिष और आध्यात्म की तरफ रुचि जागृत होगी। घर में किसी बात को लेकर कलह हो सकती है।

**मकर** – आज भाग्य का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। शत्रु आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से संबंध मजबूत होंगे।

**कुंभ** – आज यात्राओं के लिए दिन अच्छा है। यदि जॉब इंटरव्यू में बैठ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। माइग्रेन के रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। साहित्य से जुड़े लोगों का सम्मान बढ़ेगा। घर में किसी उत्सव को लेकर तैयारी हो सकती है।

**मीन** – आज रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। किसी की निंदा करने से आपका ही अपमान हो सकता है। नींद पर्याप्त मात्रा में लें। व्यापार को शुरू करने में मित्र आपको सहयोग करेंगे। घर के कार्यों में आप व्यस्त रहने का प्रयास करेंगे।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
इलाका
सुबह : 10.37
कातिलों के कातिल
रात : 07.00

&pictures
एंटरटेनमेंट
सुबह : 10.52
स्क्वाड
रात : 08.00

SONY PIX
मोर्टल कॉम्बेट
सुबह : 10.39
ज़ॉम्बीलैंड
रात : 07.48

ZEE CINEMA
जीते हैं शान से
सुबह : 09.20
सागर
शाम : 06.45

colors CINEPLEX
मेरा कर्तव्य माय ड्यूटी
सुबह : 09.04
आवारा पागल दीवाना
शाम : 06.00

**आज की सुपरहिट फिल्म**



एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.52 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पति- हमें तो अपनों ने लुटा गैरों में कहां दम था, मेरी कश्ती ही वहां डूबी जहां पानी कम था।
पत्नी- तुम तो थे ही गधे...
तुम्हारी अक्ल में कहां दम था
वहां किश्ती लेकर ही क्यों गए,
जहां पानी कम था।

मरीज-डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है। खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर- सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 1900, राज श्री 1340, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1840, फॉर्चुन ली0 1580, जय जवान 1450, सचिन 1545, सूरज 1475, अवसर 1645, राग गोल्ड 1625, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1715, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1735, स्वास्तिक 1870 । किराना–(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 32000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950 । चावल – (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7425–7700, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11300, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 7650, लाल हिंदुस्तान 7750, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8400, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10200, मोटा हीरा 11600, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14500, अरहर कोरा मोटा 14800, अरहर पटका छोटा 15000–15400, अरहर कोरी छोटी 16600 । चीनी–डालमियां 4200, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140 (नयी), बहेड़ी 4150 ( नयी ) ।

# 2004 से 14 के बीच 3.2 गुना बढ़ा विदेशी कर्ज

## राहुल गांधी की खटा-खट योजनाओं पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस को घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा नेता और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आम चुनावों के दौरान कांग्रेस को उसकी विभिन्न योजनाओं की घोषणाओं पर आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस को गरीबी रेखा से नीचे की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देने समेत सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करने की लागत का पता भी है?

सीतारमण ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार के राजकोषीय प्रबंधन (विशेषकर कर्ज को लेकर) के बारे में हाल के दिनों में बहुत कुछ कहा गया है। कई बार जीडीपी की वृद्धि पर विचार किए बिना पूर्ण आंकड़ों की तुलना की गई है। जबकि हम जीडीपी के आधार पर कर्ज की गणना करते हैं।

सीतारमण ने कहा कि क्या कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में किये गये ऊंचे-ऊंचे



• बोलीं- राष्ट्रमंडल खेल, कोयला और दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन घोटालों से सरकारी खजाने को हुआ नुकसान

वादों की लागत पर विचार किया है? क्या उन्होंने गणना की है कि खटा-खट योजनाओं की वित्तीय लागत कितनी होगी? क्या वे उनके लिए बड़े पैमाने पर उधार लेंगे या वे इसके लिए कोष देने के लिए कर बढ़ाएंगे? पिछले महीने कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी रैली में कहा था कि अगर वे चुनाव जीतते हैं तो देश के हर गरीब परिवार की एक महिला के बैंक खाते में सालाना एक लाख रुपये डालेगी। उन्होंने कहा कि क्या राहुल गांधी इन सवालों का जवाब देना चाहेंगे और बताएंगे कि उनकी अधिक खर्चे वाली योजनाएं बिना कर बढ़ाये या भारी उधार लिए और अर्थव्यवस्था को गिराये बिना कैसे काम करेंगी? वित्त मंत्री ने कहा कि 2003-04 से वित्त वर्ष 2013-14 तक संप्रग शासन के दौरान, मौजूदा मूल्य पर बाह्य कर्ज (विदेशों से ऋण) सहित केंद्र सरकार का कुल ऋण 3.2 गुना बढ़ गया। यह मार्च, 2004 में 18.74 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च, 2014 में 58.59 लाख करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा कि वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 172.37 लाख करोड़ रुपये (संशोधित अनुमान) हो गया। यानी इसमें 2.9 गुना वृद्धि हुई जो संप्रग शासन के दौरान हुई वृद्धि से कम है। वित्त वर्ष 2013-14 और वित्त वर्ष 2023-24 के बीच यह कम वृद्धि कोविड महामारी के प्रभाव के बावजूद हुई। उस दौरान राजस्व में कमी के बावजूद केंद्र ने जरूरतमंद लोगों को राहत देने के लिए उधार लिया।

### संप्रग शासन में 44.5 गुना बढ़ी उधारी

सीतारमण ने कहा कि संप्रग शासन के दौरान केंद्र की शुद्ध बाजार उधारी 4.5 गुना बढ़ गई थी। कोविड–19 महामारी के बावजूद हमारी सरकार के तहत यह 2.6 गुना बढ़ी। उन्होंने कहा कि यह हमारी सरकार के मजबूत वित्तीय प्रबंधन को बताता है। वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के तहत वास्तविक घाटा बजटीय घाटे से कहीं अधिक था। उन्होंने कहा कि वास्तव में संप्रग सरकार ने उच्च राजकोषीय घाटे को छिपाने के लिए आंकड़े छिपाये। अगर ऐसा नहीं होता तो 2008–09 में राजकोषीय घाटा आधिकारिक आंकड़ा 6.1 प्रतिशत के बजाय 7.9 प्रतिशत होता। सीतारमण ने कहा कि संप्रग के शासन के दौरान राष्ट्रमंडल खेल, एंट्रिक्स–देवास, कोयला और दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन में गड़बड़ी जैसे घोटालों के कारण सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, दूसरी तरफ, हमने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के क्रियान्वयन के कारण, काला–बजारी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर 3.5 लाख करोड़ रुपये बचाए हैं।

# बाजार भाव अधिक होने से सरकारी गेहूं खरीद सुस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में बाजार भाव अधिक होने के कारण सरकारी गेहूं खरीद की प्रक्रिया काफी सुस्त है। बाजार में समर्थन मूल्य से ज्यादा मिलने से केंद्रों पर गेहूं की आवक ही नहीं हो रही है। इससे दो माह में पीसीएफ के 31 केंद्रों पर 516 मीट्रिक टन ही गेहूं की खरीद हो सकी है।

मार्च में गेहूं खरीद के लिए सबसे अधिक 31 क्रय केंद्र पीसीएफ ने खोले थे। कुल 16,300 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लेकिन, अब तक केवल 516 मीट्रिक टन ही गेहूं की खरीद हो पाई है। क्योंकि क्रय केंद्रों पर किसानों को 2275 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य मिला रहा है। जबकि बाजार में व्यापारी 2300-2400 रुपये प्रति कुंतल में गेहूं खरीद रहे हैं। दाम ज्यादा होने के



• दो माह में पीसीएफ के 31 क्रय केंद्रों पर 516 मीट्रिक टन हुई गेहूं की खरीद

साथ नमी, गुणवत्ता, साफ गेहूं जैसे मानक लागू नहीं किए गए हैं। इसलिए किसानों को बाजार में ही गेहूं बेचने में ज्यादा फायदा है। वहीं, व्यापारी गांवों में किसानों से सीधा संपर्क कर गेहूं उठा रहे हैं। इससे किसानों का भाड़ा और ढुलाई आदि खर्च बच जा रहे हैं। वहीं आशंका यह भी है कि व्यापारी अधिक दाम देकर गेहूं डंप भी कर रहे हैं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक–995 फ्लैग–1115 डीएमओ–880 बोल्ड–1165
**चन्दौसी :** शिवालिक– 995 फ्लैग– 1105 बोल्ड– 1155 डीएमओ– 950

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 83,100 |
| चांदी तैयार | 83,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71700 |
| सिल्वर (पक्की) | 821 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 83,600 |

# बाजार में भारी उठापटक, अंतिम घंटे में सेंसेक्स 112 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसक्स करीब 112 अंक से अधिक की बढ़त में रहा। निफ्टी में भी तेजी रही। एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में अंतिम दौर की लिवाली से बाजार लाभ में रहा।

शुरुआती गिरावट से उबरते हुए सेंसेक्स 111.66 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,776.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान य 798.46 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की गिरावट के



• टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट

साथ 71,866.01 अंक पर आ गया था। लेकिन बाद में लिवाली से यह नुकसान से उबर गया। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 48.85 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,104.05 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक एक समय 21,821.05 अंक के निचले स्तर तक आ गया था।

# एफटीए भागीदारों से भारत का आयात 38% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे मुक्त व्यापार समझौते वाले देशों से माल का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 38 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) भागीदारों को देश का निर्यात 2018-19 में 107.20 अरब अमेरिकी डॉलर से 2023-24 में 14.48 प्रतिशत बढ़कर 122.72 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। शोध



• भारत विश्व व्यापार में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में 17वें स्थान पर

संस्थान ने कहा, भारत का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 37.97 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह वृद्धि भारत की वैश्विक व्यापार गतिशीलता पर मुक्त व्यापार समझौतों के महत्वपूर्ण तथा विविध प्रभाव को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में संयुक्त अरब अमीरात में भारत का निर्यात 18.25 प्रतिशत बढ़कर 35.63 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि 2018-19 में यह 30.13 अरब अमेरिकी डॉलर था। आयात वित्त वर्ष 2018-19 में 29.79 अरब अमेरिकी डॉलर से 61.21 प्रतिशत बढ़कर 48.02 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच एफटीए मई 2022 में लागू हुआ था। ऑस्ट्रेलिया, जापान, 10 देशों वाले दक्षिण पूर्व एशियाई गुट आसियान और दक्षिण कोरिया के साथ भी एफटीए के बाद निर्यात और आयात में बढ़ोतरी हुई है। भारत विश्व व्यापार में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में विश्व स्तर पर 17वें स्थान पर है।

## ऑनलाइन भुगतान संबंधी आरबीआई के लाइसेंस को जोमैटो ने छोड़ा

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाली कंपनी जोमैटो ने सोमवार को कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी जोमैटो पेमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने आरबीआई से मिले प्राधिकरण प्रमाणपत्र को स्वेच्छा से छोड़ने का फैसला किया है। यह प्रमाणपत्र ऑनलाइन भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने से संबंधित है। जोमैटो ने शेयर बाजार को बताया कि हम खुद को भुगतान क्षेत्र में काबिज मंचों के मुकाबले कोई उल्लेखनीय प्रतिस्पर्धात्मक लाभ हासिल करते हुए नहीं देखते हैं। इसलिए भुगतान क्षेत्र में हमें व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य व्यवसाय की उम्मीद नहीं है।

## राष्ट्रीय

# पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी तो हम पहना देंगे : मोदी

## प्रधानमंत्री ने विपक्ष के नेताओं को बताया कायर, बोले- कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता देश

हाजीपुर/मुजफ्फरपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर निशाना साधा और उसके नेताओं को कायर बताया जो पाकिस्तान की परमाणु शक्ति से डरे हुए हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार की चुनावी रैली में मोदी ने कहा कि ये हिंदुस्तान का भविष्य तय करने का चुनाव है, ये चुनाव देश का नेतृत्व चुनने का चुनाव है। देश कांग्रेस वाली कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता।

फारूक अब्दुल्ला के हालिया बयान पर मोदी ने कहा कि ये लोग इतने डरे हुए हैं कि इनको सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखायी देता है। कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं। अरे भाई, हम पहना देंगे। उनको आटा भी



• फारूक अब्दुल्ला के हालिया बयान पर मोदी ने तंज कसा

चाहिए, बिजली भी नहीं है। अब हमको मालूम नहीं था कि उनके पास चूड़ियां भी नहीं हैं। अब्दुल्ला ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इस दावे के जवाब में टिप्पणी की थी कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग भारत का हिस्सा बनना चाहते हैं। मोदी ने तंज कसते हुए कहा, कोई मुंबई हमले में पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहा है, कोई सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठा रहा है, ये वामपंथ वाले भारत के परमाणु हथियारों को ही खत्म करना चाहते हैं। ऐसा लगता है कि गठबंधन वालों ने भारत के खिलाफ ही किसी से सुपारी ले ली है। ऐसे स्वार्थी लोग राष्ट्र रक्षा के लिए कडे.फैसले ले सकते हैं क्या। ऐसे दल भारत को मजबूत बना सकते हैं क्या।

उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर और बिहार के लोगों ने दशकों तक नक्सलवाद सहा है। अपराध और नक्सलवाद के कारण बिहार में उद्योग, धंधे सब चौपट हो गए। जंगलराज की जिंदगी भयानक, डरावनी थी। राजद के जंगलराज ने बिहार को कई दशक पीछे धकेल दिया था। ये राजग की सरकार है, जो बिहार में कानून व्यवस्था को पटरी पर लाई है, अब नक्सलवाद प्रभावित जिले भी तेजी से कम हो रहे हैं।

इससे पहले हाजीपुर में चुनावी रैली में मोदी ने कहा कि हमारा ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचारियों को खोज करके सजा देने का है। ये जो टीवी पर आप नोटों के पहाड़ देखते हैं। ये राजनेताओं के यहां से पकड़े जाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 10 साल में सिर्फ 35 लाख रुपये जब्त किये थे। जब से हमने सत्ता संभाली है, ईडी ने 2,200 करोड़ की वसूली की है जिसे ले जाने के लिए 70 छोटे ट्रकों की आवश्यकता होगी। इन लोगों ने नौकरी के बदले जमीन लिखवाकर दिल्ली और देश में जायदाद बनाई है।

### अगर इस बार मोदी जीते तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे : खरगे



**हजारीबाग।** संविधान और लोकतंत्र के खतरे में होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि यदि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी जीतते हैं तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे। झारखंड के हजारीबाग में चुनावी रैली में खरगे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर भी प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और कहा कि यदि साहस है तो वह अडाणी और अंबानी को गिरफ्तार करके दिखाएं। उन्होंने दावा किया कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं और लोग भी खतरे में हैं। यदि आपके पास मौलिक अधिकार नहीं रहेंगे तो आप गुलाम बन जाएंगे। यदि इस बार मोदी जीते तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे। खरगे ने कहा कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आया तो केंद्र में भाजपा नीत सरकार द्वारा गिरफ्तार किए गए 'इंडिया' के घटक दलों के सभी नेताओं को रिहा कर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया सत्ता में मोदी की वापसी असंभव है।

# बंगाल की महिलाओं के आत्मसम्मान व गरिमा से खिलवाड़ न करें मोदी : ममता

बोंगांव (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि वह अत्याचारों के बारे में झूठे दावे करके राज्य की महिलाओं के आत्म-सम्मान और गरिमा के साथ खिलवाड़ न करें। बोंगांव में चुनावी सभा में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख बनर्जी ने कहा कि मोदी को यह ध्यान रखना चाहिए कि पश्चिम बंगाल की स्थिति भाजपा शासित राज्यों जैसी नहीं है।

प्रधानमंत्री ने रविवार को आरोप लगाया कि टीएमसी संदेशखालि में कुकर्मों को छिपाने की कोशिश कर रही है, जहां टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप लगा है। हालांकि, सामने आए कथित वीडियो में, संदेशखालि के भाजपा नेता को यह कहते हुए सुना गया था कि नेता प्रतिपक्ष शुभेंदू अधिकारी के इशारे पर महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया था और इस पूरी साजिश में उनका हाथ था। अन्य



• बनर्जी ने कहा- हमारी महिलाओं को हाथ न लगाएं, यह उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश नहीं है

### 13 मई को ही वामपंथियों से मुक्त हुआ था बंगाल

कोलकाता। ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल आज के ही दिन यानी 13 मई, 2011 को वामपंथियों के अत्याचार से मुक्त हुआ था। बनर्जी ने एक्स पर लिखा, आज 13 साल बाद, लोग दिल्ली के अन्य दमनकारियों को हराने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर कतार में खड़े हुए हैं। इतिहास खुद को दोहराएगा।

वीडियो में पहले बलात्कार की शिकायत दर्ज कराने वाली महिलाओं ने दावा किया कि भाजपा नेताओं ने उनसे कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए और थाने जाने के लिए मजबूर किया। बनर्जी ने कहा कि हमारी महिलाओं को हाथ न लगाएं, यह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश नहीं है।

## एक नजर

### कोटा से एक और नीट अभ्यर्थी लापता

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में एक और नीट अभ्यर्थी लापता हो गया है। करीब हफ्ता भर पहले नीट की तैयारी कर रहा अन्य छात्र भी लापता हुआ था। पुलिस के अनुसार बिहार के अमन सिंह दो साल से यहां रहा था। वह 11–12 मई की रात स्वर्ण विहार कॉलोनी में पेइंग गेस्ट (पीजी) छोड़कर चला गया। सिंह ने एक नोट छोड़ा है, जिसमें उसने कहा है कि वह नीट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। उसने चंबल नदी स्थित कोटा बैराज के पास उसकी तलाश को कहा। पुलिस को वहां उसका कोई सुराग नहीं मिला।

### बिश्नोई-गोदारा गिरोह के पांच शूटर गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम एसटीएफ ने लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गिरोह से जुड़े पांच शूटरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तीन विदेशी समेत पांच स्वचालित पिस्तौल और 55 कारतूस मिले हैं। दिनेश उर्फ दीनू, जगदीश उर्फ जग्गू, विष्णु, सागर और प्रदीप को कोर्ट ने चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### सिक्किम : 12 छात्राओं से छेड़छाड़ में शिक्षक गिरफ्तार

**गंगटोक।** सिक्किम के सोरेंग जिले के सरकारी स्कूल के शिक्षक को 12 छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। 8 मई को छात्राओं से मिली जानकारी पर स्कूल प्राधिकारियों ने 10 मई को दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया कि छात्राओं से शिक्षक लंबे समय से उनके साथ छेड़छाड़ कर रहा था।

# ईवीएम–वीवीपैट से जुड़े फैसले की समीक्षा का अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर 26 अप्रैल के उस फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया है, जिसमें मत पत्रों से मतदान कराने की प्रणाली फिर से अपनाने और ईवीएम के जरिये डाले गए सभी मतों का मिलान वीवीपैट से करने का निर्देश जारी करने की मांग सर्वोच्च अदालत द्वारा खारिज कर दी गई थी। पुनरीक्षण याचिका अधिवक्ता नेहा राठी के मार्फत अरूण कुमार अग्रवाल ने दायर की है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने 26 अप्रैल को, ईवीएम में हेरफेर के संदेह को बेबुनियाद करार दिया था और मत पत्रों से चुनाव कराने की पुरानी प्रणाली फिर से अपनाने का आग्रह खारिज कर दिया था। न्यायालय ने कहा था कि मतदान के लिए उपयोग में लाये जा रहे उपकरण सुरक्षित हैं और इसने बूथ पर कब्जा किये जाने और फर्जी मतदान की समस्या खत्म कर दी। इसके साथ ही, शीर्ष अदालत के फैसले ने चुनाव नतीजों में दूसरे और तीसरे स्थानों पर रहे असफल उम्मीदवारों को भी कुछ राहत दी तथा उन्हें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच प्रतिशत ईवीएम में लगी



• उच्चतम न्यायालय में दायर की गई पुनरीक्षण याचिका
• कोर्ट ने मतदान में इस्तेमाल हो रहे उपकरणों को बताया था सुरक्षित

माइक्रो-कंट्रोलर चिप के सत्यापन का अनुरोध करने की अनुमति दी। हालांकि, इसके लिए उन्हें निर्वाचन आयोग को एक लिखित आवेदन देना होगा और शुल्क का भुगतान करना होगा। न्यायालय ने निर्देश दिया था कि एक मई से, चुनाव चिह्न को लोड करने वाली इकाइयों को सील किया जाना चाहिए और एक कंटेनर में सुरक्षित रखा जाए तथा चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद कम से कम 45 दिनों की अवधि के लिए ईवीएम के साथ स्ट्रॉन्ग रूम में उनका भंडारण किया जाए। अपने इस फैसले के साथ, शीर्ष अदालत ने वे जनहित याचिकाएं खारिज कर दीं, जिनमें मत पत्रों से चुनाव कराने की प्रणाली फिर से अपनाने के लिए निर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया गया था।

# विशेष अदालत ने एचडी रेवन्ना को दी जमानत

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत ने महत्वपूर्ण घटनाक्रम में अपहरण के आरोपी होलेनरसीपुरा विधायक एचडी रेवन्ना को सोमवार को जमानत दे दी। कथित अपहरण से जुड़ा उनके बेटे एवं हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों से जुड़ा है।

कोर्ट ने चार मई से गिरफ्तार विधायक को राहत देते हुए पांच लाख की राशि पर जमानत दी है। इसी अदालत ने पहले अपहरण मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जांच के बाद एसआईटी ने नौ मई को कोर्ट को बताया कि प्रज्ज्वल के यौन उत्पीड़न का शिकार हुई महिला को रेवन्ना के इशारे पर अगवा किया गया था।

### प्रज्ज्वल और उसके पिता पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की महिला ने प्रज्ज्वल और एचडी रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। अज्ञात महिला ने दावा किया कि हासन सांसद ने पांच साल पहले बेंगलुरु में अपने आवास पर उसकी मां से बलात्कार किया था। उन्होंने एसआईटी को घटना का विवरण दिया है, जिसमें दावा किया कि उसे 2020–21 में वीडियो कॉल के दौरान कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया गया था। महिला ने कहा कि वह मुझे फोन करता था और अपने कपड़े उतारने के लिए कहता था। वह मेरी मां के मोबाइल पर फोन करता था और मुझे वीडियो कॉल का जवाब देने के लिए मजबूर करता था।

# सीबीआई को लिखा पत्र, संदेशखालि की पीड़िताओं के लिए मांगी सुरक्षा

**संदेशखालि (प. बंगाल)।** भाजपा नेता प्रियंका टिबरेवाल ने संदेशखालि में टीएमसी नेताओं द्वारा किए यौन उत्पीड़न की पीड़िताओं की सुरक्षा चिंताओं को दूर करने का सीबीआई से आग्रह किया है। भाजपा की प्रदेश इकाई सचिव टिबरेवाल ने संकटग्रस्त इलाके में भाजपा के प्रदर्शन के मद्देनजर केंद्रीय एजेंसी को पत्र लिखा है। टिबरेवाल ने आरोप लगाया कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतें वापस लेने के लिए पीड़िताओं को धमकी दी गई, लेकिन पुलिस मदद को आगे नहीं आई। उन्होंने कहा कि 26 फरवरी को कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीबीआई को पीड़िताओं के बयान दर्ज करने का निर्देश दिया था और कहा था कि राज्य पुलिस इलाके के संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाये।

## स्टिंग वीडियो : भाजपा नेता की अर्जी पर सुनवाई स्थगित

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखालि से भाजपा नेता गंगाधर कोयल द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी।

कोयल ने इलाके में यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रसारित कथित स्टिंग वीडियो की जांच सीबीआई को सौंपने की गुहार लगाई है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने कहा कि कोयल की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की जाएगी। भाजपा नेता ने याचिका में दावा किया है कि प्रौद्योगिकी की मदद से वीडियो में उनकी आवाज से मिलती-जुलती आवाज डाली गई है और उन्हें बदनाम करने के लिए इसे प्रसारित किया जा रहा है।

# सोरेन की याचिका पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, 17 को सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उच्च न्यायालय के तीन मई के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने सोरेन का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की ओर से बार-बार शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किये जाने पर ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 17 मई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ इस

• धन शोधन के मामले में तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में हैं पूर्व मुख्यमंत्री

मामले को गर्मी की छुट्टियों के दौरान या जुलाई में विचार के लिए सूचीबद्ध करना चाहती थी, लेकिन सिब्बल ने सुनवाई के लिए शीघ्र सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया।

शीर्ष अदालत ने सोरेन को अपनी गिरफ्तारी और मामले में हुई देरी के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए कहा था, जिससे 2024 के आम चुनावों के दौरान सोरेन के अधिकार प्रभावित हुए। सिब्बल ने दलील के समर्थन में दिल्ली के मुख्यमंत्री को शुक्रवार को एक जून तक दी गई अंतरिम जमानत और याचिका की अग्रिम प्रति ईडी के अधिवक्ता को छह मई को पहुंचा दिए जाने का हवाला दिया।

## तेजस्वी सूर्य ने राहुल की खुली बहस की चुनौती स्वीकारी

**नई दिल्ली।** भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की खुली बहस की चुनौती स्वीकार कर अपने संगठन के उपाध्यक्ष एवं रायबरेली के नौजवान को इस बहस के लिए नामित किया है। बेंगलुरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्य ने गांधी को सोमवार को पत्र लिखकर सूचित किया कि भाजपा को उनकी खुली बहस की चुनौती स्वीकार है और वह युवा इकाई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश को बहस में पार्टी की ओर से भाग लेने के लिए नामित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अभिनव अनुसूचित जाति के अंतर्गत पासी समुदाय के शिक्षित नेता हैं, जिनकी संख्या रायबरेली संसदीय क्षेत्र में में 30 प्रतिशत है। वह वर्तमान में दिल्ली विवि के रामजस कालेज में अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक हैं। तेजस्वी सूर्य ने कहा कि वह इस बहस के लिए उपयुक्त मंच के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि यह एक राजनीतिक वंशज और एक आम युवा के बीच समृद्ध बहस होगी, जिसने जीवन में कठिन डगर तय की है।

## आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
लखनऊ सुपरजाइंटस
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## प्ले ऑफ की दौड़ में आगे जाने की कोशिश में लखनऊ और दिल्ली

नई दिल्ली, एजेंसी



खराब फॉर्म से जूझ रही लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम आईपीएल प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी जिसकी नॉकआउट में जगह बनाने की मामूली उम्मीद बरकरार है।

सुपर जाइंट्स के कप्तान के रूप में लोकेश राहुल के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि पिछले बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 10 विकेट की हार के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका ने उन्हें सार्वजनिक तौर पर फटकार लगाई थी। इस तरह की अटकलें हैं कि राहुल पद छोड़ सकते हैं या टीम का साथ छोड़ने से पहले अंतिम दो मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी निभा सकते हैं। राहुल अच्छी फॉर्म में नहीं हैं और भारत की टी20 विश्व कप टीम में भी जगह नहीं बना पाए हैं। लखनऊ की टीम भी 12 अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रही है और दिल्ली तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के साथ अभी शीर्ष चार से बाहर है।

## औसत नहीं, प्रभाव के आधार पर चुने जाएंगे खिलाड़ी: मिलर

नई दिल्ली, एजेंसी



दक्षिण अफ्रीका और गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर का मानना है कि जिनके पास अधिकतम प्रभाव डालने की क्षमता है, उनके लिए टी20 क्रिकेट में औसत धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो देगा और स्ट्राइक रेट ही सफलता का एकमात्र पैमाना होगा।

पिछले कुछ वर्षों में मिलर ने टाइटंस और अपनी राष्ट्रीय टीम दोनों के लिए फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह निभाई है। मिलर ने कहा मैंने हमेशा देखा है कि हर कोई बल्लेबाज को औसत के आधार पर आंकता है, लेकिन टी20 में किसी को पूरी तरह से इस आधार पर आंकना मुश्किल है। शीर्ष तीन बल्लेबाजों के साथ निश्चित रूप से आप ऐसा कर सकते हैं, उन्हें बल्लेबाजी करने के लिए मिलने वाले ओवरों की संख्या के कारण। जब मध्य क्रम की बात आती है तो यह स्ट्राइक रेट और बल्लेबाज का खेल पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ रहा है, उस बारे में होता है।

## आरसीबी ने जरूरत पड़ने पर नतीजे देने की क्षमता दिखाई

नई दिल्ली, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी ने आरसीबी की लगातार पांचवीं जीत के बाद कहा कि टीम ने जब सबसे अधिक मायने रखता है तब प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई है। दस दिन पहले अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर चल रही आरसीबी ने जोरदार वापसी की और उसके पास नॉक आउट में जगह बनाने का भी मौका है। मूडी ने से कहा एक बार फिर आरसीबी ने जरूरत पड़ने पर अच्छा प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई।

### आक्रामक नीति से मिल रही है जीत: डुप्लेसी



**बेंगलुरु।** आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि नई आक्रामक नीति के कारण उनकी टीम को लगातार पांच मैचों में जीत मिली है। दिल्ली कैपिटल्स को रविवार रात हुये मुकाबले में 47 रनों से हराने के बाद आरसीबी के कप्तान डुप्लेसी ने यह बात कही। उन्होंने कहा, हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और हमें गर्व है कि हमने एक साथ प्रदर्शन किया।

## खेल डायरी



### जय शाह और रोहित ने किया नई जर्सी का अनावरण

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिन जय शाह और कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को टी-20 विश्वकप के लिए टीम की नई जर्सी का अनावरण किया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नई जर्सी का अनावरण किया। भारत के आधिकारिक किट पार्टनर एडिडास ने पहले एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए टीम की जर्सी का खुलासा किया। बीसीसीआई ने लिखा अब हमारी टीम का नए रंगों में स्वागत करने का समय आ गया है। रोहित शर्मा, जय शाह और आधिकारिक किट पार्टनर एडिडास टीम की टी-20 जर्सी पेश करते हुए।

### स्क्वाश विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले के बीच से हटे चोटिल रमित टंडन

**काहिरा।** भारत के रमित टंडन को रविवार को यहां स्क्वाश विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में चोटिल होने के कारण दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद अलशोरबागी के खिलाफ मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 36वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी टंडन दूसरे गेम में जब 3-4 से पीछे थे तब पिंडली की टीम के कारण उन्हें मैच के बीच से हटना पड़ा। अलशोरबागी ने पहला गेम 11-8 से जीता था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ टंडन का यह पहला मैच था।

### टी-20 विश्व कप में नीदरलैंड की कप्तानी करेंगे स्कॉट एडवर्ड्स

**एम्स्टर्डम।** नीदरलैंड ने अनुभवी स्कॉट एडवर्ड्स की अगुवाई में अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। रॉयल डच क्रिकेट संघ ने 27 वर्षीय एडवर्ड्स को मेजबान नेपाल और नामीबिया की हालिया त्रिकोणीय शृंखला में मामूली प्रदर्शन के बावजूद कप्तान बनाए रखा है। एडवर्ड्स ने नीदरलैंड के लिए 56 टी20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं। टीम में भारतीय मूल के क्रिकेटरों तेजा निदामानुरु, विक्रम सिंह और आर्यन दत्त को भी शामिल किया गया है।

### निकहत, मीनाक्षी, अनामिका ने की विजयी शुरुआत



**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन (52 किग्रा) ने सोमवार को यहां एलोर्डा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट के शुरुआती दिन कजाकिस्तान की राखिम्बेर्डी झानसाया पर 5-0 से जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। मीनाक्षी (48 किग्रा) और अनामिका (50 किग्रा) ने भी अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। मीनाक्षी ने कजाकिस्तान की गैसीमोवा रोक्साना पर 4-1 से जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश किया, वहीं अनामिका ने पहले दौर में झुमाबायेवा अराइलीम को हराया। सोनिया (54 किग्रा) को हालांकि चीन की चांग युआन के खिलाफ 0-5 की हार का सामना करना पड़ा। पुरुष वर्ग में इश्मीत सिंह (75 किग्रा) को कजाकिस्तान के अर्मानुली आर्मैट ने 5-0 से हराया। शिव थापा (63 .5 किग्रा), संजय (80 किग्रा) और गौरव चौहान (92 किग्रा से अधिक) तीन अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ मंगलवार को चुनौती पेश करेंगे।

# आईपीएल से हटे लियाम, इंग्लैंड लौटे बटलर, जैक्स और टॉपली

### पाकिस्तान शृंखला और टी-20 विश्व कप के लिए वापस जाएंगे बाकी खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



पंजाब किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले घुटने की चोट से उबरने के लिए सोमवार को इंग्लैंड लौट गए। लिविंगस्टोन के अलावा जोस बटलर (राजस्थान रॉयल्स), विल जैक्स और रीस टॉपली (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) ने भी 22 मई से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली टी-20 शृंखला से पहले इंग्लैंड टीम में शामिल होने के लिए आईपीएल छोड़ दिया है।

पंजाब किंग्स की टीम 12 मैच में सिर्फ चार जीत के साथ पहले ही इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अभी आठ अंक के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। लिविंगस्टोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा आईपीएल का एक और साल हो गया, आगामी विश्व कप के लिए अपने घुटने को ठीक कराना पड़ेगा। पंजाब किंग्स के प्रशंसकों को उनके प्यार और समर्थन के लिए एक बार फिर धन्यवाद। टीम और निजी तौर पर निराशाजनक सत्र लेकिन हमेशा की तरह मैंने आईपीएल में हर मिनट खेलने का लुत्फ उठाया। स्वदेश लौटने के कारण लिविंगस्टोन राजस्थान रॉयल्स (15 मई) और सनराइजर्स हैदराबाद (19 मई) के खिलाफ पंजाब किंग्स के अंतिम दो मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। लिविंगस्टोन की चोट गंभीर नहीं है लेकिन सूत्रों के अनुसार इंग्लैंड के टीम प्रबंधन ने 22 मई से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही घरेलू टी20 शृंखला से पहले उन्हें उपचार के लिए अधिक समय देने का फैसला किया है।

पाकिस्तान के खिलाफ शृंखला के बाद गत चैंपियन इंग्लैंड की टीम टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज रवाना होगी जहां वह बारबडोस के ब्रिजटाउन में चार जून को स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। आईपीएल में खेल रहे इंग्लैंड की विश्व कप टीम में शामिल मोईन अली (चेन्नई सुपरकिंग्स), सैम कुरेन, जॉनी बेयरस्टो (दोनों पंजाब किंग्स) और फिल सॉल्ट (कोलकाता नाइट राइडर्स) जल्द ही स्वदेश लौट जाएंगे।

### गोयनका के भड़ास पर बोले क्लूसनर, दो क्रिकेटप्रेमियों के बीच की ठोस बातचीत थी

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के सहायक कोच लांस क्लूसनर ने टीम मालिक संजीव गोयनका के कप्तान केएल राहुल पर सार्वजनिक रूप से भड़ास उतारने के मामले को तूल नहीं देते हुए कहा कि यह दो क्रिकेटप्रेमियों की आपस की बातचीत थी। पिछले बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद से लखनऊ की शर्मनाक हार के बाद गोयनका को सार्वजनिक तौर पर राहुल पर भड़ास उतारते हुए देखा गया था। राहुल के लखनऊ का कप्तान बने रहने को लेकर भी अनिश्चितता जताई जा रही है लेकिन क्लूसनर ने कहा कि इस विषय पर कोई बात नहीं हुई है। उन्होंने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा दो क्रिकेटप्रेमियों के बीच इस बात की बातचीत में कोई समस्या नहीं है। हमें ठोस बातचीत पसंद है। इसी से टीमों का प्रदर्शन बेहतर होता है। हमारे लिये यह बड़ी बात नहीं है।



## बारिश में धुला मुकाबला, गुजरात टाइटंस प्ले आफ की दौड़ से बाहर

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच सोमवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 63वां मैच को बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। इसी के साथ गुजरात टाइटंस प्लेऑफ से हुई बाहर हो गई है। लगातार हो रही बारिश और आंधी के कारण मैच नहीं हो सका।

केकेआर पहले ही प्लेऑफ्स के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। बारिश के कारण मैच रद्द होने से दोनों टीमों के बीच एक-एक अंक बांटा दिया गया। मैच के रद्द होने से गुजरात के लिए प्लेऑफ्स के दरवाजे बंद हो गए है। ऐसे में राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स को भी फायदा मिल सकता है। राजस्थान की टीम को अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका मिल सकता है। ऐसा तभी होगा जब पंजाब और केकेआर के खिलाफ टीम अपने मुकाबले जीत लेती है। तब उसके 20 अंक हो जाएंगे। वहीं हैदराबाद को भी फायदा मिलेगा और टीम 14 अंक पर पहुंच जाएगी।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 | 0 | +0.349 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0 | +0.406 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.482 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | 0 | -0.769 |
| गुजरात (बा) | 13 | 5 | 7 | 11 | 1 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | 0 | -0.423 |

## इटैलियन ओपन में जोकोविच भी हारे



**रोम।** नोवाक जोकोविच इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में 29वें वरीय एलेजांद्रो टैबिलो से उलटफेर का शिकार होकर अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में से एक से बाहर हो गए। शुक्रवार को एक प्रशंसक को ऑटोग्राफ देते हुए उसकी पानी की बोतल जोकोविच के सिर पर लग गयी थी, जिसके बाद यह उनका पहला मैच था। जोकोविच ने एक 'डबल फॉल्ट' से शुरूआत की और छह बार का चैंपियन इसके बाद उबर नहीं सका। जोकोविच महज 68 मिनट में टैबिलो से 2-6, 3-6 से हार गए। तीसरे दौर में मिली हार जोकोविच का इटैलियन ओपन में सबसे खराब प्रदर्शन है। एक दिन पहले रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन राफेल नडाल भी तीसरे दौर में हुबर्ट हुर्काज से हारकर बाहर हो गए थे।

## सीधे फेड कप फाइनल्स में खेलेंगे चोपड़ा और जेना



**भुवनेश्वर।** भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और किशोर जेना को यहां 15 मई को होने वाले फेडरेशन कप फाइनल्स में सीधे प्रवेश दिया गया है क्योंकि उन्होंने अपने करियर में 75 मीटर का न्यूनतम क्वालीफाइंग स्तर कई बार हासिल किया है। ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा पिछले हफ्ते दोहा डाइमंड लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन करके यहां आए हैं जहां वह 88.38 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे।

## सात्विक-चिराग करेंगे थाईलैंड ओपन में भारत की अगुवाई

बैंकॉक, एजेंसी



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी आज से शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण की दावेदार भारत की इस शीर्ष वरीय जोड़ी को थॉमस कप में इंडोनेशिया और चीन के खिलाड़ियों के सामने थोड़ी मुश्किल हुई थी।

सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों ने अपने कौशल को निखारने पर काम किया है और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में उन्हें अपने नए शॉट और बदलाव को परखने का शानदार मौका मिलेगा।

## पाकिस्तान ने आयरलैंड को सात विकेट से हराया

**डबलिन।** पाकिस्तान ने पहले टी-20 की हार का बदला चुकता करते हुए दूसरे मैच में आयरलैंड को सात विकेट से हराकर तीन मैच की शृंखला 1-1 से बराबर कर दी। आयरलैंड ने पहले टी-20 में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था। यह आयरलैंड की टी-20 प्रारूप में पाकिस्तान पर पहली जीत थी।

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे आयरलैंड ने सात विकेट पर 193 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के लिए रिजवान (नाबाद 75) और फखर जमां (78 रन) ने 140 रन की साझेदारी कर मैच जीत लिया। इससे पहले मैच के दौरान शाहीन अफरीदी जब ड्रेसिंग रूम से मैदान की तरफ जा रहे थे, तब अफगान फैन ने उनको लेकर अपशब्द कहा। अफरीदी ने मामला सिक्योरिटी को बताया और फैन को मैदान से बाहर निकाला गया। वीडियो में सुरक्षा अधिकारी को फैन को बाहर निकालते हुए देखा जा सकता है।

## एटलेटिको ने सेल्टा को हराया चैंपियंस लीग में पहुंचने के करीब



मैड्रिड, एजेंसी

एटलेटिको मैड्रिड यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में सेल्टा विगो पर 1-0 की जीत के साथ चैंपियंस लीग फुटबॉल के चौथे और अंतिम स्थान के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया।

एटलेटिको की ओर से मैच का एकमात्र गोल 84वें मिनट में रोड्रिगो डि पॉल ने किया। इस जीत से एटलेटिको ने पांचवें स्थान पर मौजूद एथलेटिक बिलबाओ पर आठ अंक की बढ़त बना ली है जबकि सिर्फ तीन दौर का खेल बाकी है। एथलेटिक बिलबाओ ने शनिवार को ओसासुना से 2-2 से ड्रॉ खेला था। एटलेटिको की यह लगातार तीसरी जीत है और टीम तीसरे स्थान पर चल रहे बार्सीलोना से सिर्फ तीन अंक पीछे है। अन्य मुकाबलों में रीयाल बेटिस ने अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया को 3-2 से हराया और टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई।

## आभा ने महिला शॉट पुट में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**भुवनेश्वर।** आभा खटुआ ने राष्ट्रीय फेडरेशन कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन 18.41 मीटर की दूरी के साथ महिलाओं के गोला फेंक में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व कर रही आभा इस प्रतियोगिता से पहले मनप्रीत कौर के साथ 18.06 मीटर की संयुक्त रिकॉर्ड धारक थीं।

उन्होंने हालांकि यहां के कलिंगा स्टेडियम में पांचवें प्रयास में 18.41 मीटर की थ्रो के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया। उनका प्रयास ओलंपिक क्वालीफाइंग स्तर 18.80 मीटर से काफी कम था। ओलंपिक क्वालीफाई का समय 30 जून को खत्म हो रहा है।


## बॉलीवुड हलचल



### गदर मचाने को तैयार जूनियर एनटीआर

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर अब बॉलीवुड में भी गदर मचाने के लिये तैयार हैं। एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के बाद जूनियर एनटीआर शोहरत की बुलंदियों पर है। जहां साउथ में वह फिल्म देवरा पार्ट 1 में नजर आएंगे, वहीं हिंदी में फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आयेंगे। बताया जा रहा है कि जूनियर एनटीआर ने अब अपने काम को संभालने के लिए एक टॉप एजेंसी हायर की है। यह एजेंसी उनके ऐड्स का काम तो देखेगी ही साथ ही उनके हिंदी प्रोजेक्ट्स का काम भी देखेगी। जूनियर एनटीआर हिंदी सिनेमा में अपने करिअर को और आगे ले जाना चाहते हैं। वॉर 2 के जरिए जूनियर एनटीआर पहली बार किसी हिंदी फिल्म में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। जूनियर एनटीआर देवरा पार्ट 1 को लेकर भी चर्चा में है। इस फिल्म का निर्देशन कोराटाला शिवा कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल 10 अक्टूबर को रिलीज होगी। यह फिल्म दो पार्ट में बनेगी।

### वेब सीरीज स्टारडम में नजर आएंगे शाहरुख



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान अपने बेटे आर्यन की वेबसीरीज स्टारडम में महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान बतौर निर्देशक फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाले हैं। आर्यन 'स्टारडम' नाम की एक वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि स्टारडम की ज्यादातर शूटिंग पूरी हो चुकी है और जल्द ही इसकी एडिटिंग का काम शुरू होने वाला है। कहा जा रहा है कि शाहरुख भी स्टारडम में खास किरदार निभाने वाले हैं। फिल्म इंडस्ट्री में जिस तरह की जिंदगी होती है, शाहरूख का किरदार स्टारडम में वैसा हीं है। कहा जा रहा है कि वेब सीरीज स्टारडम में रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, करण जौहर, बॉबी देओल जैसे सितारों के भी कैमियो रोल में नजर में आ सकते हैं। इसके साथ ही शाहरूख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ फिल्म किंग में भी नजर आएंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# जापान ने राफा पर इजरायली हमले का जताया विरोध

टोक्यो, एजेंसी

जापान ने दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर में पूर्ण पैमाने पर इजरायली सैन्य अभियान का विरोध और तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया है। जापानी कैबिनेट प्रमुख योशिमासा हयाशी ने सोमवार को कहा कि हम राफा में संपूर्ण सैन्य गतिविधियों पर आपत्ति जता रहे हैं।

मानवीय उद्देश्यों के लिए स्थायी स्थिति बनाए रखना काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए हम तत्काल युद्धविराम की मांग कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि युद्धविराम होगा और लंबे समय तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा, टोक्यो ने इजरायली अधिकारियों के सामने राफा के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है और यहूदी देश से बहुत धैर्यपूर्वक और सक्रिय तरीके से राजनयिक गतिविधियां शुरू करने का आग्रह किया है। इजरायली सेना ने पिछले हफ्ते राफा के पूर्वी हिस्सों में एक सैन्य अभियान शुरू किया और मिस्र के साथ राफा क्रॉसिंग के गाजा हिस्से पर नियंत्रण कर लिया।


इजराइली टैंक गाजा पट्टी के पास गोला दागता हुआ। • एजेंसी

# जर्मनी में टेस्ला संयंत्र का विरोध करने वाले 23 लोग गिरफ्तार

**बर्लिन।** जर्मनी के पूर्वी प्रांत ब्रैंडेनबर्ग की पुलिस ने नवनिर्मित टेस्ला संयंत्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान 23 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक पांच मामलों में आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तारियां की गईं हैं। पुलिस और न्यायिक प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद सभी लोगों को रिहा कर दिया गया।

बयान में कहा गया कि यहां 8 से 12 मई तक कथित रूप से टेस्ला संयंत्र के खिलाफ हजारों लोगों ने कुल 18 विरोध प्रदर्शन किये, जिसमें 27 पुलिस अधिकारी घायल हो गये। बर्लिन के पास टेस्ला गीगाफैक्ट्री में बिजली के खंभे पर पांच मार्च को संदिग्ध आगजनी के हमले के बाद बिजली बाधित हो गई और उत्पादन रुक गया।

# जितना पाक का मिलिट्री बजट, उससे ज्यादा भारत दुनिया को बेच देता है स्मार्टफोन

स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग से लेकर मेड इन इंडिया स्मार्टफोन के मामले में भारत लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। जिससे पड़ोसी देश पाकिस्तान और उसके दोस्त चीन को जोरदार झटका लगा है। जहां पाकिस्तान में आर्थिक हालात खराब हैं, वही भारत ने रिकॉर्ड नंबर में मेड इन इंडिया स्मार्टफोन का एक्सपोर्ट करके चीन की हालात पस्त कर दी है। रिपोर्ट की मानें, तो भारत ने वित्त वर्ष 2023 में 11 बिलियन डॉलर के मोबाइल फोन का एक्सपोर्ट किया है, जो पाकिस्तान के मिलिट्री बजट से ज्यादा है। पाकिस्तान का साल 2023 में मिलिट्री बजट 8 बिलियन डॉलर रहा है। इतना ही नहीं, भारत में हर साल करीब 44 बिलियन डॉलर के स्मार्टफोन का घरेलू स्तर पर प्रोडक्शन किया जाता है, जो पाकिस्तान के रक्षा खर्च से कहीं ज्यादा है।

## भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आईफोन बनाने वाला देश

ऐपल ने वित्त वर्ष में एक साल करोड़ रुपये के मोबाइल एक्सपोर्ट करके चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा आईफोन मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है। ऐसा माना जा रहा कि साल 2026 तक भारत में आईफोन प्रोडक्शन 26 फीसद हो सकता है, जो अभी 14 से 15 फीसद है। ऐपल का भारत में कुल प्रोडक्शन करीब 14 बिलियन डॉलर (1.2 लाख करोड़ रुपये) पहुंच गया है।

## चीन को पीछे छोड़ देगा भारत

चीन दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग देश है, लेकिन अब भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चर बन गया है। एक्सपर्ट की मानें, तो आने वाले दिनों में चीन में मोबाइल मैन्युफैक्चिरिंग में गिरावट देखने को मिलेगी, जबकि भारत में इजाफा होगा।



## ऐपल ने भारत में बनाया नया रिकॉर्ड

ऐपल ने मोबाइल एक्सपोर्ट के मामले में नया रिकॉर्ड बना लिया है। वित्त वर्ष 2025 में ऐपल ने 1.1 बिलियन डॉलर (9 हजार करोड़ रुपये) के मेड इन इंडिया आईफोन का एक्सपोर्ट किया है। यह आंकड़ा एक साल पहले 580 मिलियन डॉलर था। मतलब ऐपल ने भारत से एक्सपोर्ट होने वाले आईफोन में पिछले एक साल में दोगुना का उछाल दर्ज किया है।

## एक नजर

### भारत-अमेरिका के संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहे

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजूदत के तौर पर एक साल पूरे होने के अवसर पर एरिक गार्सेटी ने कहा है कि अमेरिका और भारत के संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं। भारत में अपने कार्यकाल के संबंध में सोशल मीडिया मंच एक्स पर लगभग चार मिनट का एक वीडियो सोमवार को साझा किया और लिखा बेहतरीन सफर रहा-कूटनीति के साथ ही गहरी होती दोस्ती की यात्रा। लॉस एंजिल्स के पूर्व मेयर गार्सेटी के नाम की 15 मार्च 2023 को भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में नियुक्ति की पुष्टि की गई थी।

### मुंबई हवाईअड्डे पर 13.56 करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई यात्रियों द्वारा अवैध रूप से लाया गया 13 .56 करोड़ रुपये मूल्य का 22 .14 किलोग्राम सोना जब्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर की गई कार्रवाई के दौरान सोने की तस्करी के 20 मामलों में 11 यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कीमती धातु यात्रियों द्वारा मलाशय, अंत: वस्त्रों, उनके शरीर में और एक कार्डबोर्ड शीट में छिपाकर लाई गई थी।

### सूडान के उत्तरी दारफुर में संघर्ष, 27 की मौत

**संयुक्त राष्ट्र खार्तूम।** सूडान में उत्तरी दारफुर की राजधानी एल फशर में सूडानी सशस्त्र बलों और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच संघर्ष में कम से कम 27 नागरिक मारे गए और 130 घायल हो गए है। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा है कि कई हफ्तों से आरएसएफ हमले की तैयारी के लिए एल फशर के बाहरी इलाके में हजारों लड़ाकों को जुटा रहा है, जबकि एसएएफ और सहयोगी दारफुरी सशस्त्र समूहों ने एल फशर के प्रवेश द्वारों और शहर के अधिकांश इलाकों के आसपास अपनी सेना को तैनात किया है।

### शहबाज ने पीएमएल-एन अध्यक्ष पद छोड़ा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर प्रधानमंत्री शहबाज ने अपने बड़े भाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के फिर से पार्टी की कमान संभालने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। पार्टी में अंदरूनी कलह के बीच शहबाज ने यह इस्तीफा दिया है। महासचिव को लिखे पत्र में शहबाज ने 2017 के घटनाक्रमों का उल्लेख किया, जिसका परिणाम नवाज के प्रधानमंत्री कार्यालय से बाहर होने एवं पार्टी की अध्यक्षता गंवाने के रूप में हुआ था। शहबाज (72) ने पत्र में कहा कि उनके भाई ने प्रतिकूल हालात के दौरान पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी थी।

# नेपाल के उप प्रधानमंत्री ने इस्तीफा सौंप प्रचण्ड सरकार को दिया झटका

## पर्यावरण राज्य मंत्री दीपक कार्की ने भी अपना त्याग पत्र सौंपा

काठमांडू, एजेंसी

• उपेंद्र यादव ने कहा - मुझे सरकार के साथ सहयोग जारी रखना अनुचित लगा



नेपाल के उप प्रधानमंत्री और वरिष्ठ मधेसी नेता उपेंद्र यादव ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी पार्टी सरकार से अलग हो गई। जिससे प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचण्ड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को झटका लगा है। यादव के साथ ही वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दीपक कार्की ने भी अपना त्याग पत्र दे दिया है। वह भी यादव की पार्टी से ही आते हैं।

उपेंद्र यादव जनता समाजवादी पार्टी-नेपाल (जेएसपी-नेपाल) के प्रमुख हैं और इस पार्टी में हफ्ते भर पहले विभाजन हो गया था। वरिष्ठ नेता अशोक राय ने जनता समाजवादी पार्टी नाम से नया दल बना लिया है। निर्वाचन आयोग ने नई पार्टी को मान्यता दे दी है।

यादव ने कहा कि मैंने सोमवार सुबह अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री प्रचंड को सौंप दिया। वर्तमान राजनीतिक स्थिति को देखते हुए, मुझे सरकार के साथ अपना सहयोग जारी रखना अनुचित लगता है। जेएसपी-नेपाल के प्रतिनिधि सभा में कुल 12 सदस्य थे। अब प्रतिनिधि सभा में पार्टी का संख्याबल घटकर पांच रह गया है, क्योंकि राय और छह अन्य सांसद और केंद्रीय समिति के 30 सदस्य नई पार्टी में शामिल हो गए हैं। प्रचण्ड की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार के पास अब भी बहुमत है। गठबंधन में शामिल सीपीएन-यूएमएल के पास प्रतिनिधि सभा में 77, सीपीएन (माओवादी केंद्र) के पास 32, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के पास 21, नवगठित जनता समाजबादी पार्टी के पास सात और सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट (सीपीएन-यूएस) के पास 10 सीट हैं।

### गठबंधन को बहुमत के लिए 138 सीट की आवश्यकता

गठबंधन को बहुमत साबित करने के लिए 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 सीट की आवश्यकता है। पूर्व पर्यावरण मंत्री और सत्तारूढ़ सीपीएन (माओवादी केंद्र) की केंद्रीय समिति के सदस्य सुनील मानंधर ने कहा कि पार्टी के सरकार से हटने का प्रचण्ड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर तत्काल प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि इसका दीर्घावधि में सरकार की स्थिरता पर कुछ असर पड़ सकता है।

### नेपाल के राष्ट्रपति के आर्थिक सलाहकार ने इस्तीफा दिया



**काठमांडू।** नेपाल के रष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के आर्थिक सलाहकार चिरंजीवी ने तीन भारतीय क्षेत्रों को दर्शाने वाले 100 रुपये के नये नोट जारी करने के सरकार के फैसले पर अपनी विवादास्पद टिप्पणी के बाद इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। चिरंजीवी ने सोमवार को कहा कि मैंने एक अर्थशास्त्री और केंद्रीय बैंक के पूर्व गवर्नर के नाते टिप्पणियां की थीं, लेकिन कुछ मीडिया संस्थानों ने राष्ट्रपति पद की सम्मानित संस्था को विवाद में शामिल करने की कोशिश करते हुए मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया। नये नक्शे में कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा जैसे क्षेत्र शामिल किये गए हैं। हालांकि, भारत का यह कहना रहा है कि ये तीनों क्षेत्र उसका हिस्सा हैं।

# भारत से अच्छे संबंधों के बिना बांग्लादेश का विकास संभव नहीं : महमूद



**ढाका।** बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ अच्छे संबंधों के बिना बांग्लादेश का विकास संभव नहीं है क्योंकि दोनों देश कई हजार किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी के संयुक्त महासचिव हसन ने यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर लोगों से भारतीय उत्पादों का बहिष्कार करने को कहने वाले असफल अभियान के संबंध में एक सवाल का जवाब देते हुए की।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा उस देश (भारत) के साथ अच्छे संबंध बनाए रखे बिना हमारा विकास संभव नहीं है, जिसके साथ तीन तरफ से हमारी कई हजार किलोमीटर लंबी सीमा है। महमूद ने कहा कि पड़ोसी के साथ अच्छे रिश्तों के बिना बांग्लादेश में शांति और स्थिरता बनाए रखना मुश्किल होगा। व्यापक पैमाने पर ऐसा माना जा रहा है कि सोशल मीडिया पर भारतीय उत्पादों के बहिष्कार के अभियान को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का समर्थन प्राप्त है, क्योंकि भारत ने 7 जनवरी को हुए चुनाव में हसीना की अवामी लीग का समर्थन किया था।

महमूद ने इस अभियान के लिए सीधे तौर पर बीएनपी को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उन्होंने घरेलू बाजार में संकट पैदा करने और बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने के लिए इसे शुरू किया। मंत्री ने अभियान को पूरी तरह असफलत बताते हुए कहा कि अगर बीएनपी दोबारा इस तरह का आह्वान करेगी तो पार्टी और अलग-थलग पड़ जाएगी।

# तनावपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए 23 अरब का पैकेज जारी

इस्लामाबाद, एजेंसी

• पीओके में पुलिस और मानवाधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प



पाकिस्तान के कब्जे (पीओके) वाले कश्मीर में गेहूं के आटे, बिजली की ऊंची कीमतों और अधिक कर के खिलाफ शुरू की गई पूर्ण हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही। जिसके चलते देश की सरकार को क्षेत्र में बढ़ती अशांति को खत्म करने के लिए तत्काल 23 अरब रुपये आवंटित करने पड़े। विवादित क्षेत्र में सोमवार को भी पुलिस और मानवाधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें जारी रहीं।

बता दें कि दो दिन पूर्व एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे। घायलों में ज्यादातर पुलिसकर्मी थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि वह स्थिति को लेकर काफी चिंतित हैं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों व क्षेत्रीय सरकार के बीच गतिरोध समाप्त होने के बाद, क्षेत्र के लिए तत्काल 23 अरब रुपये प्रदान करने को सोमवार को मंजूरी दी।

पीएमओ ने एक बयान में कहा कि अप्रत्याशित विरोध और इसकी संवेदनशीलता से चिंतित प्रधानमंत्री शरीफ ने सोमवार को यहां एक विशेष बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें पीओके के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक, स्थानीय मंत्री और शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने भाग लिया। बैठक में संघीय मंत्रियों और गठबंधन दलों के नेताओं ने भी हिस्सा लिया, बैठक में स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। पीएमओ ने कहा कि नेताओं और सभी प्रतिभागियों ने शहबाज के फैसले की सराहना की।

### राष्ट्रपति ने कहा- आपसी परामर्श से मुद्दों का हल निकालें

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सभी हितधारकों से संयम बरतने और बातचीत तथा आपसी परामर्श के माध्यम से मुद्दों को हल करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राजनीतिक दलों, राज्य संस्थानों और क्षेत्र के लोगों को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए ताकि विरोधी अपने लाभ के लिए स्थिति का फायदा न उठा सकें। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि कानून के अनुसार क्षेत्र के लोगों की मांग को पूरा किया जाना चाहिए। वह मौजूदा स्थिति से बाहर निकलने का रास्ता तलाशने के लिए प्रधानमंत्री शरीफ से इन मुद्दों पर चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति ने वर्तमान स्थिति पर खेद व्यक्त किया।

## पैराग्लाइडिंग


मनाली व लाहौल घूमने गए पर्यटकों ने ठंडे मौसम का खूब लुत्फ उठाया। एक पर्यटक मनाली के सोलंग वैली में पैराग्लाइडिंग करता हुआ। • एजेंसी

# लावारिस कुत्ते के हत्यारे की सूचना देने वाले को 50 हजार का इनाम

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में बीते 9 मई को कुत्ते की हत्या करने वाले आरोपी की सूचना देने वाले को पेटा इंडिया ने 50 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

इस भयावह घटना ने स्थानीय लोगों और पशु अधिकार कार्यकर्ताओं के एक वर्ग को चिंता में डाल दिया है, क्योंकि कुत्ते के क्षत-विक्षत शरीर की कुछ तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। पेटा इंडिया ने एक बयान में कहा कि यह भयावह फुटेज स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि कुत्ते ने अपनी दुखद मौत से पहले कितनी पीड़ा झेली। पेटा इंडिया की पशु आपातकालीन हेल्पलाइन 9820122602 या वेबसाइट पर संपर्क कर सकता है।

# चीन पर देश को गुमराह कर रही कांग्रेस

मुंबई, एजेंसी

• नेहरू द्वारा की गई गलतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जिम्मेदार ठहराना गलत



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस चीन पर टिप्पणी करते समय प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा की गई गलतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जिम्मेदार ठहराती है, और ऐसे दिखाती है कि उसका कोई दोष नहीं है। लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में चीनी अतिक्रमण को लेकर जयशंकर ने कहा कि चीन ने 1958 और 1962 में भारतीय जमीन पर कब्जा किया था और कुछ पर तो 1958 से पहले कब्जा किया था।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए जयशंकर ने कहा कि अपने ही बलों का मनोबल गिराना बहुत ही दुखद बात है। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि जब आप कहते रहते हैं कि चीन ने जमीन ले ली तो वह जमीन तो 1962 में ही चली गई थी। मैं देखता हूं कि देश को गुमराह करने की कोशिशें की जा रही हैं।

चीन और भारत के संबंधों में असहजता देखी जा रही है, खासकर जून 2020 की गलवान घाटी की घटना के बाद रिश्तों में गतिरोध आया जब चीनी और भारतीय सैनिक आपस में भिड़ गए थे, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों के सैनिक हताहत हुए। तब से भारत-चीन संबंध असामान्य स्थिति में हैं और दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपने सैनिकों को तैनात किया है।

### निज्जर मामले में ऐसा कुछ मिला नहीं जो काम का हो

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा द्वारा चौथी गिरफ्तारी किए जाने को लेकर सोमवार को कहा कि भारत को कभी ऐसा कुछ नहीं मिला जो उसकी जांच एजेंसियों के लिए विशिष्ट या काम का हो। उन्होंने कहा कि अगर कनाडा के पास किसी भी हिंसा से संबंधित कोई ऐसा साक्ष्य या जानकारी है जो भारत में जांच के लिए प्रासंगिक है तो नई दिल्ली जांच के लिए तैयार है। विदेश मंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रक्रिया के तहत जब विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया जाता है तो उनके मूल देश की सरकार या दूतावास को सूचित किया जाता है।

# मालदीव की फिर मदद बॉण्ड की अवधि बढ़ाई

माले, एजेंसी

• पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉण्ड को एक और वर्ष के लिए बढ़ाया

भारत ने सद्भावना दिखाते हुए मालदीव सरकार के विशेष अनुरोध पर पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉण्ड को एक और वर्ष के लिए बढ़ाकर द्विपीय देश को महत्वपूर्ण बजटीय सहायता देने का निर्णय लिया है। भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉण्ड की मियाद एक और वर्ष के लिए बढ़ा दी है।

मालदीव के राष्ट्रपति और चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू के छह महीने पहले पदभार संभालने के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के बावजूद भारत सरकार ने यह निर्णय लिया। एसबीआई सरकारी स्तर पर इन सरकारी बॉण्ड का ग्राहक बनता है। बयान में कहा गया है कि भारत सरकार से बजटीय समर्थन हासिल करने के मालदीव सरकार के विशेष अनुरोध पर अवधि बढ़ाने का फैसला किया गया। मालदीव सरकार ने सोमवार को भारत को उसके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

विदेश मंत्री मूसा जमीर ने ट्वीट किया कि मैं पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉण्ड के साथ मालदीव को महत्वपूर्ण बजटीय सहायता देने के लिए विदेश मंत्री जयशंकर और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं। यह सद्भावना का एक सच्चा संकेत है जो मालदीव और भारत के बीच दीर्घकालिक मित्रता का प्रतीक है।

शोध | मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने किया खुलासा

# भारी बर्फबारी व बारिश बन सकती है भूकंप का कारण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पृथ्वी के गर्भ में टेक्टोनिक प्लेटों के खिसकने व दबाव से ही नहीं, बल्कि भारी बर्फबारी व बारिश भी विनाशकारी भूकंप का कारण हो सकती है। जापान के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के वैज्ञानिकों के द्वारा किये गए ताजा शोध में इस जानकारी का खुलासा हुआ है।

ज्ञात है कि 1 जनवरी, 2024 को जापान के नोटो प्रायद्वीप पर आए भूकंप के बाद यह शोध किया गया। दरअसल 2020 के अंत में जापान के नोटो प्रायद्वीप पर एक के बाद एक भूकंप आना शुरू हो गया था। जिनका कारण जानने के लिए जलवायु को आधार बनाया गया। शोध में भूकंप और भारी बर्फबारी व बारिश की अवधि के बीच परस्पर संबंध पाया गया है।


जापान से सटा समुद्री क्षेत्र।

दरअसल बर्फ और बारिश से उपसतह चट्टान की दरारों में दबाव बढ़ जाता है, जो निरंतर भूकंप के निर्माण में योगदान देता है। सामान्य तौर पर माना जाता है कि भूकंप तब आते हैं जब पृथ्वी की सतह के नीचे हलचल होती है, जो टेक्टोनिक प्लेटों के खिसकने व भ्रंश के कारण घटित होते हैं। मगर नए शोध से पता चला है कि कई अन्य कारणों से भी भूकंप उत्पन्न हो सकते हैं। शोध में पिछले कुछ वर्षों में जापान में आए भूकंपों पर केंद्रित किया गया है।

वैज्ञानिकों के अनुसार जापान के नोटो प्रायद्वीप के उत्तरपूर्वी क्षेत्र में क्रस्टल भूकंपों का निरंतर आना आश्चर्यजनक है। यह क्षेत्र प्रशांत और फिलीपीन प्लेटों की प्लेट सीमाओं से बहुत दूर है। इस क्षेत्र में प्रति दिन सैकड़ों भूकंप आते है। जापान के द्वीपों में अंतर्देशीय क्रस्टल भूकंप मुख्य रूप से अपेक्षाकृत उथली गहराई पर होते हैं और भूकंप लगभग 15 किमी की गहराई पर शुरू होते हैं। शोधकर्ताओं ने 8 मई को साइंस एडवांसेज में ये निष्कर्ष प्रकाशित किया है।

### अन्य क्षेत्रों में भी प्रभाव डाल सकती है बर्फबारी व वर्षा

**नैनीताल।** शोधकर्ता वैज्ञानिक विलियम फ्रैंक के अनुसार इस शोध से पता चलता है कि पृथ्वी के अन्य हिस्सों में भारी बर्फबारी व बारिश भूकंपीय प्रभाव डाल सकती है। पर्यावरणीय घटनाएं भूमिगत तनाव की स्थिति को प्रभावित करती है। लिहाजा जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पर्यावरण संतुलन बेहद जरूरी है।

# पूर्व जज ने पुलिस पर लगाया अनावश्यक कार्रवाई का आरोप

कोलकाता, एजेंसी

• गंगोपाध्याय ने उच्च न्यायालय का किया रुख

पूर्व न्यायाधीश एवं पश्चिम बंगाल की तमलुक लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर पुलिस पर उनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर अनावश्यक कार्रवाई करने का आरोप लगाया।

गंगोपाध्याय जब अपना नामांकन पत्र दाखिल करने गए थे, उस समय एक प्रदर्शन के संबंध में उनके खिलाफ हत्या के प्रयास का यह मामला दर्ज किया गया था। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की अदालत में इस मामले का जिक्र किया गया और उन्होंने निर्देश दिया कि याचिका पर सुनवाई मंगलवार को की जाएगी। गंगोपाध्याय के वकील राजदीप मजूमदार ने पुलिस पर दुर्भावनापूर्ण और अनावश्यक कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए अदालत के समक्ष कहा कि उनके मुवक्किल को चुनाव प्रचार करने से रोकने के लिए प्राथमिकी दर्ज की है।

गंगोपाध्याय 4 मई को जब अपना नामांकन पत्र दाखिल करने गए थे तब तृणमूल कांग्रेस से संबद्ध किसी शिक्षक संगठन से जुड़े होने का दावा करने वाले कुछ लोगों द्वारा उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए जाने की कथित घटना सामने आई थी। गंगोपाध्याय के वकील ने दावा किया कि कुछ लोगों ने पूर्व मेदिनीपुर जिलाधिकारी कार्यालय के पास आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों का विरोध किया। मजूमदार ने कहा कि पूर्व न्यायाधीश जिलाधिकारी के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करने गए थे और उनका इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है।